वर्ष-31, अंक- 326, पृष्ठ-16 | आश्विन कृष्ण पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
12 सितंबर 2025

मूल्य 2 रु.

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पेज 14

## एक नजर

### पीएम मोदी आज करेंगे ज्ञान भारतम पोर्टल लॉन्च

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 सितंबर को भारत की पांडुलिपि धरोहर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करेंगे और साथ ही 'ज्ञान भारतम' पोर्टल की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह विशेष डिजिटल प्लेटफॉर्म पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण और आम लोगों की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है।यह तीन दिवसीय सम्मेलन गुरुवार से विज्ञान भवन में शुरू हुआ है। इसका विषय है - 'पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत की ज्ञान परंपरा को पुनः स्थापित करना'। इस सम्मेलन में विद्वान, संरक्षण विशेषज्ञ, तकनीकी विशेषज्ञ और नीति निर्धारक एक साथ मिलकर भारत की अनमोल पांडुलिपि संपदा को पुनर्जीवित करने के रास्तों पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि इसे वैश्विक ज्ञान संवाद का केंद्र बनाया जा सके।

### छत्तीसगढ़ में 10 माओवादी ढेर

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराए जाने की खबर सामने आई है।इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी कमांडर भी मारा गया है। रायपुर रेंज के इंस्पेक्टर जनरल अमरेश मिश्रा ने बताया जब सुरक्षाबल के जवान माओवाद-विरोधी अभियान पर निकले थे, तो मैनपुर थाना क्षेत्र के जंगल में छुपे माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई थी। रुक-रुक गोलाबारी में अब तक 10 माओवादियों को मार गिराया गया है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## आज / कल





## मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र, कहा-

# नियुक्तियों का सिलसिला जारी रहेगा

- मुख्यमंत्री ने जेटीडीसी का लोगो व वेबसाइट का भी किया शुभारंभ
- राज्य की बेहतरी के लिए पूरी निष्ठा एवं कुशलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का करें निर्वहन
- नगरीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर नागरिक सुविधा तथा सेवा देने की दिशा में लगातार हो रहा प्रयास
- पर्यटन को बढ़ावा मिलने से रोजगार के नए अवसर भी होंगे सृजित : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**





### समारोह के अहम तथ्य

- नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों के लिए चयनित 19 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र।
- पर्यटन, कला -संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के अंतर्गत झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो तथा वेबसाइट का अनावरण।
- राज्य कलाकारों को डिजिटल प्लेटफार्म से जोड़ने के लिए सांस्कृतिक दल प्रबंधन प्रणाली (सीटीएमएस) एप्लीकेशन का शुभारंभ।
- होटल प्रबंधन संस्थान, बॉम्बे, रांची की ओर से झारखंडी व्यंजन पर आधारित पुस्तक "झारखंड का स्वाद" का विमोचन।

### पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुदरत ने झारखंड को ना सिर्फ खनिज संपदा, बल्कि प्राकृतिक सौंदर्य का भी अनोखा उपहार दिया है। झारखंड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं , लेकिन कहीं ना कहीं किसी न किसी कारण से यह क्षेत्र अब तक विकास से अछूता रहा था। लेकिन, हमारी सरकार अपने राज्य की समृद्ध सामाजिक सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक खूबसूरती को देश- दुनिया के मानचित्र पर पहचान दिलाने का प्रयास कर रही है । मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इसी कड़ी में आज पर्यटन विभाग से जुड़े "लोगो" एवं वेबसाइट का अनावरण किया गया है। इसके माध्यम से हम ना सिर्फ झारखंड के खूबसूरत पर्यटक स्थलों को दुनिया के सामने दिखा सकते हैं, बल्कि सैलानियों को भी आकर्षित करने में कामयाब होंगे।

**रांची।** झारखंड राज्य को मजबूत और बेहतर बनाने की दिशा में हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है । इस कड़ी में नियुक्तियों के साथ-साथ सभी सेक्टरों में लगातार कार्य हो रहे हैं। राज्य का सर्वांगीण विकास हमारी प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत नवचयनित अभ्यर्थियों के लिए आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह तथा झारखंड पर्यटन एवं झारखंड टूरिज्म डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के लोगो एवं वेबसाइट के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ये बातें कही।

**विकास में आपकी अहम जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप आज से सरकार के एक अभिन्न के रूप में जुड़ रहे हैं। राज्य का समुचित विकास हो, इसके लिए आप पूरी निष्ठा और कुशलता के साथ शेष पेज 15 पर...

## डीआईजी ने की गंभीर मामलों की समीक्षा

# त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश पीड़ितों को शीघ्र मिलेगा न्याय



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक नौशाद आलम ने आज अपने कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए तीन विशिष्ट कांडों में अनुसंधान अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राइमरी स्तर पर लंबित मामलों का निष्पादन करना पुलिस की जवाबदेही है, जिससे प्रभावितों को समय पर न्याय मिल सके और जनता का पुलिस प्रशासन पर विश्वास स्थिर हो सके। पहला मामला है एससी/एसटी थाना, पलामू का (कांड संख्या 07/2019, जिसमें धारा 147, 148, 149, 323, 307, 504, 447 भादंवि के साथ-साथ एससी/एसटी अधिनियम की उपधाराएँ 3(i)(द)/3(i)(ध) शामिल हैं। इस मामले के अनुसंधानकर्ता आलोक कुमार टुटी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विश्रामपुर हैं। डीआईजी ने उन्हें निर्देश दिया है कि गवाहों के बयान शीघ्र रिकॉर्ड करें और चार्जशीट तैयार करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाए। दूसरा मामला पांकी थाना कांड संख्या 139/2020 जो आर्थिक अपराधों जैसे धोखाधड़ी और विश्वासघात से संबंधित है। इस मामले के अनुसंधानकर्ता पु.नि. सुरेश राम, अनुसंधान विंग, पलामू एवं निगरानी अधिकारी मनोज कुमार झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लेस्लीगंज हैं। डीआईजी ने इन अधिकारियों को कहा कि साक्ष्यों को प्रौद्योगिकीय एवं दस्तावेजी रूप से सुदृढ़ करें और दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित हो। तीसरा मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 94/2024 हत्या से संबंधित है, जिसमें धारा 302/34 भादंवि लागू है। अनुसंधानकर्ता क्षितिस कुमार सोनी और थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा को शेष पेज 15 पर...

## वोटर आईडी मामले में सोनिया गांधी को मिली बड़ी राहत

# कोर्ट ने खारिज की एफआईआर याचिका



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दरअसल, राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। याचिका में दावा किया गया कि सोनिया गांधी का नाम भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में जोड़ा गया था। यह याचिका विकास त्रिपाठी नामक शख्स ने दायर की थी, जिसमें उनके भारतीय नागरिक बनने से तीन साल पहले मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप में FIR दर्ज करने की मांग की गई थी। विकास त्रिपाठी की तरफ से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था, जबकि वह अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनी थीं। त्रिपाठी ने आरोप लगाया था कि सोनिया गांधी का नाम 1980 में मतदाता सूची में शामिल किया गया था, 1982 में हटाया गया और फिर 1983 में फिर से जोड़ा गया। बता दें कि, कुछ दिनों पहले भाजपा ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी पर गंभीर आरोप लगाया था कि उनका नाम भारतीय नागरिक बनने से पहले ही वोटर लिस्ट में शामिल कर दिया गया था। पार्टी का दावा था कि यह घटना 45 साल पहले की है, जब सोनिया गांधी का नाम 1980 से 1982 तक दिल्ली की मतदाता सूची में था, जबकि उन्हें भारतीय नागरिकता 1983 में मिली थी। यह आरोप उस समय सामने आया, जब कांग्रेस भाजपा और चुनाव आयोग पर पिछले साल के चुनावों में 'वोट चोरी' के आरोप लगा रही है।

# मंत्री इरफान अंसारी व पूर्व सांसद फुरकान अंसारी को राहत, 10 साल पुराने केस में बरी



**दुमका।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और उनके पिता पूर्व सांसद फुकरान अंसारी को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दुमका की एक अदालत ने किरायेदार से मकान खाली कराने से संबंधित दस साल पुराने मामले में इन दोनों के समेत तीन लोगों को समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का फैसला सुनाया। दुमका के अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी सह सांसद, विधायक की विशेष अदालत के न्यायाधीश मोहित चौधरी की अदालत में गुरुवार को परिवाद वाद (पीसीआर ) संख्या 110/2022 में सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के अदालत ने सुलह समझौते के आधार पर साक्ष्य के अभाव में नामजद आरोपी झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह जामताड़ा के कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी, उनके पिता पूर्व सांसद फुरकान अंसारी और सत्तार करम को रिहा करने का फैसला सुनाया। इस मामले में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी समेत तीन अन्य की ओर से अधिवक्ता मोहम्मद राजा खान ने बहस में हिस्सा लिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता से मिली जानकारी के अनुसार देवघर जिले के मधुपुर के रहने वाले मो मकबुल हुसैन की ओर से मधुपुर कोर्ट में तीनों के विरुद्ध 2015 में किराये का घर खाली कराने के विवाद को लेकर परिवाद वाद दाखिल किया गया था। देवघर जिले के मधुपुर न्यायालय में कई वर्षों तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद इस मामले को 2022 में दुमका की एमपी, एमएलए की विशेष अदालत में स्थानांतरित किया गया । इस मामले में चली सुनवाई के बाद गुरुवार को उक्त न्यायालय द्वारा यह फैसला सुनाया गया।

शेष पेज 15 पर...

# सियाचिन में शहीद हुए अग्निवीर नीरज कुमार का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता**



**देवघर।** लद्दाख के सियाचिन ग्लेशियर में शहीद हुए झारखंड निवासी भारतीय सेना के 'अग्निवीर' नीरज कुमार चौधरी का गुरुवार को देवघर जिले के कजरा गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर जब गांव पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन को हजारों लोग उमड़ पड़े। उनका पार्थिव शरीर जब घर पर पहुंचा तो परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो उठा। शहीद को गांव के टंडेरी घाट पर अंतिम संस्कार के समय सेना के जवानों ने 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। इस दौरान उपायुक्त नयन प्रियेश लकड़ा, पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डूंगडूंग, एसडीपीओ सत्येंद्र प्रसाद, अंचल अधिकारी यामुन रविदास और नगर प्रशासक सुरेंद्र किस्कु समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।24 वर्षीय नीरज चौधरी लगभग ढाई वर्ष पूर्व भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में भर्ती हुए थे। शहीद के पिता अनिल चौधरी किसान हैं। परिवार ने कहा कि नीरज ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है और उन्हें अपने बेटे पर गर्व है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण और राजनीतिक प्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री हफीजुल हसन के प्रतिनिधि शब्बीर हसन, सारठ विधायक चुन्ना सिंह, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह और राज पलिवार ने शहीद को श्रद्धांजलि दी।

# तेज रफ्तार कार बिजली खंभे से टकराई, एक युवक की मौत, दो घायल

- पाटन के भुड़वा गांव में हुआ हादसा, नशे में धुत चालक से ग्रामीणों ने की हाथापाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के भुड़वा गांव के समीप बुधवार को एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। इस भीषण हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता गांव निवासी दीपक पासवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दीपक अपने दो दोस्तों के साथ भुड़वा गांव स्थित मामा के घर जा रहा था। इसी दौरान गाड़ी तेज रफ्तार में अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से जा टकराई। हादसे के बाद आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार में सवार युवक नशे की हालत में थे, जिससे गुस्साए लोगों ने चालक के साथ हाथापाई भी की। सूचना मिलते ही पाटन पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में ट्रैफिक नियमों की सख्ती से निगरानी और तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण की मांग की है।

## इंडिया

# बेकाबू ट्रैफिक और बेकार साबित होते फ्लाई ओवर एलिवेटेड कॉरिडोर



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड बने 25 साल होने को हैं और अभी युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर झारखंड में कई फ्लाई ओवर बने, रांची में मेट्रो रेल से विकास के एक नए इतिहास की शुरुआत होने वाली है और भी कई फ्लाई ओवर बनाए जाने की पहल हो चुकी है जबकि रातू रोड में एनएचएआई की ओर से बने एलिवेटेड कॉरिडोर से चार मिनट में चार किलोमीटर की दूरी तय हो रही है पर राजधानी रांची के फ्लाई ओवरों के खाली रहने और नीचे पूर्व की तरह जाम लगने से पैदल चलने वालों से लेकर वाहन चालक परेशान हैं और सभी के मन में एक ही सवाल है कि विकल्प मौजूद रहते हुए लोग फ्लाई ओवरों का इस्तेमाल क्यों नहीं हो रहा है ? इसका सबसे बड़ा कारण है राजधानी रांची से लेकर हर छोटे बड़े शहर में ट्रैफिक का कुप्रबंधन जिसमें रांची की स्थिति सबसे ख़राब है। रातू रोड के ओटीसी ग्राउंड से एलिवेटेड कॉरिडोर का चार किलोमाटर का सफ़र कब पूरा हो जाता है पता नहीं चलता पर जैसे से कोई कचहरी के पास बाहर निकलता वहां सडकों से दूर बैठे पुलिसकर्मी या तो निर्लिप्त भाव से मूक दर्शक बने रहते हैं या अनाड़ियों की तरह दोस्ताना अंदाज में बेतरतीब ढंग से भीड़ लगाए ऑटो वालों को हटाने की अपील करते हैं जिसका असर क्षणिक होता है। वहां से लेकर रातू रोड के किशोरी यादव चौक तक मिनी बस और ऑटो वालों का राज सदियों से चलता था आज भी चलता है जिससे आधा किलोमीटर का सफ़र आधे घंटे से एक घंटे में पूरा होता है जिस कारण लोग एलिवेटेड कॉरिडोर के बजाय हमेशा जाम रहने वाले रातू रोड में चलना पसंद करते हैं जिससे इस कॉरिडोर को बनाने में आई लगभग 558 करोड़ रुपये की लागत की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं । कौन और क्यों परमिट बिना परमिट चलने वाले इन हजारों ऑटो,नगर बस सेवा के नाम पर चलने वाली मिनी बसों और इरिक्शा के मनमाने ढंग से सड़क पर पार्किंग पर रोक लगाएगा इस सवाल से बड़ा सवाल यह है कि इन्हें संरक्षण कौन दे रहा है जिस कारण ये मनमानी कर रहे हैं ? पूर्व ट्रैफिक एसपी जो अभी प्रशिक्षण के लिए गए हैं जाम मानने के लिए तैयार ही नहीं थे आसपास तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का कहना है कि अभी तक चालान काटने के लिए पीओएस मशीन नहीं मिली है जिस कारण अवैध पार्किंग से लोग डरते नहीं और उनको खदेड़ने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है ! रांची के कुछ अन्य फ्लाई ओवर जहां जाम लगता था बहुत अंतर नहीं आया जिसकी समीक्षा अधिकारीयों को करनी चाहिए ।यही हाल धनबाद,डाल्टनगंज जैसे शहरों का है जहां फ्लाई ओवरों के निर्माण के बाद भी ट्रैफिक व्यवस्था सुगम नहीं हुई। राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,अर्जुन मुंडा,मधु कोड़ा,रघुवर दास सभी के कार्यकाल भी जाम की समस्या थी जिस समय कुछ बड़े व्यवसायियों से मिलने का अवसर मिला था जो बड़े निवेश के प्रस्ताव की संभावनाओं की तलाश में आए थे उनमें से एक बड़े उद्योगपति ने रात में सीएम आवास में बताया था कि उन्हें जितनी देर अपने होटल से सीएम आवास आने में लगी उतनी देर में वे अपने चार्टर्ड प्लेन से वापस कोलकाता जा सकते थे जहां से उन्हें तड़के न्यूयॉर्क जाना था ! दुखी होकर उन्होंने जो आशंका व्यक्त की थी उस पर सभी झारखंडियों को विचार करना चाहिए,उनके शब्द थे – "जब तक झारखंड के लोग समय का महत्व नहीं समझेंगे तब तक ये राज्य आगे नहीं बाधा सकता !" घंटों घंटों का जाम जहां भी लगता है अधिकारियों को समीक्षा करनी चाहिए और उन कारणों को दूर करना चाहिए जैसे सडकों के बीच खड़े बिजली के पोल,गढ्ढे और दुकानें !





## फिर बदल गया झारखंड का मौसम

# रांची में झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद झारखंड में फिर से मॉनसून ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के पूर्वनुमान के अनुसार, अगले 7 दिनों तक कई जिलों में बारिश का अपडेट जारी किया गया था। अपडेट के अनुसार ही गुरुवार को रांची में जमकर बारिश की शुरूआत हुई है। पूरे रांची में लगातार झमाझम बारिश हो रही है। तेज बारिश के कारण रांची के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

**अगले 7 दिन झमाझम बारिश होगी :** जून, जुलाई, अगस्त में भारी बारिश के कारण झारखंड पानी-पानी हो गया था। हालांकि, सितंबर की शुरुआत के बाद से मॉनसून की धार कम हुई है, लेकिन एक बार फिर से बारिश की शुरुआत हो गई है। रांची समेत कई जिलों में तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने अपडेट जारी करते हुए बताया है कि अगले 7 दिनों तक यानि 16 सितंबर तक झारखंड के कई जिलों में तेज बारिश होगी और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। बता दें कि पंजाब, बिहार और कई राज्यों में भारी बारिश के कारण बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है। तेज बारिश के कारण डैम और नदियों में पानी ज्यादा होने का कारण कई इलाके डूब गए हैं। इसी तरह की स्थिति पहले झारखंड में भी बनी हुई थी। भारी बारिश के कारण झारखंड के कई इलाके पानी से लबालब हो गए थे।

## पांकी में उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक में ग्राहक के साथ धोखाधड़ी




**पांकी।** गजबोर स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक के ग्राहक के साथ धोखाधड़ी का मामला उजागर हुआ है। बैंक कर्मियों के द्वारा लोन की राशि खत्म कराने नो ड्यूज को लेकर 3 माह पूर्व ही पैसे लेने के बावजूद आज तक उनका लोन समाप्त नहीं हो पाया है। प्रखंड के केलहवा पंचायत के बोरोदीरी गांव निवासी लीलावती देवी से लगभग तीन माह पूर्व बैंक कर्मियों के द्वारा उनका लोन क्लियर करवाने हेतु 21,012 रुपए पैसे की मांग की गई। महिला के पुत्र ने बैंक पहुंच कर 21,012 रुपए जमा भी कर दिए। लेकिन इसके अगले महीने से ही बैंक द्वारा कॉल आता है और फिर से पुनः पैसे की मांग ग्राहक से की जाती है। उन्होंने बताया कि पैसे जमा कर दिए, जिसके बावजूद बैंक के द्वारा पैसे की मांग की जा रही है। जिससे वे बेहद परेशान है। उन्होंने बताया कि शाखा प्रबंधक एंव कैशियर के समक्ष पैसे जमा हुए। जिसका प्रमाण भी उनके पास है। बावजूद उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया गया। इस मामले में शाखा प्रबंधक प्रभात कुमार ने बताया कि कुछ कर्मियों की गलती से ऐसा हुआ है, मामले की जानकारी उन्हें कल ही मिली है। शाखा को ईमेल किया गया है, लाभुक को रशीद दिया जाएगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आक्रोश प्रदर्शन




**पांकी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष गुरुवार की दोपहर पांकी प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्नसिंह के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया एवं महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन प्रखंड कार्यालय में सौंपा। इस दौरान मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, जिला महामंत्री विजय ठाकुर, महामंत्री श्याम नंदन ओझा, सांसद प्रतिनिधि सत्य प्रकाश पांडे, विधायक प्रतिनिधि मिन्टी वर्मा, राजेंद्र यादव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकतार्ओं ने बताया कि सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने एवं नगड़ी के रैयतों को रिम्स-2 के नाम पर छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने की पुरजोर मांग की। आक्रोश प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकतार्ओं ने यह भी बताया कि हेमंत सरकार में राज्य की स्थिति दिनों दिन बदतर होती जा रही है। राज्य की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। एक तरफ राज्य में आदिवासियों की हत्याएं हो रही है, वहीं दूसरी तरफ आदिवासी रैयतों की नगड़ी में खेतिहर जमीन को रिम्स-2 के नाम पर उजाड़ने पर अड़ी हुई है। भाजपा कार्यकतार्ओं ने राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। मौके पर प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेता साधु मांझी, लोरिक सिंह, कुंदन सिंह, शंकर गुप्ता, रीमा शमार्, कार्तिक सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 14 सितंबर को विहिप व बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग



**हैदरनगर।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल हरीनगर (हैदरनगर) इकाई की ओर से 14 सितंबर रविवार को स्थानीय प्रसिद्ध सिद्धपीठ देवीधाम परिसर में एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जायेगा। इस प्रशिक्षण वर्ग में पलामू जिले के विभिन्न प्रखंडों से 300 से अधिक कार्यकर्ता को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। आयोजक समिति ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में विशेष रुप से विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सेवा समिति के सदस्य (गौरक्षक) त्रिलोकी नाथ बागी व प्रदेश सेवा टोली सदस्य सह जिला पालक दामोदर मिश्रा मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहेंगे। साथ ही जिला मंत्री अमित तिवारी, जिला संयोजक संदीप दास सहित अन्य प्रमुख पदाधिकारी भी भाग लेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर कार्यकतार्ओं ने गुरुवार को बैठक की। जिसमें मुख्य रुप से देवदत्त जी, धनंजय जी, संतोष सिंह, डॉ. अजय जयसवाल, अविराज, विवेक दुबे, रंजन, अविरंजन, गौतम, अर्चित, हरिओम, विवेक सिंह, पिंटू, चंदन, अमरदीप, मन्नू, पीयूष, सुजीत सहित कई कार्यकर्ता ने उपस्थित होकर तन मन धन से इस प्रशिक्षण वर्ग को सफल बनाने का संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम की रुपरेखा में अल्पाहार प्रातः 10 से 11 बजे, उद्घाटन सत्र 11 से 11. 50 बजे, शारीरिक अभ्यास दोपहर 12 से 1. 30 बजे तक होगा। इसके बाद भोजन 1. 30 से 2. 30 बजे तक किए जाने के बाद दूसरी बेला में अभ्यास सत्र 2. 30 से 3. 30, वैदिक सत्र 3. 45 से 4. 30 बजे तक करने के बाद कार्यक्रम का समापन जलपान के साथ होगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए तैयारियां जोर शोर से शुरू की गई है। यह प्रशिक्षण वर्ग संगठन को और अधिक सशक्त व अनुशासित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

### भ्रष्टाचार, भूमि घोटाला व फर्जी मुठभेड़ के विरोध में बीजेपी का आक्रोश प्रदर्शन

# सरकार आदिवासी व किसान विरोधी नीतियों पर कर रही काम : बीजेपी

नवीन मेल संवाददाता



**हैदरनगर।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतार्ओं ने गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय हैदरनगर में जोरदार आक्रोश प्रदर्शन किया। भाजपा झारखंड प्रदेश निर्देश पर आयोजित प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य राज्य में व्याप्त बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार, रिम्स- 2 परियोजना के नाम पर आदिवासी किसानों की कृषि योग्य रैयती भूमि हड़पने व सूर्य हंसदा के फर्जी मुठभेड़ जैसे मुद्दों पर सरकार की चुप्पी के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। आक्रोश प्रदर्शन की अगुवाई भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मंत्री सोमेश सिंह, भाजपा नेता सह बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, सरयू गुप्ता, संजय सिंह, दिलीप पाल, उमेश चंद्र शिव, पप्पू सिंह, विनोद पांडेय समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार गरीब, आदिवासी और किसान विरोधी नीतियों पर काम कर रही है। रैयती जमीन हड़प कर रिम्स-2 जैसी परियोजनाओं के नाम पर आदिवासियों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। साथ ही निर्दोष युवक सूर्य हंसदा का फर्जी मुठभेड़ कराकर सरकार ने लोकतंत्र और कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा किया है। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इन मुद्दों पर यथाशीघ्र ठोस कदम नहीं उठाती है तो भाजपा बड़े स्तर पर आंदोलन छेड़ेगी। प्रदर्शन में शामिल नेताओं ने अंत में इस संबध में एक ज्ञापन हैदरनगर के प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा को सौंपा है।

### सरकार के खिलाफ भाजपा का रोषपूर्ण प्रदर्शन

हुसैनाबाद (पलामू)। राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार रिम्स-टू के नाम पर आदिवासियों की कृषि योग्य रैयत जमीन को हड़पने एवं सूर्य हंसदा के फर्जी एनकाउंटर जैसे मुद्दों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समक्ष भारतीय जनता पार्टी ने अक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार वर्मा को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने झारखंड सरकार की नीतियों और भ्रष्टाचार के खिलाफ तीखा हमला बोला एवं विरोध में जमकर नारेबाजी की। वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह ने कहा कि राज्य सरकार से जनता का भरोसा टूट चुका है। राज्य के अंदर हत्या, लूट, बलात्कार और छिनतई की घटनाएं आम हो रही हैं। पुलिस प्रशासन बिल्कुल नाकाम साबित हो रही है। सूर्या हंसदा जैसे समाजसेवी को अपराधी बता कर एनकाउंटर कर दिया गया।

## निमार्णाधीन आंगनबाड़ी की दीवार को असामाजिक तत्वों ने किया ध्वस्त



**पांकी।** प्रखंड के माड़न पंचायत के महावीर टोला में जिला परिषद मद से निमार्णाधीन आंगनबाड़ी भवन के दीवारों को बुधवार की रात्रि असामाजिक तत्वों के द्वारा पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए स्थानीय संवेदक ने बताया कि महावीर टोला में आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। भवन के दो तरफ लगभग 7 फीट ऊंची एवं दो तरफ लगभग तीन से चार फीट ऊंची दीवार को तैयार किया गया जा चुका था, जिसे बुधवार की रात्रि अज्ञात लोगों के द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। जिसकी जानकारी गुरुवार की सुबह स्थानीय ग्रामीणों द्वारा उन्हें प्राप्त हुई एवं इस घटना से उन्हें हजारों की आर्थिक क्षति हुई है। संवेदक के द्वारा पांकी थाना को मामले की जानकारी दे दी गई है।

## साप्ताहिक बाजार का जलमीनार कई माह से खराब

**मोहम्मदगंज।** रविवारीय साप्ताहिक बाजार प्रांगण में स्थापित जलमीनार कई माह से खराब पड़ा है। बावजूद इसके इसकी मरम्मती को लेकर सुधि नहीं ली जा रही है। आसपास के लोगों ने बताया कि जब से जलमीनार स्थापित हुआ है,बनता बिगड़ता रहता है। पता चला है कि अब इसका मोटर ही जल गया है। हालांकि कुछ माह पूर्व इसका चापानल मरम्मती के बाद चालू है। इससे आम दिनों में पानी की जरूरत पूरी हो जाती है। मगर जलमीनार के खराब रहने से रविवार को बाजार के दिन लोगों के लिए पेयजल की जरूरत पूरी होना मुश्किल होता है। वैसे,भी बाजार प्रांगण में ही दशगात्र की रस्म अदायगी होती है, तब भी लोगों को ज्यादा पानी की जरूरत स्नानादि को लेकर होती है। खासकर, गर्मी के मौसम में जब कोयल व काशीस्रोत नदी में जलप्रवाह कम पड़ जाती है। इसके अलावा कब्रिस्तान भी पास में ही स्थित है। जब किसी को सुपुर्द-ए- खाक की रस्म अदायगी किया जाता है,तब भी लोगों को पानी की जरूरत बताई जाती है।

## प्रिंट रेट से अधिक कीमत पर बिक रही है शराब

- विभागीय मिली भगत पर उठ रहे सवाल

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद (पलामू)।** उत्पाद विभाग की ओर से बंदोबस्ती पर संचालित शराब दुकानों में खुलेआम मनमानी की जा रही है। ग्राहकों से शराब की बिक्री प्रिंट रेट से कहीं अधिक दाम पर की जा रही है। यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा है, लेकिन विभाग की चुप्पी ने पूरे मामले पर सवाल खड़े कर दिए हैं। आलम यह है कि दुकानों में प्रति बोतल 20 से 30 रुपये तक अतिरिक्त वसूली की जा रही है। मूल्य चार्ट दुकानों में टंगा जरूर है, लेकिन उसकी कोई अहमियत नहीं हैं। दुकानदार खुलेआम तालिका को नजरअंदाज कर ग्राहकों से मनमाना पैसा वसूल रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि आए दिन ग्राहकों और दुकानदारों के बीच नोकझोंक की नौबत आती रहती है। ग्राहकों की शिकायत के बावजूद विभागीय कार्रवाई नहीं होने से शराब कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। यही वजह है कि यह मुनाफाखोरी हर दुकान में धड़ल्ले से जारी है। ग्राहक को किंगफिशर बीयर प्रिंट मूल्य से अधिक दर पर खरीदनी पड़ी। इतना ही नहीं, दुकानदार नगद के साथ-साथ ऑनलाइन भुगतान पर भी अतिरिक्त रकम वसूलने से नहीं चूकते। दुकानदार ने एक ग्राहक से दो अदद किंगफिशर बीयर के लिए 280 रुपये की जगह 340 रुपये का भुगतान ऑनलाइन ले लिया। लोगों का कहना है कि विभाग की नाकामी और मिलीभगत के कारण शराब दुकानदार खुले आम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सवाल यह है कि जब विभाग की ओर से तय मूल्य सूची ही लागू नहीं हो रही, तो नियंत्रण और निगरानी व्यवस्था का क्या औचित्य है।

## अनाधिकृत रूप से घूमते 28 लोग गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के सोननगर-गढ़वा रोड रेल खंड के जपला रेलवे स्टेशन पर रेल मजिस्ट्रेट के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीना के नेतृत्व में अधिकारी व स्टाफ द्वारा यात्री सुरक्षा को लेकर महिला व दिव्यांग कोच और स्टेशन परिसर में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान में रेल अधिनियम के तहत महिला व दिव्यांग कोच व स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमते हुए 28 लोगों को गिरफ्तार किया। आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि यात्री सुरक्षा को लेकर आरपीएफ पुलिस सजग है। अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले और स्टेशन परिसर में अनाधिकृत रूप से घूमने वाले व प्लेटफार्म परिसर में रील बनाने के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में डेहरी-बरवाडीह शटल पैसेंजर व विभिन्न ट्रेनों के महिला एवम दिव्यांग कोच से 24 व स्टेशन परिसर व जनरल कोच में अनाधिकृत रूप से समान बेचते 4 भेंडर को गिरफ्तार कर रेलवे एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक दंडाधिकारी डाल्टनगंज को अग्रसारित किया गया है। उन्होंने बताया कि न्यायालय ने सभी को जुर्माना देने के उपरांत रिहा कर दिया है।

### 50 बोतल अवैध देसी शराब बरामद



**हुसैनाबाद।** जपला-गढ़वा रोड रेलखंड के कोसिआरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म फुट ओवरब्रिज के पास से जपला आरपीएफ ने ऑपरेशन सतर्क के तहत लावारिस पड़े 15 लीटर टनाका नामक अवैध देसी शराब बरामद किया है। जपला आरपीएफ द्वारा बताया गया कि 9 सितंबर को वरीय अधिकारियों के निर्देशन में निरीक्षक प्रभारी जपला आरपीएफ के कुशल नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक दिनेश प्रसाद के साथ प्रधान आरक्षी एसके राय एवं आरक्षी मिथिलेश कुमार कोसीआरा रेलवे स्टेशन में अपराध नियंत्रण, आपराधिक गतिविधियों की निगरानी व अवैध शराब तस्करी के रोकथाम और बरामदगी के दृष्टिगत अभियान चलाया जा रहा है।

## सभी 4 पैक्स को मिले उर्वरक की दूसरी खेप में 432 बैग

- प्रखंड को अब तक कुल 1742 बैग उपलब्ध कराए गए उर्वरक

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** कृषि एवं सहकारिता विभाग के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए सभी 4 पैक्स को आवंटित उर्वरक की दूसरी खेप में 432 बैग किसानों को बिक्री के लिए उपलब्ध कराए गए हैं। इससे किसानों को उर्वरक की उनकी जरूरत के काफी हद तक पूरा होने से बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि इससे पहले इस प्रखंड मुख्यालय स्थित 4 और पंसा की 2 कुल 6 रिटेलर दुकान को दो खेप में 750 बैग उर्वरक उपलब्ध कराए गए थे। जिनकी बिक्री ईपॉश मशीन से किसानों के अपडेट आधार कार्ड नंबर पर अंगूठे का निशान लेकर की गई। जबकि इस प्रखंड के रामबांध, भजनियां, कोल्हुआ-सोनबरसा और मोहम्मदगंज पैक्स को 140-140 कुल 560 बैग इफको यूरिया आवंटित किए गए थे। जबकि इस बार कुल 432 बैग में से प्रत्येक पैक्स को 108 बैग आवंटित किए गए हैं। इस प्रकार पैक्स के माध्यम से कुल 992 बैग उर्वरक उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें से ही संबंधित पंचायत के अतिरिक्त क्रमशः पंसा, लटपौरी,गोड़ाडीह और कादलकुर्मी पंचायत के किसानों का भी कोटा निर्धारित था। उन्होंने किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराने के सरकार के संकल्प के पूरा करने और इसे लेकर सांसद विष्णुदयाल राम की इस दिशा में सकारात्मक व निरंतर प्रयास की सराहना करते हुए खुशी जताई है। इसके साथ ही उन्होंने किसानों को तत्परता और निगरानी में उर्वरक उपलब्ध कराने के प्रति प्रखंड कृषि सह सहकारिता पदाधिकारी नौशाद मोहम्मद आलम, वीएलडब्ल्यू सह पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल, एटीएम प्रशांत कुमार तिवारी व सभी किसान मित्रों के दायित्व को सराहनीय बताया है।

## मिडिल स्कूल में अभिभावकों के साथ बैठक

हुसैनाबाद। गुरुवार को राजकीय मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद की अध्यक्षता में शिक्षकों व अभिभावकों की बैठक हुई। जिसमें अभिभावकों ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उपलब्ध संसाधनों पर खुलकर चर्चा हुई। बताया गया कि आज बच्चों की संख्या के अनुपात में शिक्षकों की संख्या अपर्याप्त है, फलतः इसका असर शिक्षण कार्य पर पड़ रहा है। इसके बावजूद क्लास संयुक्त कर पढ़ाया जा रहा है। प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने अभिभावकों से अपील की है कि बच्चों को नियमित रुप से स्कूल भेजें। सभी बच्चों को ड्रेस उपलब्ध करा दिया गया है, ड्रेस में बच्चों को स्कूल भेजें ताकि बच्चों में समानता का भाव विकास हो, आपस में हीन भावना नहीं पनपे, यहीं लोकप्रिय सरकार की दृढ संकल्प भी है। बैठक में अभिभावकों में मो. नसीरुद्दीन खां, अरविंद यादव, अर्जुन प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, मालती देवी, किरण देवी, ममता देवी, मालती देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, नीलम देवी, नीलू देवी सहित दर्जनों अभिभावकों की उपस्थिति थी। बतौर शिक्षक प्रतिनिधि मोहम्मद जुबैर अंसारी उपस्थित थे।

## पशुओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** पशुपालन विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत में पशुओं की स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में पशुपालक पहुंचे और अपने मवेशियों की जांच कराई। शिविर में भ्रमणशील पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मो. शाहिद इकबाल, क्षेत्रीय मैत्री प्रेम प्रकाश दुबे, राजेश श्रीवास्तव एवं एमवीयू के पैरावेट आनंद कुमार सक्रिय रूप से मौजूद रहे। वहीं समाजसेवी मुन्ना यादव एवं संजय मेहता ने भी पशुपालकों को सहयोग प्रदान किया। डॉ. शाहिद इकबाल ने पशुपालकों को नियमित जांच की महत्ता बताते हुए कहा कि मौसम बदलने पर पशुओं में कई तरह की बीमारियां देखने को मिलती हैं। समय पर जांच और दवा से इनका आसानी से उपचार संभव है। उन्होंने पशुपालकों को संतुलित आहार देने, स्वच्छ पानी पिलाने और नियमित टीकाकरण कराने की सलाह दी। पशुओं में आम बीमारियां और उनके लक्षण के संबंध में डॉ. इकबाल ने गलघोंटू, खुरपका-मुंहपका, थनैला एवं बछड़ों में होने वाले डायरिया रोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पशुपालकों ने बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही शिविर में पहुंचे दर्जनों पशुपालकों को निःशुल्क दवा दी गई। डॉक्टरों ने पशुधन बीमा योजना और पशुपालन से जुड़ी सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी, ताकि किसान समय पर लाभ उठा सकें।

**रोजगार**

### कोसीआरा कलस्टर के महिला संकुल की वार्षिक आमसभा

# आजीविका की गतिविधियों को और बढाएं महिलाएं : बीपीएम

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** रामबांध पंचायत अंतर्गत कोसीआरा आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आमसभा में आजीविका की गतिविधियों को और बढावा देने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया शोभा देवी एवं जेएसएलपीएस के बीपीएम भूपेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात बीपीएम ने वार्षिक बजट का लेखा-जोखा लिया। इसके साथ ही उन्होंने सीएलएफ में चल रही योजनाओं के माध्यम से आजीविका की गतिविधियों को और बढ़ावा देने के लिए कैडर दीदी को इस क्षेत्र की अन्य महिलाओं को भी दुग्ध उत्पादन, गाय व बकरी पालन, सिलाई-कढाई दुकान एवं मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत बताया। इसे लेकर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा छोटे ऋण के माध्यम से उद्योग चालू करने पर जोर देते हुए आत्मनिर्भर बनने के लिए इसके सदस्यों को प्रेरित किया। मौके पर मुखिया शोभा देवी, बीपीएम भूपेश कुमार के अलावा एडमिन मुकेश कुमार, सीएलसी अनिल कुमार, सीसी सतीश कुमार सिन्हा, आईपीआरपी महेश कुमार सिंह, एलएचबीआरपी मनोज कुमार, जीसीआरपी बेबी देवी, पूजा देवी, एफएलसीआरपी संगीता देवी, पूनम विश्वकर्मा, ईपीसीआरपी सिरदुला देवी,सेतु दीदी प्रियंका कुमारी, एडब्ल्यू अमृता देवी,शबनम परवीन, रंभा देवी,रिंकी देवी,संगीता देवी, सुमन देवी,आरती देवी, पुष्पा देवी, मंजू देवी, सुलेखा देवी,नीतू देवी, सुमन कुमारी और रूबी देवी सहित समस्त समूह के सदस्य व ग्रामीण शामिल थे।

## हुसैनाबाद में एक ही रात चार बंद घरों से हुई चोरी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने अलग-अलग चार बंद घरों का ताला तोड़कर नगदी, आभूषण समेत 50 हजार से अधिक की संपत्ति चुरा ले गए। बताया जाता है कि चोरों ने बंद घरों को ही निशाना बनाया है। जानकारी के मुताबिक वार्ड-2 के अमनचैन निवासी दिलीप गुप्ता के सुने घर का ताला तोड़ कर चोरों ने अंदर प्रवेश किया और घर मे रह रहे दो रेन्टर के गोदरेज और ट्रंक का ताला तोड़कर 5 हजार नगद, दो सोने की बाली, एक मांगटीका चोरी कर लिया। वहीं सैदाबाद गांव के रामप्रीत साह के सूने घर को भी चोरों ने निशाना बनाया और घर का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया। जहां घर में रखे गोदरेज, ट्रंक का लॉक तोड़कर जेवरात, बर्तन कपड़ा चुरा ले गए। आसपास ग्रामीणों ने बताया की पीड़ित गृहस्वामी अपने पूरे परिवार के साथ दिल्ली में रहते हैं। वहीं वार्ड -2 के आईटीआई के पीछे विशुनपुर रोड में सुरेश ठाकुर के भी बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 5 हजार रुपए नकदी चुरा ले गये। सुरेश ठाकुर ने बताया कि पिछले साल भी चोरों ने लाखों की संपत्ति चुरा ले गए थे। गृहस्वामी द्वारा अलग-अलग चोरी की शिकायत के बाद हुसैनाबाद पुलिस ने स्थल पर पहुंच निरीक्षण किया और चोरी के उद्भेदन में जुट गई है। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है, शीघ्र ही चोर पकड़े जाएंगे।

## 8 आरोपियों पर बिजली चोरी का केस

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय थाना अंतर्गत ग्रामीण इलाके में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। इस दौरान सहायक विद्युत अभियंता रामप्रसाद महतो के नेतृत्व में कई गांवों में सघन छापारी अभियान चलाकर 8 ग्रामीणों को बिजली चोरी को लेकर आरोपित किया गया है। इसमें अवधेश राम डाली, दिनेश पासवान, महेश राम, कामेश्वर पासवान, हरि राम सबिता देवी माली और रामाश्रय साव लटपौरी गांव निवासी शामिल बताए गए हैं। सहायक अभियंता ने सभी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही कुल मिलाकर 80 हजार रुपए का जुमार्ना भी निर्धारित किया है। छापेमारी अभियान में सहायक अभियंता के अलावा मानव दिवस विद्युतकर्मी ललितेश्वर मेहता, दशरथ मेहता, रंजय कुमार और मंटू मुंडा भी शामिल थे।

## जल जीवन मिशन व स्वच्छ भारत मिशन की डीसी ने की वर्चुअल समीक्षा

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने वीडब्लूएससी द्वारा स्कीम ट्रांसफर, पेयजल आपूर्ति, जल गुणवत्ता परीक्षण और सभी निर्माणाधीन योजनाओं की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजनाओं के हैंडओवर की प्रक्रिया स्थानीय मुखिया के साथ समन्वय कर जल्द पूरी की जाए। समीक्षा के दौरान एसवीएस इनसेप्शन के तहत धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने लघु सिंचाई विभाग के कनीय अभियंताओं को पूरी तत्परता से कार्य करने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगली समीक्षा में इंजीनियरों के प्रदर्शन की अलग से जांच की जाएगी। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत शौचालय निर्माण, गोबर गैस प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, ओडीएफ गांवों का वेरिफिकेशन जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों से कहा कि तय लक्ष्य समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, अन्यथा डिबार और पेनल्टी की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

### पीवीटीजी बहुल गांवों में लगेगा 'उदय' योजना का शिविर

# सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने को लेकर जिले भर में तेजी से हो रही तैयारी

- **सितंबर में 200 से ज्यादा गांवों में लगेंगे कैंप**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जिले की उपायुक्त समीरा एस की पहल पर शुरू हुई उन्नति दूरस्थ आदिवासी योजना को अब जिले के अन्य पीवीटीजी (अत्यंत पिछड़ी जनजाति) बहुल क्षेत्रों में भी विस्तारित किया जा रहा है। योजना के पहले चरण के सफल परिणामों के बाद इसे बड़े पैमाने पर लागू करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। सितंबर के पहले सप्ताह में बेसलाइन सर्वे और डेटा वेरिफिकेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके बाद लाभुकों के लिए योजनाओं के फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं, जिन्हें भरवाने के बाद ग्रामसभा, डेटा एंट्री समेत अन्य जरूरी प्रक्रियाएं पूरी की जाएंगी।

दूसरे सप्ताह से लेकर पूरे सितंबर भर जिले के लगभग 200 से अधिक पीवीटीजी बहुल गांवों में शिविर लगाए जाएंगे, जहां पर लाभुकों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आवास, वन अधिकार पत्र समेत करीब 14 प्रमुख दस्तावेज एक ही जगह प्रदान किए जाएंगे। शिविरों का आयोजन प्रत्येक प्रखंड में तय तिथियों पर किया जाएगा।

शिविरों की शुरुआत 15 सितंबर से होगी, जो 25 सितंबर तक विभिन्न तिथियों में चलेगी। इसमें बिश्रामपुर, चैनपुर, छत्तरपुर, हैदरनगर, हुसैनाबाद, मनातू, पाटन, सतबरवा, तरहसी, मोहम्मदगंज, नवाबजार, नौडीहा बाजार, सदर मेदिनीनगर और रामगढ़ जैसे प्रखंडों के सैकड़ों गांव शामिल हैं। शिविरों के माध्यम से न केवल दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे, बल्कि कई सरकारी योजनाओं जैसे आदिम जनजाति पेंशन योजना, आयुष्मान भारत, आवास योजना, भूमि अधिकार से भी जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उपायुक्त समीरा एस ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय को उनकी पहचान, अधिकार और सरकारी योजनाओं से जोड़ना है, जिससे उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

## खाद्य सुरक्षा निरीक्षण: रोहन चाव प्रतिष्ठान का लाइसेंस रद्द



- **खराब सफाई व्यवस्था व नियमों की अनदेखी पर कार्रवाई, कई प्रतिष्ठानों को चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** खाद्य सुरक्षा विभाग ने गुरुवार को शहर में औचक निरीक्षण अभियान चलाया, जिसमें कई खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई। एफएसओ लव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के दौरान बाईपास रोड हाउसिंग कॉलोनी स्थित 'रोहन चाव प्रतिष्ठान' में गंभीर गड़बड़ियां पाई गईं। साफ-सफाई की भारी कमी और खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के कारण प्रतिष्ठान का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया और उत्पादन पर रोक लगा दी गई।

निरीक्षण के दौरान आर एन फूड प्वाइंट एवं रेस्ट हाउस में भी सफाई की कमी पाई गई, जिस पर विभाग ने 2000 का जुर्माना लगाया और पनीर का सैंपल जांच के लिए भेजा। लकी भोजनालय और राज बिरयानी जैसे प्रतिष्ठानों को भी सुधार के निर्देश दिए गए हैं। एफएसओ ने साफ कहा कि किसी भी कीमत पर खाद्य सुरक्षा के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज़ किया जाएगा।

### सिंगरा खुर्द चोरी मामले में ग्रामीणों का गुस्सा

## डीआईजी नौशाद आलम से की मुलाकात शीघ्र कार्रवाई और सुरक्षा बढ़ाने का आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 27 अगस्त को सिंगरा खुर्द में हुई बड़ी चोरी की घटना ने गांव के लोगों में भारी डर और असुरक्षा का माहौल बना दिया है। सरकारी कर्मचारी गिरेन्द्र शुक्ला के घर से करीब 10 लाख रुपये मूल्य की नगदी और जेवरात चोरी हो गई थी। घटना के बाद ग्रामीण रात-दिन भयभीत होकर अपने घरों में ताले लगाने को विवश हैं। ग्रामीणों ने पुलिस की धीमी कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि संदिग्धों को गिरफ्तार करने के बाद भी पुलिस ने उन्हें बिना कारण छोड़ा। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति अविश्वास गहरा गया है। इस बीच बुधवार को ग्रामीणों ने डीआईजी नौशाद आलम से मुलाकात कर मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी जल्द गिरफ्तार नहीं किए गए और चोरी की संपत्ति बरामद नहीं हुई तो वे बड़े आंदोलन को विवश होंगे। डीआईजी नौशाद आलम ने ग्रामीणों को भरोसा दिया कि पुलिस मामले को पूरी गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द अपराधियों को पकड़कर सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। डीआईजी ने स्पष्ट किया कि पलामू पुलिस प्रशासन जनता के विश्वास को बहाल करने के लिए हर संभव कदम उठाएगा। ग्रामीणों ने डीआईजी के आश्वासन को सकारात्मक बताते हुए कार्रवाई की प्रतीक्षा जताई, लेकिन पुलिस प्रशासन से तेजी से काम करने की भी अपील की। यह मामला पलामू पुलिस प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती है, जहां अब न्याय के साथ-साथ सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक हो गया है।

## जीएलए कॉलेज में पीजी हिंदी छात्रों की मौखिकी परीक्षा संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय (एनपीयू) से संबद्ध जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर में पीजी सत्र 2022–24 के हिंदी स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की लघुशोध प्रबंध की मौखिकी परीक्षा गुरुवार को संपन्न हुई। परीक्षा का आयोजन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. मनोरमा सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. इरकन जोन खलखो और हिंदी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. विभा शंकर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। मौखिकी परीक्षा में विभाग के कई विद्यार्थी गोविंद मेहता, खुशबू कुमारी, अनिता कुमारी, भावना पाठक, तृषा कुमारी, रूपा रानी सिंह, कार्तिक उरांव, दीपक कुमार और पंकज कुमार समेत अनेक छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। परीक्षा के सफल आयोजन पर प्राचार्य और विभागाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने शोध आधारित शिक्षा की उपयोगिता पर बल देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों को अकादमिक और व्यावसायिक दोनों क्षेत्रों में सशक्त बनाती है।

## अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए संत मरियम स्कूल के 6 खिलाड़ी रवाना

- **हैदराबाद में 15 देशों के प्रतिभागियों के बीच मुकाबले, प्रशिक्षक संतोष कुमार के नेतृत्व में टीम हुई रवाना**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** हैदराबाद में 12-13 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रथम एशियन ओपन अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में मेदिनीनगर के संत मरियम विद्यालय के छह बाल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम, हैदराबाद (तेलंगाना) में आयोजित की जा रही है, जिसमें 15 देशों के ताइक्वांडो खिलाड़ी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल की ओर से भाग लेने वाले खिलाड़ियों में शुभम कुमार सिंह, ओम प्रकाश, युवराज कोरवा, गौरव कुमार सिंह, अभिषेक कुमार तिवारी और आयान सिद्दीकी शामिल हैं। विद्यालय के मुख्य मार्शल आर्ट्स प्रशिक्षक क्योन्शि संतोष कुमार ने बताया कि यह चैंपियनशिप रियल ताइक्वांडो बोर्ड ऑफ इंडिया के तत्वावधान में आयोजित हो रही है। उन्होंने बताया कि टीम 10 सितंबर को हैदराबाद के लिए रवाना हो चुकी है। टीम का नेतृत्व खुद क्योन्शि संतोष कुमार कर रहे हैं, जबकि सेम्पाई अमित प्रजापति को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव और प्राचार्य कुमार आदर्श ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करने की प्रेरणा दी।

## पलामू में सम्मानित हुए प्रसिद्ध लेखक विश्वास पाटिल



- **शिवाजी महाराज पर शोध के लिए पहुंचे थे पलामू, मासूम आर्ट ग्रुप ने किया सम्मानित**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रसिद्ध मराठी लेखक, उपन्यासकार, नाटककार, फिल्म निर्देशक एवं पूर्व आईएएस अधिकारी विश्वास पाटिल को मासूम आर्ट ग्रुप की ओर से "माँ सरस्वती वरपुत्र सम्मान" से सम्मानित किया गया। वे इन दिनों शिवाजी महाराज पर लिखे जा रहे अपने उपन्यास के तीसरे भाग के शोध कार्य को लेकर पलामू आए हुए हैं। सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार गोकुल वसंत, फिल्मकार आशुतोष पाठक, रंगकर्मी सैकत चटर्जी, मुनमुन चक्रवर्ती और व्यवसायी अमित आनंद ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान श्री पाटिल ने कहा कि ऐतिहासिक तथ्यों के आधार पर यह संभावना बनती है कि शिवाजी महाराज अपने दक्षिण गमन के दौरान पलामू के रास्ते भी गुजरे होंगे। इसी संदर्भ में उन्होंने पलामू किला का भ्रमण किया और कहा कि यह किला उस समय के आदिवासी राजाओं की शक्ति और प्रशासनिक क्षमता का प्रतीक है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों व पत्रकारों से भी संवाद किया और पलामू के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन सैकत चटर्जी ने किया, जबकि आयोजन को सफल बनाने में अमर कुमार भांजा, राज प्रतीक पाल और शहजादा तालिब ने सहयोग किया।

## हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन सीबीआई जांच व जमीन वापसी की मांग

- **सदर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन, सूर्या हसदा हत्याकांड और नगड़ी भूमि विवाद पर असंतोष**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** भाजपा नगर एवं ग्रामीण मंडल की संयुक्त अगुवाई में झारखंड सरकार की दमनकारी नीतियों और व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में गुरुवार को मेदिनीनगर कचहरी परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के उपरांत महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सदर अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा गया।

ज्ञापन में मुख्य रूप से राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हसदा की हत्या की सीबीआई जांच की मांग की गई है। इसके साथ ही रिम्स-2 के नाम पर नगड़ी में रैयती गरीब आदिवासी किसानों से छीनी जा रही जमीन को वापस दिलाने की भी मांग शामिल है।

प्रदर्शनकारी नेताओं ने कहा कि ₹अबुआ राज₹ का नारा देने वाली सरकार में आदिवासियों की जमीन छीनी जा रही है, बहन-बेटियां असुरक्षित हैं और आम जनता की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। नेताओं का आरोप था कि प्रखंड से लेकर मंत्रालय तक घोर भ्रष्टाचार व्याप्त है और अधिकारी सरकारी इशारों पर जनता का दोहन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लूट-खसोट का माहौल है, विकास ठप है और आम नागरिक खुद को ठगा महसूस कर रहा है। प्रदर्शन में डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया, पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता, पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह, ज्योति पांडेय, सरवन गुप्ता, अजय सिंह, जवाहर चंद्रवंशी, परशुराम ओझा, शिवकुमार मिश्रा, श्यामजी चौधरी, श्वेता गर्ग, आशीष भारद्वाज, छोटू सिन्हा, किशन मखड़िया, संजय कुमार, नंदलाल गुप्ता, अविनाश वर्मा, मुरारी पांडेय, रिंकू दुबे, विजय कुशवाहा, राजहंस अग्रवाल, नरेंद्र पांडेय, अरविंद गुप्ता, भीष्म चौरसिया, अमलेश चौरसिया, पंकज शर्मा, आनंद कुमार, सुनील पांडेय, शुभग तिवारी, सुरेंद्र विश्वकर्मा, पंकज जयसवाल, शंकर यादव, विनोद कुमार और बच्चन ठाकुर समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और नेता शामिल थे। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि राज्य सरकार जल्द हालात पर नियंत्रण नहीं करती, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## वाहन जांच अभियान, 29,450 रुपये का वसूला गया जुर्माना

- **बिना हेलमेट, नो एंट्री व अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई, कई गाड़ियां जब्त**

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** छः मुहान चौक पर बुधवार को परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा व्यापक वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कई दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस और ट्रिपल लोडिंग करते हुए पकड़ा गया। वहीं, ई-रिक्शा और टेंपो चालकों द्वारा बीच चौराहे पर अवैध तरीके से सवारी बैठाने और वन-वे का उल्लंघन करने पर भी कार्रवाई की गई।

कुल 9 दोपहिया वाहन और 7 ई-रिक्शा/टेंपो को जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया है। इसके अलावा एक ट्रक-ट्रेलर को नो एंट्री में प्रवेश करने पर पकड़ा गया, जिसे टीओपी-2 थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही, एक बस और एक कार को मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से खड़ा किए जाने के कारण ऑनलाइन चालान की प्रक्रिया के तहत जुर्माना लगाया गया है।

जांच के बाद सभी वाहनों के कागजात चालान व फाइन की प्रक्रिया के लिए जिला परिवहन कार्यालय, पलामू को भेजे गए। कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, 12 दोपहिया वाहनों पर 14,000, तीन ई-रिक्शा/टेंपो पर 9,300 और एक ट्रक पर 6,150 का जुर्माना लगाया गया है। कुल मिलाकर 29,450 का चालान फाइन जिले को प्राप्त हुआ है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वन शहीद दिवस पर पलामू टाइगर रिज़र्व में श्रद्धांजलि, बलिदानियों को दी गई सशस्त्र सलामी

- **वन अधिकारियों व कर्मचारियों ने शहीद वनकर्मियों के सपनों को पूरा करने का लिया संकल्प**

**नवीन मेल संवाददाता**



**बेतला/मेदिनीनगर।** वन शहीद दिवस के अवसर पर गुरुवार को पलामू टाइगर रिज़र्व (पीटीआर) परिसर में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें देशभर में वन और वन्यजीव संरक्षण के लिए प्राणों की आहुति देने वाले वनकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस मौके पर पीसीसीएफ (वन्यजीव) परितोष उपाध्याय, पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर सह क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक एस. आर. नतेशा, मुख्य वन संरक्षक प्रवेश अग्रवाल, उपनिदेशक (दक्षिण) कुमार आशीष, उपनिदेशक (उत्तर) प्रजेश जेना, डीएफओ पलामू सत्यम कुमार, डीएफओ गढ़वा दक्षिण एबिन बेनी और डीएफओ गढ़वा उत्तर अंशुमान राजहंस सहित कई वरिष्ठ वन अधिकारी, रेंजर, एसीएफ, वनरक्षी और मजदूर संघ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस बल द्वारा सशस्त्र सलामी और झारखंड आर्म्ड पुलिस (जेएपी) बैंड की प्रस्तुति के साथ शहीदों को नीतिपूर्वक श्रद्धांजलि दी गई। सभी अधिकारियों ने शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि वन शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। उनके अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए वन एवं वन्यजीव संरक्षण की दिशा में और भी प्रतिबद्धता से कार्य किया जाएगा।

## भाजपा नेत्री स्मिता आनंद का क्षेत्र भ्रमण नावाडीह में बच्चों के साथ किया योगाभ्यास

- **रामगढ़, बड़गड़ व भंडरिया में जनसंपर्क, समस्याएं सुनीं, ब्राह्मभोज में दी श्रद्धांजलि**

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** भाजपा नेत्री सुश्री स्मिता आनंद ने आज पलामू संसदीय क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों रामगढ़, बड़गड़ और भंडरिया के गांवों का दौरा कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं और जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान वे विभिन्न स्थानों पर आम जनता से सीधे संवाद करती नज़र आईं।

दौरे के क्रम में वे सांसद प्रतिनिधि आनंद सोनी के स्व. नेपाल प्रसाद सोनी के ब्राह्मभोज कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुईं, जहां उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्मिता आनंद ने वहां उपस्थित लोगों से मिलकर संवेदना भी व्यक्त की।

रामगढ़ प्रखंड के नावाडीह टावर टोला, भंडारिया चौक और बड़गड़ चौक जैसे क्षेत्रों में लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। खासकर नावाडीह मिशन स्कूल की बच्चियों ने स्वागत गीत गाकर और बुके भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री ने बच्चों को संबोधित करते हुए योगाभ्यास कराया और स्वास्थ्य एवं खेलकूद को लेकर प्रेरित किया।

उन्होंने क्षेत्र के लोगों को बताया कि वे विगत कुछ दिनों से पलामू संसदीय क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रही हैं ताकि जनता की जमीनी समस्याएं सुनी जा सकें और उन्हें समाधान की दिशा में अग्रसर किया जा सके। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वे सांसद श्री विष्णु दयाल राम के विकास कार्यों से भी लोगों को अवगत करा रही हैं। उन्हें जनता से मिल रहा स्नेह और समर्थन इस जनसंवाद की सफलता को दर्शाता है।

इस दौरान उनके साथ कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिनमें जिला सांसद प्रतिनिधि श्री विजय ओझा, चेतन चौहान, भोला पांडेय, वरिष्ठ नेता ईश्वरी पांडेय, नावाडीह मुखिया दया साव, गुजरी देवी, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, कौशल झा, मनोरंजन दुबे, राकेश कोरवा, मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर, सुशील सिन्हा, कुंवर सिंह और आनंद सोनी समेत अनेक लोग शामिल थे।

## चिनियां प्रखंड में मनरेगा घोटाले का बड़ा खुलासा

# डोभा का नहीं हुआ निर्माण, बिना काम के 1.31 लाख भुगतान

- लाभुक ने कहा- योजना के बारे में नहीं थी जानकारी
- दोनों लाभुकों ने उपायुक्त को पत्र लिखकर की शिकायत

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** प्रखंड विकास पदाधिकारी चिनियां ने ग्राम पंचायत बिलेतीखैर में मनरेगा योजनाओं में हुए बड़े घोटाले का पदार्फाश किया है। जारी पत्र में बताया गया है कि ग्राम राजबांस उपेंद्र ठाकुर और सकेंदर परहिया के खेत में डोभा निर्माण योजना के तहत लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीन पर कोई काम नहीं हुआ। पत्र में स्पष्ट लिखा है कि 14 जून से 25 जून 2025 तक डोभा निर्माण दिखाकर राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि न तो मिट्टी का कार्य हुआ और न ही डोभा की खुदाई। यहां तक कि 15 जून से 15 अक्टूबर तक मनरेगा प्रावधानों के तहत मिट्टी कार्य प्रतिबंधित रहने और उपायुक्त गढ़वा के निर्देश के बावजूद भी इस योजना में डिमांड डालकर भुगतान कर दिया गया। इसे बीडीओ ने गंभीर लापरवाही और गलत मंशा करार दिया है।

### सही जानाकरी नहीं देने पर होगी कार्रवाई

बीडीओ सुबोध कुमार ने कहा कि इस मामले में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सहायकअभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सेवक, व कंप्यूटर सहायक मनरेगा कर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण देने का आदेश जारी किया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### लाभुकों को नहीं थी डोभा स्वीकृति की जानकारी

बताते चलें कि दो दिन पहले ग्राम रांजवास निवासी सकेंदर परहिया ने उपायुक्त गढ़वा को आवेदन देकर बताया था कि वह गरीब और आदिम जनजाति परिवार से आते हैं। उनके नाम से डोभा स्वीकृत दिखाया गया और 19 मजदूरों का डिमांड भरकर 64,296 रुपये का भुगतान 2 जून 2025 को कर दिया गया, जबकि उनके खेत में कोई डोभा नहीं बना और नहीं योजना की कोई हमें जानकारी है। इसी तरह उपेंद्र ठाकुर के नाम से भी डोभा निर्माण दिखाया गया और 20 मजदूरों का डिमांड भरकर 67,690 रुपये की निकासी 2 जुलाई 2025 को कर ली गई, जबकि उनकी जमीन पर भी कोई डोभा नहीं बना। पीड़ित ने इस फजीर्वाड़े की शिकायत पंचायत के उप मुखिया पति रवि प्रसाद तक की, जिन्होंने उपायुक्त गढ़वा को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की गंभीर जांच कर दोषी कर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस सनसनीखेज खुलासे के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि बिना काम किए भुगतान कैसे हो गया। लोग अब दोषियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई समेत हकीकत सामने लाने की मांग कर रहे हैं। इधर मामले में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है इसकी जांच की जा रही है, जो भी त्रुटियां होगी गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

## गरीब लाभुकों को नहीं मिली मिठास, 50 क्विंटल चीनी सड़ा

नवीन मेल संवाददाता

- बीडीओ सह प्रभारी एमओ ने कहा- भूल गया था



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर से बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है, जहां सरकारी बाबूओं की उदासीनता के कारण गरीबों के हक का चीनी गोदाम में सड़कर बेकार हो गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक स्थानीय नेता की शिकायत के बाद गढ़वा जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा मामले का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में पाया गया कि भवनाथपुर के पुराने अंचल कार्यालय भवन में लगभग 40 से 50 क्विंटल चीनी लापरवाही के कारण सड़ चुका है। यह चीनी गरीब लाभुकों के बीच वितरण के लिए आया था, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण समय पर इसका वितरण नहीं किया गया और अंततः पूरा स्टॉक खराब हो गया। झामुमो नेता ने गढ़वा डीएसओ को फोन कर जानकारी दी थी कि भवनाथपुर के पुराने अंचल कार्यालय भवन में गरीबों का हक का चीनी महीनों से रखा हुआ है और अब वह पूरी तरह सड़ चुका है। सूचना मिलने पर डीएसओ खुद भवनाथपुर पहुंचे और स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्थिति सही पाई गई और उन्होंने तत्काल प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी नंदजी राम को जांच कर पूरी रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया। लेकिन हैरानी की बात यह है कि डीएसओ के आदेश को दो महीने से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी बीडीओ सह प्रभारी एमओ ने जांच की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। जब पत्रकारों ने इस मामले पर बीडीओ नंदजी राम से सवाल किया, तो उन्होंने बेहद गैर-जिम्मेदाराना तरीके से जवाब देते हुए कहा कि जांच करना था, लेकिन भूल गया था। अब जांच करेंगे।

### सवालों के घेरे में प्रशासन

बीडीओ का यह बयान न केवल सरकारी कामकाज की लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि गरीबों के हक और अधिकार की रक्षा करने वाले अधिकारी कितने उदासीन हैं। गरीबों को मिलने वाली चीनी जहां भुखमरी की स्थिति से जूझते परिवारों के लिए सहारा बन सकती थी, वहीं अधिकारियों की लापरवाही के कारण यह गोदाम में सड़कर नष्ट हो गई। इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी गोदाम प्रबंधक ने बताया कि मुझे चीनी की जानकारी नही है। यह पुराने गोदाम प्रबंधक के समय के है।

## एसडीएम ने देर रात किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



गढ़वा। उपायुक्त के निदेर्शानुसार गढ़वा एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार देर रात सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने रोस्टर ड्यूटी के अनुरूप चिकित्सकों की उपस्थिति, विभिन्न वार्डों में चिकित्साकर्मियों की उपस्थिति, साफ-सफाई एवं विधि व्यवस्था संबंधी विषयों की सरसरी तौर पर जांच की। इमरजेंसी में रोस्टर के अनुरूप चिकित्सक मौजूद मिले, इमरजेंसी वार्ड में लोगों का समुचित इलाज चलता हुआ पाया गया, किंतु प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ रोस्टर ड्यूटी के अनुरूप अनुपस्थित पाई गई। चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि रोस्टर के अनुरूप डॉक्टर माया कुमारी की ड्यूटी है, लेकिन माया कुमारी प्रशिक्षण पर गई हैं, तो उनके प्रतिस्थापक के रूप में डॉक्टर पूजा को मौजूद रहना था, किंतु डॉक्टर पूजा मौके पर मौजूद नहीं मिलीं। सूचना पट पर रोस्टर ड्यूटी की जानकारी भी अद्यतन नहीं थी। बल्कि अभी भी 1 सितंबर का रोस्टर ही आम सूचना पट पर प्रदर्शित था। उल्लेखनीय है कि पूर्व की कई विजिट के दौरान भी यहां का रोस्टर अद्यतन नहीं पाया गया था। अनुमंडल पदाधिकारी ने उक्त विषयों की जानकारी अस्पताल उपाधीक्षक को देते हुए उनसे कहा कि अस्पताल के सूचना पट पर रोस्टर ड्यूटी का चार्ट प्रदर्शन एवं रोस्टर ड्यूटी के अनुरूप चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करवायें। अस्पताल में साफ सफाई का स्तर बेहतर था, अधिक भीड़ हो जाने के कारण कुछ मरीज बेड से नीचे लेटे हुए थे। हालांकि मरीजों ने चिकित्सीय देखभाल के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान एसडीएम ने मरीजों के परिजनों से भी बात की तो परिजनों ने भी अस्पताल कर्मियों की सेवाओं के प्रति संतोष जताया।

## प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों के सामने शिक्षक को पीटा, हाथ टूटा

- शिक्षक ने नगर उंटारी थाना में दर्ज करायी प्राथमिकी

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के जमुआ ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में गुरुवार को उस समय अजीबो-गरीब माहौल बन गया जब विद्यालय के समय पर प्रभारी प्रधानाध्यापक और एक शिक्षक के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट की नौबत आ गई। इस घटना से पूरे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई और छात्र-छात्राओं के बीच भय का माहौल देखने को मिला। जानकारी के अनुसार, विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक धनंजय कुमार यादव ने शिक्षक लाल बहादुर के साथ बच्चों के सामने ही मारपीट कर दी। घटना में घायल हुए शिक्षक को उनके अन्य सहयोगी शिक्षकों ने तत्काल अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उनका इलाज शुरू किया। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान घायल शिक्षक का बायां हाथ फ्रैक्चर हो गया है। घटना के बाद पीड़ित शिक्षक ने स्थानीय थाना में आवेदन देकर प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आवेदन में लाल बहादुर ने बताया कि वह विद्यालय में फिजिकल के शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। विद्यालय में साइंस के शिक्षक की नियुक्ति नहीं होने के कारण परीक्षा नजदीक देखते हुए वह बच्चों को स्वेच्छा से साइंस की पढ़ाई करा रहे थे। इसी बीच प्रभारी प्रधानाध्यापक कक्षा में पहुंचे और उन्हें साइंस पढ़ाने से रोकने लगे। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। लाल बहादुर का आरोप है कि उन्होंने बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई जारी रखने की बात कही, लेकिन प्रधानाध्यापक ने गुस्से में आकर उनके साथ हाथापाई कर दी। इस मामले में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि मारपीट मामले पर शिक्षक द्वारा आवेदन मिला है। आवेदन के आलोक में आगे की कारवाई किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका का पद 10 वर्षों से रिक्त

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां पंचायत अंतर्गत भुइयां टोला आंगनबाड़ी केंद्र विगत 10 वर्षों से केवल सेविका के भरोसे संचालित हो रहा है। यहां सहायिका का पद वर्षों से रिक्त पड़ा हुआ है, जिसके कारण केंद्र के संचालन में लगातार कठिनाइयां सामने आ रही हैं। सेविका उर्मिला देवी ने बताया कि सहायिका के न होने से बच्चों को पोषाहार वितरण, देखभाल, सफाई और अन्य कार्यों में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अकेले सभी जिम्मेदारियों को संभालना मुश्किल होता है, जिससे कार्य की गति प्रभावित होती है। ग्रामीणों ने भी इस समस्या पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बार-बार चुनाव की तिथि घोषित होने के बावजूद अब तक सहायिका का चयन नहीं किया गया है। कभी एससी, कभी बीसी-1 और कभी बीसी-2 के नाम पर प्रक्रिया रद्द कर दी गई। इससे केंद्र का कामकाज प्रभावित होता है और बच्चों व महिलाओं को समुचित लाभ नहीं मिल पाता। ग्रामीणों ने इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आवेदन सौंपकर शीघ्र चुनाव कराने की मांग की है। साथ ही इसकी प्रतिलिपि प्रखंड विकास पदाधिकारी भवनाथपुर, अनुमंडलीय पदाधिकारी नगर उंटारी और उपायुक्त गढ़वा को भी प्रेषित की गई है।

### 13 से 14 सितंबर तक खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 13 व 14 सितंबर को उच्च विद्यालय खरौंधी के प्रांगण में किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। प्रतियोगिता में केवल सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त एवं झारखंड एकेडमिक काउंसिल से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के नियमित छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे। प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बीते वर्ष की अंक पत्रिका, बोनाफाइड प्रमाण पत्र, उपस्थिति रजिस्टर, पात्रता प्रपत्र और ई-विद्या वाहिनी से प्राप्त छात्र आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। चयनित खिलाड़ियों की आयु वर्ग अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणी में होगी। विजय कुमार पांडेय ने स्पष्ट किया कि विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ियों का विवरण निर्धारित प्रपत्र में फोटो सत्यापन सहित बीआरसी खरौंधी को 12 सितंबर तक उपलब्ध कराना आवश्यक है। देरी होने पर संबंधित विद्यालय प्रधान या शिक्षक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### कांडी में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

**कांडी।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकतार्ओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने हेमंत सोरेन हाय-हाय, मनमानी बंद करो जैसे नारे लगाए। कार्यक्रम के बाद भाजपाइयों ने महामहिम राज्यपाल के नाम संबोधित एक मांगपत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश सहाय को सौंपा। मांगपत्र में प्रमुख रूप से सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराने, नगड़ी रैयतों की छीनी जा रही जमीन किसानों को वापस दिलाने, यूरिया खाद की कालाबाजारी पर रोक लगाकर किसानों को उपलब्ध कराने, बारिश से नष्ट हुई फसलों व पशुओं के चारे की व्यवस्था कराने की भी मांग उठाई । धरना में हरिहरपुर मंडल अध्यक्ष विनोद बिहारी द्विवेदी, शशिरंजन दुबे, रामलला दुबे, सीताराम तिवारी, निर्मल विश्वकर्मा, संतोष सिंह, दिलीप सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मेराल में भाजपा का सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन, कहा-

## सरकार आदिवासियों की जमीन लूटने पर आमद

नवीन मेल संवाददाता



मेराल। आदिवासी नेता सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच कराने और रिम्स-2 के लिए आदिवासी रैयतों की जमीन छीनने की साजिश के विरोध में मेराल भाजपा कार्यकतार्ओं द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के अंत में राज्यपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी के अनुपस्थिति में प्रधान सहायक रामनाथ भगत को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अस्पताल चौक से मंडल अध्यक्ष रुपू महतो एवं मनोज जायसवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार मद्धेशिया एवं विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, डॉ लालमोहन और किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा के उपस्थिति में प्रखंड मुख्यालय पर पहुंचा। कार्यक्रम में गढ़वा विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने कहा कि आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की हत्या की जांच सीबीआई से कराने की मांग की। रिम्स-2 के लिए आदिवासी रैयत की जमीन सरकार द्वारा छीनने की साजिश को राज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग किया है। कार्यक्रम प्रभारी राजकुमार मद्धेशिया ने कहा कि भ्रष्ट एवं निकम्मी सरकार की विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार के संरक्षण में अपराधी माफिया दलाल बिचौलिया का सरकारी तंत्र पर पूरी तरह कब्जा है। जिन आदिवासियों ने यह सरकार बनाई थी, उन्हीं आदिवासियों की यह सरकार हत्या करवा रही है। विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर लालमोहन ने कहा कि अबुआ राज की डुगडुगी पीटने वाले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार में आदिवासी लूटे भी जा रहे हैं और पीटे भी जा रहे हैं। रोज हत्याएं हो रही है, बहन-बेटियां भी सुरक्षित नहीं है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रुपू महतो, मनोज जायसवाल, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, चंद्रमणि पाठक, राजेश यादव आदि लोगों ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, रामप्रताप साव, जगजीवन राम, दिलीप मेहता, राधेश्याम यादव, कृष्णदेव प्रजापति, राम प्रवेश चंद्रवंशी, मनोज चौधरी, संदीप दुबे, भोला पासवान, गायत्री देवी, विनय चौधरी, श्यामलाल पासवान समेत कई भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आईजी की पहल पर सुनिश्चित की गई बुनियादी सुविधाएं

नवीन मेल संवाददाता

- सभी थानों में बैठने और स्वच्छ पेयजल की सुविधा बहाल
- पुलिस-जनता संबंध सुधारने की दिशा में सार्थक कदम

**मेदिनीनगर।** पलामू जोन के पुलिस महानिरीक्षक सुनील भास्कर की पहल पर जिले के सभी थाना और ओपी में आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था और स्वच्छ पेयजल की सुविधा सुनिश्चित कर दी गई है। यह कदम पुलिस और जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। पिछले माह आयोजित समीक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक द्वारा थानों में आने वाले आम नागरिकों के लिए बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। इसके आलोक में जिले के सभी थाना प्रभारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि थाने पर आने वालों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था (कुर्सी, बेंच आदि) हो और साथ ही उन्हें साफ पीने का पानी भी सुलभ हो। आईजी सुनील भास्कर ने बताया कि पुलिस-जनता के बीच संवाद, विश्वास और सम्मान का वातावरण बनाना हमारी प्राथमिकता है। थाने आने वाले हर व्यक्ति को सहज और सम्मानजनक माहौल मिलना चाहिए। पुलिस का यह मानना है कि शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों को अनावश्यक असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसलिए थानों के इंफ्रास्ट्रक्चर को नागरिकों के अनुकूल बनाया जा रहा है।

**समारोह** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अभिभावक-शिक्षक की बैठक

## बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सबसे बड़ा निवेश : देवदत्त

नवीन मेल संवाददाता



खरौंधी(गढ़वा)। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय खरौंधी के प्रांगण में अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विद्यालय की शिक्षिकाओं और वार्डन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्राएं, शिक्षक और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शत-प्रतिशत विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित करना, अभिभावकों को शिक्षा के प्रति और अधिक जागरूक बनाना था। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक विद्यालय में नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित करना आवश्यक है। इससे न केवल बच्चियों की शिक्षा में निरंतरता बनी रहती है, बल्कि विद्यालय की कमियों को सामूहिक सहयोग से दूर करने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय है। वहीं, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा कि आज के समय में बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना सबसे बड़ा निवेश है। विद्यालय का प्रयास है कि हर बच्ची आत्मनिर्भर बने और समाज में अपनी पहचान स्थापित कर सके। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चियों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा न आने दें और उन्हें विद्यालय में पूर्ण रूप से ठहरने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान शत-प्रतिशत विद्यालय में ठहरने वाली छात्राओं को कॉपी देकर सम्मानित किया गया और उनके अभिभावकों को पेन एवं कॉपी प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। अंत में विद्यालय परिवार ने पूर्व उप प्रमुख गोरखनाथ चौधरी को उपहार भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वार्डन लक्ष्मी देवी, शिक्षिकाएं सोनम कुमारी, कांती कुमारी, अलका तिवारी, शिक्षक अरुण कुमार चौधरी, प्रहलाद चौधरी, राजकुमार चौधरी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्राएं मौजूद थीं।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मेराल।** थाना क्षेत्र के करकोमा गांव के खुटेलीया टोला निवासी शहाबुद्दीन अंसारी के 27 वर्षीय पुत्र जिलानी अंसारी ने बुधवार के रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मृतक जिलानी अंसारी दूसरी शादी वाली पत्नी को कुछ दिन पहले ससुराल लेने गया था। पति-पत्नी दोनों में आपसी विवाद होने के बाद पत्नी आने से इंकार की तो जिलानी घर चला आया। बुधवार की रात्रि में अपने घर में फांसी के फंदे से झूल कर आत्महत्या कर ली।

### 50 किलो जावा महुआ व शराब जब्त

केतार। थाना क्षेत्र के परती गांव में पुलिस ने अवैध महुआ शराब के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने करीब 50 किलो जावा महुआ व शराब बनाने वाली समाग्री को जब्त कर विनिष्ट कर दिया। पुलिस की आने कि भनक लगते ही शराब बनाने वाले लोग भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी ने कहा कि अवैध कारोबार एवं महुआ शराब के विरुद्ध यह अभियान जारी रहेगा।

## न्यूज बॉक्स

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**चंदवा।** दुर्गा पूजा आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शुक्रवार की संध्या चार बजे चंदवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सभी राजनितिक दल प्रतिनिधि,पंचायतीराज प्रतिनिधि,समाजसेवी व प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह ने दी।

### बीजेपी ने हेरहंज में निकाली आक्रोश रैली



**हेरहंज।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत प्रखंड प्रभारी बबन पासवान के द्वारा आक्रोश रैली निकल गया। जिसमें भाजपा कार्यालय से पैदल चलकर हेरहंज प्रखंड कार्यालय पहुंचकर जमकर झारखंड सरकार के विरोध में नारेबाजी किया गया। कुछ दिन पहले झारखंड भाजपा नेता सूर्य हांसदा को निर्मम हत्या एवं रिम्स-2 के विरोध में आम ग्रामीण का जमीन सरकार के द्वारा जबरन लूटने के विरोध में नारेबाजी किया गया। जिसमें मंडल के भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिले से बबन पासवान, जिला कार्य समिति सदस्य रंजीत जयसवाल, मंडल अध्यक्ष कन्हाई साहू, मंडल महामंत्री श्यामलाल गोस्वामी, पूर्व मुखिया मंगल देव उरांव, रंजन प्रसाद साहू, महेंद्र प्रसाद साहू, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय यादव, अखिलेश यादव, युवा मोर्चा महामंत्री पिंटू यादव एवं पांचो पंचायत के बूथ अध्यक्ष एवं भाजपा के दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### ओझा-गुनी के शक में हुई थी जागेश्वर उरांव की हत्या



**हेरहंज।** थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत अंतर्गत खैराटांड़ निवासी जगेश्वर उरांव के हत्या कर खुलासा कर दिया है। इसकी हत्या गांव के ही वीरेंद्र उरांव पिता रामविलास उरांव के द्वारा ओझा गुनी के शक पर किया गया था। इसकी जानकारी थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह पवैया ने जानाकरी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा हत्या में प्रयुक्त किए गए टांगी और पत्थर के साथ-साथ अभियुक्त के खून से सने कपड़े को भी बरामद उसके निशानदेही पर कर लिया गया है। पुलिस के समक्ष जगेश्वर उरांव की हत्या की बात स्वीकारी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा शव को छिपाने के उद्देश्य खैराताड़ के जंगल की झाड़ियां में छिपा दिया था। मालूम हो की जगेश्वर उरांव 9 सितंबर की दोपहर अपने घर के मवेसियों को चराने के लिए खैराटांड़ जंगल की ओर ले गया था। जहां पर उसकी हत्या कर दी गई थी। उसके शव को 10 सितंबर को बरामद दोपहर में किया गया था।

### मैन पॉवर कर्मचारी संघ व जांच टीम के साथ हुई बैठक



**चंदवा।** मैन पावर कर्मचारी संघ चकला द्वारा किए गए शिकायत के आलोक में गुरुवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के निदेर्शानुसार गठित जिला प्रशासन की टीम चंदवा प्रखंड के चकला स्थित अभिजीत पावर प्लांट पहुंची। यहां उन्होंने सीपीएल प्रबंधन के अधिकारियों, मैन पावर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक की। बैठक के दौरान टीम में शामिल जिला अपर समाहर्ता रामा रविदास, एसडीओ अजय कुमार रजक व सीओ सुमित कुमार झा ने मैन पॉवर कर्मचारी संघ के मांगों को सुना, सीपीएल का पक्ष भी जाना व रिपोर्ट भी तैयार किया। आयोग को भेजी गई शिकायत में कर्मचारी संघ ने कंपनी प्रबंधन पर मैनपॉवर कर्मचारियों के प्लांट में प्रवेश पर लगी रोक को हटाने ,आने वाली नहीं कंपनी में कर्मचारियों के नौकरी को यथावत रखने, वर्तमान महंगाई के दर पर वेतनमान का भुगतान करने, वर्ष 2013 से लंबित भविष्य निधि पीएफ का भुगतान करने, जिन रैयतों का मुआवजा अब तक नहीं मिल पाया है उनके मामलों का निष्पादन करने की मांग रखी थी। जिस पर अधिकारियों ने सीपीएल प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच समन्वय स्थापित कर गतिरोध को दूर करने का प्रयास किया। बैठक के पश्चात पत्रकारों से बात करते हुए मैनपॉवर कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि अधिकारियों के साथ वार्ता काफी सार्थक सकारात्मक रही है। उन्हें उम्मीद है कि जल्दी उनके समस्याओं पर समाधान निकलेगा। इसके बाद भी समाधान नहीं निकलता है तो मैन पावर आगे आंदोलन का रुख करेंगे। बैठक में मैंन पावर कर्मचारी संघ के चंद्रदेव उरांव, दिनेश उरांव, रामचंद्र भगत, नीलकंठ ठाकुर,साबिर खान, नौशाद खान,आशिक खान, मुस्तर खान, सीपीएल प्रबंधन के सुरेश श्रीवास्तव, दीपक पांडे, रंजीत कुमार, जयप्रकाश लाला, आरबी सिंह व अंजर समेत कई अन्य शामिल थे।

### राज्यव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन

# सरकार के इशारे पर हुई सूर्या हांसदा की हत्या : पंकज सिंह

- नगड़ी में आदिवासी रैयतों की जमीन जबरन छीनने की भूल न करे सरकार: राजीव रंजन पाण्डेय

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** हेमंत सरकार के इशारे पर संथाल के आदिवासी नेता सूर्या हांसदा की हुई फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जांच की मांग एवं रांची के नगड़ी में आदिवासी रैयतों की छीनी जा रही जमीन के खिलाफ भाजपा के राज्यव्यापी आंदोलन के तहत भाजपा, लातेहार जिला कमिटी के द्वारा आक्रोश प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

इससे पूर्व भाजपा के सैकड़ों कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में झंडा-बैनर एवं हाथों में तख्तियां लिए सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए जुलूस की शक्ल में उपायुक्त कार्यालय पहुंचे एवं घंटों आक्रोश प्रदर्शन कर जुलूस को सभा में तब्दील कर दिया।

मौके पर सभा को संबोधित करते हुए पंकज सिंह ने कहा कि संथाल परगना के उभरता हुआ आदिवासी नेता की हत्या हेमंत सरकार के इशारे पर हुई है। सूर्या हांसदा झामुमो-कांग्रेस के नेताओं के गले की फांस बन गए थे। सूर्या हांसदा कोयला, बालू, पत्थर लुट के खिलाफ कार्य कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चार-चार बार लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने वाले सूर्या हांसदा सैकड़ों बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देते थे। उनकी हत्या से झारखंड के आदिवासी समाज में भारी आक्रोश है। हेमंत सरकार फर्जी एनकाउंटर का सीबीआई जांच कराए, अन्यथा भाजपा चुप बैठने वाली नहीं है।

नगड़ी जमीन अधिग्रहण पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रभारी राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि सरकार आदिवासी रैयतों की जबरन जमीन छीनने पर आमादा है। उन्होंने कहा कि जल,जंगल, जमीन की झूठा दंभ भरने वाली सरकार आज सूबे के आदिवासियों के सबसे बड़ी दुश्मन बन चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार हठधर्म छोड़कर रिम्स-2 का निर्माण अन्य जगह पर करे।

वहीं विरोध के दौरान अन्य वक्ताओं ने कहा कि राज्य में अपराध एवं भ्रष्टाचार लगातार बढ़ रही है। हत्या, लुट एवं बलात्कार की घटना से जनता त्राहिमाम कर रही है। खुद को अबुआ सरकार कहने वाली हेमंत सोरेन की सरकार में लगातार आदिवासियों का शोषण हो रहा है। वक्ताओं ने कहा कि हेमंत सरकार को सूर्या हांसदा फर्जी एनकाउंटर का जवाब देना होगा। जबतक सरकार घटना की सीबीआई जांच नहीं कराती भाजपा कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठने वाले।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि अनिल सिंह,पूर्व जिप अध्यक्ष सह भाजपा नेत्री सीतामणी तिर्की, पूर्व जिला महा मंत्री राजन तिवारी, भाजपा नेता पवन कुमार, धीरेन्द्र शुक्ला, आनंदी सिंह बड़ी संख्या में भाजपाई शामिल थे।

## उपायुक्त ने प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखंड के दिशा-निर्देशन में आमजन तक राज्य एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं की जानकारी समय पर पहुंचाने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा विशेष प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विशेष प्रचार वाहन के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित योजनाओं जैसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, अंत्योदय अन्न योजना एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी, ताकि लाभुक समय पर अपने निर्धारित कोटे की सामग्री प्राप्त कर सकें। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे प्रचार रथ से मिल रही जानकारी का लाभ उठाएं और योजनाओं से जुड़कर अपने जीवन स्तर में सुधार करें। मौके पर उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## लिफ्ट देने वाले दो चचेरे भाईयों ने युवती के साथ किया दुष्कर्म

### लातेहार पुलिस ने किया दोनों को गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के एक युवती के साथ जबरन दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। घटना बुधवार की देर शाम की है। जानकारी के अनुसार युवती जिला मुख्यालय से बाजार कर अपने गांव पैदल लौट रही थी। इसी दौरान केंद्रीय विद्यालय के पास खड़ी युवती ने बाइक से गुजर रहे दो युवकों से लिफ्ट मांगी। आरोपी सोनू ठाकुर पिता शंभूनाथ ठाकुर और राहुल ठाकुर पिता विजय ठाकुर (दोनों लाली, मनिका) धर्मपुर स्थित अपने सैलून को बंद कर बाइक से ससुराल गोवा गांव जा रहे थे। लिफ्ट देने के बहाने दोनों युवकों ने युवती को उसके गांव ले जाने के बजाय उदयपुरा के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म किया और उसे उसी हालत में छोड़कर वहां से फरार हो गए। किसी तरह साहस जुटाकर पीड़िता सीधे लातेहार महिला थाना पहुंची और घटना की पूरी आप बीती पुलिस को सुनाई। युवती के लिखित आवेदन पर महिला थाना कांड संख्या 11/2025 बीएनएस के विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम में सदर थाना प्रभारी रमाकांत गुप्ता और महिला थाना प्रभारी दीपाली महली शामिल थीं। पुलिस ने छापामारी कर दोनों आरोपियों को मनिका थाना क्षेत्र के लाली गांव से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपी आपस में चचेरा भाई है। वहीं महिला थाना प्रभारी दीपाली महली ने बताया कि पीड़िता का मेडिकल जांच कराकर अग्रतर कार्रवाई की जा रही हैं।

## प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश ने किया जेल का निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लातेहार के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव सहित बोर्ड ऑफ विजिर्टस ने लातेहार जेल का निरीक्षण किया। बोर्ड ऑफ विजिर्टस ने बंदियों से यह जाना कि उनके साथ किसी तरह का जातिगत भेदभाव तो नहीं किया जाता है। इस पर बंदियों ने बताया कि उनके साथ कोई भेदभाव नहीं होता है। इसके साथ ही बोर्ड ऑफ विजिर्टस ने जेल के प्रत्येक बैरक में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, ईलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने या न होने की जानकारी ली।

इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने पढ़ाई करने के इच्छुक बंदियों को समुचित शिक्षा की व्यवस्था कराने की भी बात कही। जेल में स्कैनर का समुचित प्रयोग करने, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बंदियों को न्यायालय में पेश करने का निर्देश दिया। सिंह ने जेल प्रशासन को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं बंदियों को उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं की जानी चाहिए। इस दौरान उनके साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव शिवम चौरसिया एवं प्रभारी न्यायाधीश उत्कर्ष जैन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन आदि मौजूद थे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह के शांतिनिकेतन पब्लिक स्कूल में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की गयी। स्वास्थ्य जांच शिविर में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉक्टर निशांत, डॉक्टर नील ध्वज और निशा रानी शामिल थीं। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जांच के क्रम में बच्चों की लंबाई, वजन, आंखों की रोशनी, दांतों की स्थिति, बुखार सहित अन्य सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। पढ़ाई के दौरान बच्चों में आंख की सभी समस्याओं पर गंभीरता से जांच किया गया। वहीं अन्य बीमारियों से सावधानी बरतने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने बच्चों को साफ-सफाई, संतुलित आहार और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। स्वास्थ्य जांच शिविर में विद्यालय के निदेशक डॉ पवन कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों में बीमारियों के बढ़ाने की संभावना रहती है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन विद्यालय प्रबंधन के द्वारा किया गया है। विद्यालय प्रबंधन के द्वारा नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच कराई जाती है ताकि बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल दिया जा सके। वहीं विद्यालय के प्राचार्य शांतनु डे चिकित्सकों की टीम को का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय प्रबंधन को बेहतर शैक्षणिक माहौल देने में स्वास्थ्य विभाग की टीम के महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### डीटीओ व डीएसपी के नेतृत्व में चला वाहन जांच अभियान

**लातेहार।** उपायुक्त के निर्देश पर डीटीओ उमेश मंडल और पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गुरुवार को लातेहार थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। अभियान में कुल 56 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 20 वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के उल्लंघन के मामले में चालान काटा गया। विभाग द्वारा कुल 40,500 जुमार्ना राशि वसूली गई। जांच के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, कागजात अधूरे रखने वाले तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर विशेष निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने चालकों को नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी और जागरूक भी किया कि सड़क सुरक्षा केवल कानून का पालन करने से नहीं बल्कि स्वयं की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। अभियान में परिवहन विभाग और पुलिस बल की संयुक्त टीम सक्रिय रही। अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस तरह के अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।

### जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 18-19 सितंबर को

**लातेहार।** निदेशक खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची के निदेर्शानुसार आगामी 18 एवं 19 सितंबर को जिला स्तरीय खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया है। जिला स्तरीय खेल प्रतिभा चयन प्रतियोगिता का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित जिला खेल स्टेडियम में होगा। जिला खेल पदाधिकारी लातेहार अविनेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागी द्वितीय चरण में राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता के पश्चात चयनित प्रतिभागियों को राज्य के विभिन्न जिलों में संचालित आवासीय क्रीडा प्रशिक्षण केंद्र, सेंटर आफ एक्सीलेंस एवं जेएसएसपीएस अंतर्गत संचालित विभिन्न खेल प्रशिक्षण केंद्रों में प्रवेश दिया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में 10 वर्ष से 14 वर्ष के अंदर के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला स्तरीय प्रतिभा चयन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति द्वारा कुल 135 अभ्यावेदनों की समीक्षा की गई। विचार विमर्श के बाद समिति द्वारा 135 में से 134 अभ्यावेदनों की अनुशंसा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा समीक्षा के क्रम में सड़क दुर्घटना में चतरा जिला से संबंधित एवं डूबने से हुई मौत के मामले में पलामू जिला से संबंधित भुगतान अबतक नहीं होने की स्थिति पर अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लातेहार को संबंधित जिलों से प्रतिवेदन प्राप्त कर उपायुक्त कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सड़क दुर्घटना, वज्रपात से मानव एवं मवेशियों की मौत, डोभा, नदी, जलाशयों में डूबने से हुई मौत, सर्पदंश आदि से संबंधित आवेदनों पर विचार विमर्श किया गया। अंचल एवं अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा आवेदनों के जांच एवं सत्यापन के आधार पर प्राप्त प्रस्ताव को भुगतान के लिए स्वीकृति दी गई। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, अपर समाहर्ता सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, लातेहार रामा रविदास, कार्यपालक दंडाधिकारी सह विधि शाखा प्रभारी पदाधिकारी अनिल मिंज और अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## हाइवा वाहन मालिक संघ का हुआ पुनर्गठन

नवीन मेल संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के विस्थापित-प्रभावित हाइवा वाहन मालिक संघ के पुनर्गठन को लेकर पंचायत भवन कसियाडीह में बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कामाख्या नारायण सिंह व संचालन महाबीर प्रसाद साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सीसीएल क्षेत्र के प्रतिनियुक्त सांसद प्रतिनिधि प्रेम विकास उर्फ मंटू सिंह शामिल रहे। अध्यक्ष पद के लिए कुल तीन अभ्यर्थियों ने दावेदारी पेश की। सेरनदाग निवासी हेमराज साहू को विजेता घोषित किया गया। वहीं कमेटी का विस्तार करते हुए सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष के पद पर गणेश कुमार साहू एवं ईश्वरी साव, सचिव प्रवीण शर्मा, उप-सचिव संतोष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार साहू, मीडिया प्रभारी बसंत कुमार व कृष्णकांत साव समेत 14 सदस्यीय संरक्षक मंडली में मनोनीत किये गये। निर्वाचित सदस्यों को सांसद प्रतिनिधि ने माला पहनाकर स्वागत करते हुए वाहन मालिकों के हित में संवैधानिक तौर लड़ाई लडने हेतु सदैव तत्पर रहने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर सैंकड़ों वाहन मालिक मौजूद थे।

### चंदवा में भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

## आदिवासियों की जमीन छीनकर विकास का ढिंढोरा पीट रही है राज्य सरकार : अमित गुप्ता



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकतार्ओं ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर की उच्च स्तरीय जांच करने व रिम्स- टू विवाद को लेकर आक्रोश मार्च और प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता कर रहे थे। आक्रोश मार्च में प्रभारी के रूप में पंकज यादव मौजूद रहे। आक्रोश मार्च पथ निर्माण विश्रामागार से निकलकर प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ता सूर्या हांसदा के फर्जी एनकाउंटर की उच्च स्तरीय जांच करने और रांची के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स टू के नाम पर आदिवासियों की रैयती जमीन छीनना बंद करो आदि नारे लगा रहे थे। प्रखंड मुख्यालय में सभा के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा कि सरकार निर्दोष आदिवासी सूर्या हांसदा का फर्जी एनकाउंटर कर और आदिवासियों की जमीन छीनकर विकास का ढिंढोरा पीट रही है। रैयती जमीनों पर जबरन कब्जा कर रिम्स-2 का निर्माण आदिवासियों के अस्तित्व और पहचान पर हमला है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू ने कहा कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर न्यायिक प्रक्रिया के बिना किया गया है, यह लोकतंत्र के लिए काला अध्याय है। हमारी मांग है कि इसकी जांच सीबीआई से कराई जाए। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि आदर्श रवि राज ने किया। मौके पर चंदवा मंडल प्रभारी पंकज यादव,निवार्तमान जिला मंत्री कुलामन साहू,मंडल महामंत्री दीपक निषाद, शिवकेश्वर यादव, मंडल उपाध्यक्ष आशीष सिंह, विधायक प्रतिनिधि (स्वास्थ्य) विजय दूबे,संजय साव,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा, हिरामनी देवी, विभा देवी, विधायक प्रतिनिधि सुरेश यादव, अमृत गंझू, अवधेश यादव, मंडल मंत्री भुनेश्वर प्रजापति, मनीष गुप्ता, आशीष लाल शाहदेव, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, चंद्रभूषण केसरी, रोहित शाहदेव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मिट्टी का घर गिरा बाल-बाल बचे लोग

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सालवे पंचायत के सालवे ग्राम में राहुल गंझू का मिट्टी का घर गिर गया। हादसे में उसकी पत्नी व बच्चे बाल-बाल बचे गए। राहुल गंझू ने बताया कि घटना के समय उसकी पत्नी गुल्सी देवी, 30 वर्ष व उसका 12 वर्ष का बेटा सूरज घर सोए हुए थे। घटना के ठीक पहले कुछ आवाज सुनकर मेरी पत्नी चारपाई से उठकर दरवाजे की तरफ बढी कि ठीक उसी समय भर-भरा कर दीवार गिर गया, हादसे में मेरा बच्च मिट्टी में दब गया। मिट्टी और लकडी हटाकर बच्चे को बाहर सुरक्षित बाहर निकाला। इस घर में राहुल गंझू व उसका भाई परिवार के साथ रहते हैं। परिवार में कुल 11 सदस्य रहते है। दोनों भाईयों को किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। वहीं परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास योजना का लाभ दिलवाने की मांग की है।

# बनने के साथ ही क्षतिग्रस्त हुआ लुकुइया-बोदा सड़क पर बना नव निर्मित पुलिया

- सड़क व पुलिया निर्माण में बरती गई है भारी अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लुकुइया से बोदा तक बनी नव निर्मित ग्रामीण सड़क में भारी अनियमितता बरते जाने का मामला सामने आया है। उक्त सड़क पर भदईटांड़ के समीप बना पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया। गुरुवार सुबह पुलिया क्षतिग्रस्त होने की खबर मिलते ही सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिया निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़ा किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि संवेदक के द्वारा सड़क व पुलिया निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। जिसका विरोध ग्रामीण शुरू से ही करते आ रहे हैं, इसके बावजूद कार्य में सुधार नहीं किया गया। नव निर्मित सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई। जिसके कारण बनने के साथ ही कई जगह पर सड़क व पुलिया क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने बताया कि अगर समय रहते पुलिया को दुरुस्त नहीं किया गया तो यह पूरी तरह से ध्वस्त हो जायेगा। जिससे ग्रामीणों को जान माल की क्षति पहुंचने का खतरा है। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उक्त सड़क काफी सालों से जर्जर हालत में थीं। सड़क निर्माण का कार्य जब शुरू हुआ तो लगा कि जल्द ही उन्हें जर्जर सड़क की समस्या से निजात मिल जाएगी, लेकिन जिस प्रकार से सड़क पहली बरसात भी नहीं झेल पाई है, उससे लगता है कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से लुकुइया से बोदा तक बनी नव निर्मित सड़क की जांच कर इसे दुरुस्त कराने की मांग की है।

# शहर में पेयजल संकट गहराया खाली बर्तन लेकर सड़क पर उतरे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**● टैंकर से पानी मिलने के बाद खुला जाम**

**सिमडेगा।** शहरी क्षेत्र में लगातार 12 दिनों से पेयजल सप्लाई बाधित रहने से नाराज़ स्थानीय लोग गुरुवार की सुबह खाली डब्बा, बाल्टी और बर्तन लेकर सड़क पर उतर आए। कांग्रेस नेता प्रदीप केशरी के नेतृत्व में गुलज़ार गली की महिलाओं और पुरुषों ने नगर परिषद के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया।प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लंबे समय से पानी की सप्लाई बंद है, जिससे रोजमर्रा की जिंदगी पर बुरा असर पड़ा है। घरों में खाना बनाने से लेकर पीने के पानी तक की भारी किल्लत हो गई है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बीच में उपायुक्त के हस्तक्षेप के बाद एक दिन पानी सप्लाई किया गया, लेकिन अगले ही दिन से फिर सप्लाई बंद हो गई। लोगों ने आरोप लगाया कि नगर परिषद उनकी समस्याओं के प्रति पूरी तरह लापरवाह है और बार-बार की शिकायत के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।गुलज़ार गली की महिलाओं ने बताया कि पानी की कमी से बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। वहीं लोगों ने चेतावनी दी कि अगर शीघ्र ही पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।सीता देवी ने कहा"बारह दिन से पानी बंद है। हमें दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बड़ी समस्या है।माधुरी देवी नगर परिषद को हमारी कोई चिंता नहीं है। एक दिन पानी सप्लाई करने के बाद फिर बंद कर दिया गया। आखिर हम कब तक परेशान होते रहेंगे।घनश्याम केशरी ने कहा नगर परिषद पूरी तरह असंवेदनशील है।

# पोषण माह पर सिमडेगा में 150 परिवारों को मिला राहत राशन



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** पोषण माह के अवसर पर संस्था छोटानागपुर कल्याण निकेतन ने इंडिया रूरल अपलिफ्टमेंट इनीशिएटिव के तहत "कुपोषण मुक्त भारत" अभियान को गति देते हुए बच्चों और परिवारों के लिए राहत राशन वितरण किया। इस दौरान सिमडेगा जिले के मेरोमडेग और टुकुपानी पंचायत स्थित चार आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े 150 परिवारों को राशन उपलब्ध कराया गया।संस्था के सचिव प्रियंका सिन्हा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बच्चों में कुपोषण की समस्या को कम करना और परिवारों को पोषण के प्रति जागरूक बनाना है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक रोहित कुमार, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर हेमंत राम, पंचायत प्रमुख शकुंतला सिंह, पंचायत कोऑर्डिनेटर शांति देवी समेत कई कार्यकर्ताओं और वालंटियर्स ने सक्रिय भूमिका निभाई।इस अवसर पर माता समिति की महिलाओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। माताओं को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण संबंधी जानकारी दी गई तथा उनसे आंगनबाड़ी केंद्रों की सुविधाओं का नियमित उपयोग करने का आग्रह किया गया।

# डीसी के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने जनता दरबार लगाकर सुनी लोगों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा के दिशा-निर्देशन में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र ने समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। अपर समाहर्ता ने प्रत्येक आवेदक की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में विभिन्न प्रकार की समस्याएं सामने आईं। इसमें अंतरजातीय विवाह के तहत मिलने वाले लाभ उपलब्ध कराने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को पुनः चालू करने, अवैध शराब निर्माण एवं गांजा बिक्री पर रोक लगाने, सरकारी तालाब की मरम्मति करने, जमीन की लगान रसीद जारी करने, अबुआ आवास योजना की राशि गलत खाते में भुगतान होने से जुड़ी समस्या, भारी बारिश से टूटे बांध की मरम्मति कराने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने तथा खतियानी जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे से संबंधित आवेदन शामिल रहे।

## कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत बोलबा में पुरुष व महिला हॉकी टूर्नामेंट संपन्न

**बोलबा।** मोर पुलिस, मोय पुलिस के बैनर तले पुलिस-पब्लिक सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोलबा थाना अंतर्गत पिड़ियापोंछ पारिस मैदान में 5 सितंबर से पुरुष एवं महिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। गुरुवार, 11 सितंबर को हुए समापन समारोह में सिमडेगा पुलिस अधीक्षक ने फाइनल मैच का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला वर्ग की कुल 72 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में ओडिशा की सागजोर टीम ने झारखंड की सिंगार क्लब बेलकुबा को हराकर खिताब जीता। महिला वर्ग में टैंसेर ने किरेलेगा, ओडिशा को हराया, जबकि अन्य मुकाबले में रेंगार बहार गिरजा टोली ने किरेलेगा को पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की।समापन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह के आयोजन न केवल पुलिस और जनता के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध स्थापित करते हैं, बल्कि युवाओं को सकारात्मक गतिविधियों की ओर प्रेरित करते हैं।

## दुर्गा पुजा को लेकर केरसई थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**केरसई।** थाना परिसर में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर आज शांति समिति की बैठक अंचल अधिकारी देवकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक मे शांति पूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि क्षेत्र में सभी पर्व त्योहार सभी समुदाय के लोग मिलजूल कर आपसी भाईचारे से मनाते आ रहे हैं और आगे भी मनाते रहेंगे ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।अंचलाधिकारी देवकांत सिंह ने कहा कि विधि व्यवस्था के लिए प्रशासन को जनता का सहयोग आवश्यक है।इसमें क्षेत्र के लोग सहयोग करते रहे हैं। यहाँ के लोग शांति प्रिय हैं । सभी धर्मा के लोग एक दूसरे के पर्व में शामील होते हैं । किसी भी समस्या को आपस में मिल बैठ कर समाधान करते हैं,वही सोसल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाएगी आपत्तिजनक पोस्ट डालने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि दुर्गा पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें।

## पुलिस ने 66 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर लौटाए मालिकों को

**सिमडेगा।** अपराध नियंत्रण और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सिमडेगा पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने जिले के विभिन्न थानों में दर्ज शिकायतों और तकनीकी जांच के आधार पर 66 चोरी एवं गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए।बरामद मोबाइल फोन गुरुवार को नगर भवन, सिमडेगा में आयोजित समारोह में उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। मोबाइल पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी और संतोष झलक उठा। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने अपना फोन वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन पुलिस की मेहनत और अथक प्रयास से उन्हें अपनी अमूल्य संपत्ति फिर से मिल गई।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिमडेगा पुलिस जनता की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, "मोबाइल सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि उसमें आपकी यादें, संपर्क और जीवन के अहम हिस्से जुड़े होते हैं।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**

**(चोरी की गई हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल)**

गढ़वा थाना कांड सं0–294/25 दिनांक–01.07.2025 धारा–303(2) बी0एन0एस0 में चोरी की गयी हिरो स्पलेण्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0– JH03AN2828 एवं इंजन नं0–HA11E8RHA57574 एवं चेचिस नं0– MBLHAW228RHA90260 का दिनांक–27.06. 2025 को चोरी हो जाने के संबंध में कांड दर्ज किया गया है। उक्त चोरी की गई मोटरसाईकिल का काफी खोजबीन किया गया परन्तु उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी की गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा

PR 361678 Police(25-26).D

## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा

**–:आम सूचना:–**

सरकार के सचिव कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड, राँची द्वारा निर्गत राज्यादेश संख्या 01 रा0 (नि0) दिनांक 14.05.2025 के तहत पंचायत स्तरीय दो दिवसीय विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन माह–सितम्बर 2025 में किया जा रहा है, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी/संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जानकारी/बीमार पशुओं की चिकित्सा, कृत्रिम गर्भाधान, टिकाकरण एवं मल, मूत्र रक्त आदि की जाँच की जाएगी। पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर इसका लाभ उठायेंगे।

**–: पंचायत का नाम, ग्राम तथा शिविर आयोजन की तिथि :–**

| क्र.स | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन की तिथि | शिविर स्थल का नाम | उत्तरदायी पदाधिकारी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडू | कुडू | 15.09.2025 | जामुनटोली | डॉ0 शकुनतला सुरेन, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कुडू 9934038731/9431361554 |
| | | | 16.09.2025 | नवाटोली | |
| 2 | | टाटी | 19.09.2025 | टाटी डुमरटोली | |
| | | | 20.09.2025 | टाकू | |
| 3 | | जीमा | 24.09.2025 | जीमा | |
| | | | 25.09.2025 | चटकपूर | |
| 4 | | कोलसीमरी | 26.09.2025 | उमरी | |
| | | | 27.09.2025 | सुकुरहुटु | |
| 5 | | सलगी | 15.09.2025 | कटईटोली | डॉ0 रोहित कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कण्डरा 9709095993/8809426652 |
| | | | 16.09.2025 | धोबरना | |
| 6 | | चाँपी | 18.09.2025 | छोटकीचाँपी | |
| | | | 19.09.2025 | बड़कीचाँपी | |
| 7 | | सुन्दुरू | 20.09.2025 | ओपा | |
| | | | 23.09.2025 | सुकुमार | |
| 8 | | चीरी | 24.09.2025 | चीरी | |
| | | | 25.09.2025 | बरवाटोली | |
| 9 | लोहरदगा | जूरिया | 15.09.2025 | कटहर टोली | डॉ0 मनीषा लकड़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, रामपूर 8969860976 |
| | | | 16.09.2025 | भट्टी टोली | |
| 10 | | रामपूर | 19.09.2025 | शिबना टोली | |
| | | | 20.09.2025 | रामपूर | |
| 11 | | बाघा | 25.09.2025 | बाघा | |
| | | | 26.09.2025 | नवाटोली | |
| 12 | | हरमू | 15.09.2025 | हरमू | डा0 अभिषेक उराँव, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लोहरदगा 9431528212 |
| | | | 16.09.2025 | नदिया | |
| 13 | | हेसल | 18.09.2025 | कुज्जी | |
| | | | 19.09.2025 | कुजरा | |
| 14 | | मन्हो | 20.09.2025 | बरगांवां | |
| | | | 23.09.2025 | बंजार किस्को | |
| 15 | | जोरी | 24.09.2025 | सहेदा | |
| | | | 25.09.2025 | कुटमू | |
| 16 | पेशरार | पेशरार | 19.09.2025 | झमटमार | डा0 बिरसा उराँव, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, पतरातू 7488660969/9798078205 |
| | | | 20.09.2025 | कोयनारटोली | |
| 17 | | रोरद | 24.09.2025 | ओनेगड़ा | |
| | | | 25.09.2025 | ईयबाडाड़ | |
| 18 | | तुईमू | 26.09.2025 | तुडूर | |
| | | | 27.09.2025 | गड़ातू | |
| 19 | किस्को | परहेपाट | 15.09.2025 | जनबल | डा0 जॉनसन भेंगरा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, किस्को 9905177660 |
| | | | 16.09.2025 | नर्रगाटोली | |
| 20 | | हिसरी | 18.09.2025 | हिसरी | |
| | | | 19.09.2025 | मेरले | |
| 21 | | आरेया | 23.09.2025 | चरहू | |
| | | | 24.09.2025 | निरहू | |
| 22 | | खरकी | 25.09.2025 | बानपूर | |
| | | | 26.09.2025 | खरकी | |
| 23 | किस्को | बेटहट | 18.09.2025 | बेटहट | डा0 सत्यजय केरकेट्टा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, खरचा, 9430190718 |
| | | | 19.09.2025 | आनन्दपूर | |
| 24 | | नावाडीह | 23.09.2025 | फटेयाटोली | |
| | | | 24.09.2025 | नारी | |
| 25 | | पाखर | 26.09.2025 | तिसिया | |
| | | | 27.09.2025 | सलैया | |
| 26 | भण्डरा | मसमानो | 19.09.2025 | मसमानो | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 7903325460 |
| | | | 20.09.2025 | बेदाल | |
| 27 | | उदरंगी | 23.09.2025 | उदरंगी सेंगरा टोली | |
| | | | 24.09.2025 | बैमारी | |
| 28 | | बड़ागाई | 18.09.2025 | खिजरी | डा0 संजय उरांव भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चट्टी, भण्डरा, 9905411330 |
| | | | 19.09.2025 | कांजो | |
| 29 | | जमगाई | 20.09.2025 | डुमरी | |
| | | | 23.09.2025 | पण्डरिया | |
| 30 | | भीठा | 24.09.2025 | धोबली | |
| | | | 25.09.2025 | कचमची | |
| 31 | | गडरपो | 15.09.2025 | पोड़हा आंगन बांडी | डा0 अंजिला श्रद्धा तृप्ति कुजूर भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भण्डरा 8974749989 |
| | | | 16.09.2025 | अम्दरी आंगन बांडी | |
| 32 | | भौरो | 18.09.2025 | भौरो नवाटोली | |
| | | | 19.09.2025 | सोरोन्दा | |
| 33 | | भण्डरा | 23.09.2025 | पझरी आंगन बाड़ी | |
| | | | 24.09.2025 | कसपूर नवाटोली | |
| 34 | कैरो | गजनी | 15.09.2025 | गजनी | डा0 अमरदीपक तिग्गा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कैरो 7250757243 |
| | | | 16.09.2025 | खण्डा | |
| 35 | | गुड़ी | 18.09.2025 | चिपो | |
| | | | 19.09.2025 | नगड़ा | |
| 36 | | कैरो | 20.09.2025 | कैरो | |
| | | | 23.09.2025 | उटका | |
| 37 | | नरौली | 24.09.2025 | चरीमा | |
| | | | 25.09.2025 | नगजुआ | |
| 38 | सेन्हा | सेन्हा | 15.09.2025 | सेन्हा, उराँव टोली | डॉ0 मनोज कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सेन्हा 7004141738 |
| | | | 16.09.2025 | एकागुड़ी, टंगराटोली | |
| 39 | | बदला | 19.09.2025 | बदला–खास | |
| | | | 20.09.2025 | बदला–नवाटोली | |
| 40 | | मुर्की तोड़ार | 23.09.2025 | मुर्की | |
| | | | 24.09.2025 | बसरी | |
| 41 | | झालझमीरा | 26.09.2025 | झालझमीरा–बड़काटोली | |
| | | | 27.09.2025 | झालझमीरा–टीपाटोली | |

**नोट:**–लोहरदगा जिलान्तर्गत सभी पंचायतों के स्थानीय जनप्रतिनिधि/मुखियागणों को सभी विशेष पशुचिकित्सा शिविरों में सादर आमंत्रित किया जाता है एवं पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अपने पशुओं को बिमारियों से बचाव हेतु टीका/औषधियाँ अवश्य दिलाएँ।

जिला पशुपालन पदाधिकारी
लोहरदगा।

PR.NO.361671 Lohardaga(25-26):D

## प्रपत्र VII
## समाहर्त्ता या समुचित सरकार
## उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

ज्ञापांकः– 2142/भू0अ0 दिनांकः– 08.09.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना–Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण** हेतु ग्राम–**बरवाडीह**, थाना नं0–**56** थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में कुल रकबा **1.2328** एकड़ यानि **0.49890** हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से 1.**2328** एकड़ यानि **0.49890** हेक्टेयर है और जो ग्राम–**बरवाडीह**, थाना नं0–**56** थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 81 | - | 669 | – | – | 0.0046 | महेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो एवं अन्य। | उपेन्द्र दांगी | पक्की सड़क | उपेन्द्र दांगी | रामेश्वर महतो |
| 82 | - | 670 | – | – | 0.0046 | महेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो एवं अन्य। | उपेन्द्र दांगी | पक्की सड़क | उपेन्द्र दांगी | रामेश्वर महतो |
| 83 | - | 670 | – | – | 0.0046 | उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो एवं अन्य। | महेन्द्र दांगी | पक्की सड़क | कच्ची रास्ता | महेन्द्र दांगी |
| 84 | - | 672 | – | – | 0.0046 | उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो एवं अन्य। | महेन्द्र दांगी | पक्की सड़क | कच्ची रास्ता | महेन्द्र दांगी |
| 85 | - | 672 | – | – | 0.0022 | रामेश्वर महतो वगै0 पिता– अकल महतो एवं अन्य। | नीज | पक्की सड़क | उपेन्द्र दांगी | उपेन्द्र दांगी |
| 86 | - | 673 | – | – | 0.0052 | उपेन्द्र दांगी पिता– केशो महतो एवं अन्य। | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | तुलसी ठाकुर | रामेश्वर महतो |
| 87 | - | 574 | – | – | 0.0100 | तुलसी ठाकुर वगै0 बिजय ठाकुर पिता– सोहन ठाकुर | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | शंकर महतो | उपेन्द्र दांगी |
| 88 | - | 575 | – | – | 0.0100 | तुलसी ठाकुर वगै0 बिजय ठाकुर पिता– सोहन ठाकुर | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | शंकर महतो | उपेन्द्र दांगी |
| 89 | - | 576 | – | – | 0.0609 | शंकर महतो पिता– रामधन महता एवं अन्य।` | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | रामजीत महतो | तुलसी ठाकुर वगै0 |
| 90 | - | 578 | – | – | 0.0060 | शंकर महतो पिता– रामधन महतो एवं अन्य। | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | रामजीत महतो | तुलसी ठाकुर वगै0 |
| 91 | - | 577 | – | – | 0.0068 | रामजीत महतो पिता– अकल महतो एवं अन्य। | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | सुरेश दांगी | शंकर महतो |
| 92 | - | 578 | – | – | 0.0142 | सुरेश दांगी पिता– रामधन महतो एवं अन्य। | रामेश्वर महतो | पक्की सड़क | प्रमोद दांगी | शंकर महतो |
| 93 | - | 578 579 | – | – | 0.0134 | प्रमोद दांगी वो प्रदीप दांगी पिता– तुलसी महतो एवं अन्य। | नीज | पक्की सड़क | बिरेन्द्र | सुरेश दांगी |
| 94 | - | 620 | – | – | 0.0065 | लखन दांगी पिता– रेवा महतो एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | आदिल लाल | राजेश दांगी |
| 95 | - | 619 | – | – | 0.0065 | आदित्य लाल पिता– भजन साव एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | रामचन्द्र ठाकुर | लखन दांगी |
| 96 | - | 618 | – | – | 0.0076 | रामचन्द्र ठाकुर वगै0 पिता– लुढन ठाकुर | पक्की सड़क | नीज | हरी प्रजापति वगै0 | आदित्य लाल |
| 97 | - | 617 | – | – | 0.0042 | हरी प्रजापति वगै0 पिता– बढ़न प्रजापति | पक्की सड़क | बिरेन्द्र दांगी | दशरथ दांगी | रामचन्द्र ठाकुर |
| 98 | - | 613 | – | – | 0.0098 | दशरथ दांगी पिता– डिलो महतो एवं अन्य। | पक्की सड़क | बिरेन्द्र दांगी | गुरूदयाल महतो | हरी प्रजापति |
| 99 | - | 612 | – | – | 0.0065 | गुरूदयाल महतो पिता– रघु महतो एवं अन्य। | पक्की सड़क | सुरेन्द्र दांगी | नरेश दांगी | दशरथ दांगी |
| 100 | - | 608 | – | – | 0.0065 | गुरूदयाल महतो पिता– रघु महतो एवं अन्य। | पक्की सड़क | सुरेन्द्र दांगी | नरेश दांगी | दशरथ दांगी |
| 101 | - | 607 | – | – | 0.0062 | नरेश दांगी पिता– इन्द्रदेव महतो एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | महेन्द्र दांगी | गुरूदयाल महतो |
| 102 | - | 606 | – | – | 0.0008 | महेन्द्र दांगी पिता– केशा दांगी एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | राजेश दांगी | नरेश दांगी |
| 103 | - | 606 | – | – | 0.0042 | राजेश दांगी पिता– लखन दांगी एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | बालो साव | महेन्द्र दांगी |
| 104 | - | 556 | – | – | 0.0119 | बालो राम पिता– जादो साव एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | हरीहर रजक | राजेश दांगी |
| 105 | 76 | 588 | – | – | 0.0070 | हरीहर रजक पिता– सोमर बैठा एवं अन्य। | पक्की सड़क | नीज | वृक्ष ठाकुर | बालो साव |
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# राष्ट्रगौरव के गायक प्रभात जी



सरस्वती के वरद् साधक प्रभात जी बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार थे।पुलिस सेवा में उच्च पद पर रहते हुए भी इन्होंने साहित्य की अपूर्व सेवा की। यह इनके साहित्य प्रेम का परिचालक है।इनकी कवि प्रतिभा किशोरावस्था मे ही अंगडाई ले उठी थी और 1928 में ही -कलेजे के टुकडे के नाम से इनकी षट्पदियों का एक संग्रह निकल गया।

प्रशासकीय व्यस्तता और सीमा मे आबद्ध होते हुए भी वे साहित्य साधना में सतत् संलग्न रहे।अपनी साधना के क्रम में ये क्रमशः भावुकता और कल्पना के शिखर से अनुशीलन और चिंतन की गहराई की ओर बढते गए।

प्रभात जी मूलतः कवि थे किन्तु साहित्य की अन्य विधाओं पर भी इनकी लेखनी साधिकार चली है।प्रभात जी ने प्रायः सभी वर्ग के पाठकों के लिए साहित्य सर्जना की है।बालको के लिए -सत्यं शिवं सुन्दर, किशोरों के लिए-समुद्र के मोती, आश्चर्यजनक कहानियां ,मनोरंजक कहानियां,मूर्खों की कहानियां, परिणत वय के लिए कंपन एवम् चिर स्पर्श, उक्त कथन के प्रमाण हैं।

गीतकार प्रभात का विकास प्रबंधकार के रुप में हुआ है और प्रबंधकार के रुप मे वे अधिक विख्यात हैं। कैकेयी,ऋतंवरा,प्रभास कृष्ण, तप्त गृह, कर्ण,व्रत बद्ध,अस्थि दान,मुक्ति संग्राम, राष्ट्र-पुरुष, श्वेत नील,कलापिनी,कंपन,सेतुबंध, शुभ्रा, और प्रवीर जैसे प्रबंध काव्यों की रचना कर उन्होंने इस क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

उनका कैकेयी प्रबंध काव्य की चिर कलंकिनी कैकेयी के कलंक प्रक्षालन के निमित्त किया गया एक सफल एवम् साधु साहित्यिक प्रयास है।यहाँ युग युग की कलंकिनी कैकेयी राष्ट्र माता के रुप मे निखर उठी है।उसने राष्ट्र की जय के लिए अपने वैधव्य तक को स्वीकार किया:

वैधव्य मुझे स्वीकार राष्ट्र की जय हो,
दासत्व न मुझको अंगीकार राष्ट्र की जय हो।

प्रभात जी के अनुसार राम वन गए, तो बन गए।
वन की ओर राम का जाना मानवता की जय है
आर्य सभ्यता संस्कृति की जय है
शत नमन मेरा तुम्हे

शीर्षक कविता में उन्होने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी के दिव्य कर्मो की चर्चा करते हुए उनका अभिनंदन किया है:

शत नमन मेरा तुम्हे।
तुम सहस्त्रों सूर्य का आलोक ले फहरा रहे हो।
तुम सहस्त्रों इन्द्र धनुष से व्योम में लहरा रहो हो
तुम सहस्त्रों स्वप्न आशाएं अनंत उगा रहो हो
प्रतिअखंड तरंग कंपन से नया युग ला रहो हो
जागरण के चिन्ह !जागृति के तुमुल उल्लास!
शत नमन मेरा तुम्हे।

1973 में जैन कालेज आरा के हमारे परमादरणीय गुरुदेव डा दीनानाथ सिंह महाकवि केदारनाथ मिश्र प्रभात के छत्रपति शिवाजी के जीवन पर आधारित खंड काव्य 'राष्ट्र पुरुष' को पढ़ाते हुए कहा करते थे कि बिहार के कवियों को एक चतुर्भुज मान लिया जाये तो उसकी एक भुजा राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर होंगे तो दूसरी भुजा केदारनाथ मिश्र प्रभात,तीसरी भुजा मोहनलाल महतो वियोगी और चौथी भुजा आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री जी होंगे,उनका यह कथन आज तक मुझे भली-भांति याद है। इन चारों कवियों पर साहित्य जगत् को नाज और ताज है।

11 सितम्बर1907 को वीर भूमि आरा में जन्मे ऐसे राष्ट्र के गौरव गायक महाकवि प्रभात जी का 2 अप्रैल 1984 को पटना में आकस्मिक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से साहित्यिक जगत् की अपूरणीय क्षति हुई।15.10.1961 को महाप्राण निराला के आकस्मिक निधन पर सुप्रसिद्ध गीतकार डा शिवमंगल सिंह सुमन ने निराला को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जो पंक्तियां कहीं थी,आज मुझे महाकवि प्रभात जी की जयंती पर याद आ रही हैं :-

तुम जीवित थे तो सुनने का जी करता था,
तुम चले गये तो गुनने का जी करता है।
तुम सिमटे थे तो सहमी सहमी सांसें थीं,
तुम बिखर गये तो चुनने का जी करता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डा जंग बहादुर पाण्डेय**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# न्यूज बॉक्स

## पूर्व मुखिया के श्राद्ध कर्म में जनप्रतिनिधि समेत दर्जनों लोग हुए शामिल



**बरकट्ठा ।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोनहारा खुर्द पंचायत के पूर्व मुखिया रघुनाथ सिंह के श्राद्धकर्म एवं ब्रह्मभोज कार्यक्रम में सैकड़ों लोग सम्मिलित होकर उनके स्मृति चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पुण्यात्मा के शांति हेतु प्रार्थना किया। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, सतीश सिंह, पुरोहित संजय पांडेय, मुकेश सिंह, झामुमो नेता प्रमोद गुप्ता, झुरझुरी पंचायत अध्यक्ष चन्द्रिका प्रसाद, राजकुमार चौधरी, जितेंद्र उर्फ ढिल्लू गुप्ता, प्रमोद दास, समन्तो प्रजापति, शिक्षक शंकर गुप्ता, प्रेम उर्फ मुन्ना सिंह, कपिलदेव यादव, आदित्य सिंह, किशोर पासवान, बिनोद पासवान, अजय गुप्ता, पंकज गुप्ता समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा कैंट मंडल व ग्रामीण मंडल ने सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामले में किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन




**रामगढ़।** भाजपा कैंट मंडल व ग्रामीण मंडल ने कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव और ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय शाह के नेतृत्व में 11 सितंबर को आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन स्वर्गीय सूर्या हंसदा एनकाउंटर को लेकर किया । इस संबंध में पार्टी सदस्यों ने कहा की सूर्या हांसदा की फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर उसे एनकाउंटर बताया जा रहा है । जो गलत है। कहा की इस मुद्दे पर पार्टी द्वारा पूरे राज्य में आक्रोश प्रदर्शन किया जा रहा है। पूरे मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद ने कहा की झारखंड सरकार मनमानी कर रहे है। कहा एक आदिवासी परिवार के सूर्या हांसदा को की फर्जी मुठभेड़ में हत्या कर सरकार उसे एनकाउंटर बता रही है। यह सूर्या हांसदा के साथ पूरे आदिवासी समाज के साथ अन्याय है। जिसकी जांच सीबीआई द्वारा कराई जाए । ताकि सच्चाई सामने आ सके। राकेश प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लूट और भय का माहौल बना हुआ है। आए दिन लूट और डकैती की घटना हो रही है। राज्य में बालू ,पत्थर ,लोहा ,कोयला की लूट मची है। कहा कि यदि इसपर लगाम नही लगाया गया तो पार्टी इसके विरूद्ध चरणबद्ध आंदोलन करेगी। आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम 11:00 बजे प्राचीन दुर्गा मंदिर, बिजुलिया के निकट से होते हुए रामगढ़ प्रखंड मुख्यालय पहुंचा। जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलराम प्रसाद, कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, शर्मा,धीरज साहू,सत्यजीत सिंह, मोहन पांडे,नरेश साहू अमित ठाकुर आदि शामिल हुए।

## गोरहर नदी में बहा ट्रैक्टर, चालक सुरक्षित

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के गोरहर नदी में गुरुवार को एक ट्रैक्टर बह गया। जानकारी के अनुसार, ट्रैक्टर मालिक गुलाम अंसारी बालू लाने के लिए नदी गए थे। इस बीच अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और ट्रैक्टर धारा में बह गया। गनीमत रही कि चालक सुरक्षित बाहर निकल आया।स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के दिनों में नदी पार करना जोखिम भरा होता है। ऐसे में वाहन मालिकों और चालकों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

## खाली जर्जर आवास गिरने से 3 की मौत

**धनबाद ।** धनबाद में बड़ा हादसा हुआ है। दो बच्चों समेत की तीन की मौत हो गई है। हादसा लोदना ओपी क्षेत्र में हुआ है। लोदना 4 नंबर बाई क्वॉर्टर में बड़ा हादसा हुआ है। बीसीसीएल के पुराने खाली पड़े जर्जर आवास ( खिलान धौड़ा ) में बारिश से बचने के लिए बच्चे समेत बड़े लोग भी खड़े थे। इसी दौरान अचानक उस आवास की छत बारिश में गिर गई।इस हादसे में दो बच्चों समेत 3 बच्चे की मौत हो गई है।वहीं 3 लोग घायल हैं।

## पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला समूह का संकुल स्तरीय बैठक का हुआ समापन



**बरकट्ठा।** प्रखंड के कोनहारा खुर्द पंचायत सचिवालय में आजीविका महिला का संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति बरकट्ठा क्लस्टर लेबल फेडरेशन के द्वारा वार्षिक आम सभा समारोह का आयोजन किया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख रेणु देवी, उप प्रमुख सुरजी देवी, कोनहारा खुर्द पंचायत मुखिया मुन्नी देवी उपस्थित थे। समारोह का संचालन करुणा टूटी और बबिता देवी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक अनिता कुमारी के द्वारा वार्षिक आम सभा के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि यह देखकर बहुत ही खुशी होती है कि महिलाएं समुह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रही है। महिलाओं को जो सीआईएफ और बैंक लिंकेज का राशि मिला है उसका उपयोग आजीविका बढ़ाने में करना चाहिए। सभी महिलाएं समूह से जुड़कर अपना और अपना परिवार का आजिविका बढ़ाने में सहयोग कर रही है। मुखिया मुन्नी देवी ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं कोई भी कार्य में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। और आत्मनिर्भर बन रही है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र शर्मा, जेएसएलपीएस के सामुदायिक समन्वयक धर्मवीर कुमार,सीएलएफ लेखपाल संजू कुमारी समेत आदि महिला समूह के सदस्य उपस्थित थे।

## सुइयाडीह को सूची से बाहर रखने पर नाराजगी, सूची में शामिल करने की मांग

**गिद्दी।** इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) के जिला संयोजक सुनील किस्कू ने कर्मयोगी अभियान चलाने के लिए जारी सूची में सुइयाडीह गांव के नाम नहीं होने पर रोष व्यक्त किया है। सुनील किस्कू ने कहा कि कर्मयोगी अभियान के तहत आदिवासी के समग्र विकास के लिए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड कर्मियों ने जो सूची जारी किया है उसमें आदिवासी गांव सुइयाडीह का नाम नहीं है, जो सरासर गलत है। टोंगी पंचायत में चार राजस्व गांव टोंगी आते हैं।

# एनजीडीआरएस वाद में आए आवेदनों पर डीसी न्यायालय में हुई सुनवाई

- इस दौरान ऐसे कुल 15 मामलों पर आज सुनवाई की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए
- प्रतिबंधित श्रेणी की भूमि को सूची से हटाने के निमित्त आए आवेदनों पर सुनवाई की गई

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** एनजीडीआरएस (नेशनल जेनेरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम) वाद में आए आवेदनों पर गुरुवार को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के न्यायालय में सुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिबंधित श्रेणी की भूमि को सूची से हटाने के निमित्त आए आवेदनों पर सुनवाई की गई। प्रतिबंधित श्रेणी की भूमि में गैरमजरूआ खास, आम, जंगल, झाड़ी निमित्त विभिन्न विभागों हेतु अर्जित भूमि को सम्मिलित किया गया है। इसी में कुछ एंट्री भूल वश गलत हो गई हो अथवा भूमि का पार्शियल ना होकर पूरा प्लॉट लॉक हो गया हो वैसे मामले में विभागीय निर्देश एवं संकल्प के अनुसार आवेदक से आवेदन लेकर जांच कर सुनवाई अंचलों से जांच प्रतिवेदन प्राप्त कर करवाई जाती है। इसके पश्चात सभी पक्षों को ध्यान में रखकर वैसे भूमि को विमुक्त करने की कार्रवाई की जाती है अथवा रद्द करने की कार्रवाई की जाती है। इस दौरान ऐसे कुल 15 मामलों पर आज सुनवाई की गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।


## कार्यालय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट रेहला गढ़वा

Email- dietgarhwa@gmail-com

**निविदा प्रारूप**

**भोजन के लिए निविदा सूचना**

निविदा संख्या– 01/2025

J-C-E-R-T- रॉची के आदेशानुसार जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रेहला, गढ़वा में विभिन्न प्रकार के शैक्षिक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले शिक्षक, प्रशिक्षक छात्र छात्राओं एवं अतिथियों के लिए प्रतिव्यक्ति के दर से निर्धारित करते हुए भोजन (चावल, दाल, रोटी, दो सब्जी , पापड़, सलाद, अचार, एक मिठाई एवंचाय, बिस्किट) हेतु इच्छुक कैटरिंग/रेस्टुरेन्ट/भोजनालय से निम्नांकित शर्तों के तहत् विहित प्रपत्र में सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) रेहला, गढ़वा कार्यालय के निविदा बॉक्स में A) पैकेट 1 खाद्य एवं– अखाद्य पदार्थ B) पैकेट 2 स्टेशनरी, स्वास्छता. स्टेशनरी प्रशिक्षण सामग्री, जनरेटर साफ–सफाई, मजदूर उपलब्ध कराना, Printing, Typing इत्यादि अन्य आवश्यकतानुसार माँग की पूर्ति की आपूर्ति हेतु संस्थाओ/प्रतिष्ठानों/भेण्डरों से निविदा द्विलिफाफा पद्धति आमंत्रित की जातीहै। कार्यालय अवधि में समय 10 बजे पूर्वाह्नसे 4 बजे अपराहन तक अंतिम तिथि दिनांक....24–09–2025......... तक डाली जाएगी।

**निविदा की नियम एवं शर्ते :–** जिला के आधिकारिक बेबसाईट www.garhwa.nic.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना, डायट कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्राचार्य,
जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
(डायट) रेहला. गढ़वा

PR 361616 Human Resource Developement (25-26)_D

## OFFICE OF THE DISTRICT BOARD CHATRA

(Mail Id- db-chatra@jharkhandmail.gov.in)
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com

**NOTICE INVITING TENDER**

**e-NIT No. 01 of 2025-26 Dated: 10.09.2025**

For and on behalf of Deputy Development Commissioner cum Chief Executive Officer Chatra (Jharkhand) invites tenders by e-tendering on item rate basis from approved and eligible registered Firms / Company on the basis of **EOI issued vide No. ........ Dated: ....... for the following work.**

| S. No. | Name of Work | Adv. Cost (Rs. in Lacs) | Cost of T/ Doc. (in Rupees) | Earnest Money @ 2% of Advertised Cost (in Rupees) | Time of Completion | Class of Contractor |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | Supply fixing / installation at position of Mobile Digital Movie Theater at Chatra Town and operation thereof (on turnkey basis with 80:20 Profit sharing) (complete job). | 90.00 | 10000/- | 1,80,000/- | 45 Days | Reputed firm having the experience of similar nature of work |

The Bidding documents consisting of qualifying information, eligibility criteria, specifications, Drawings, bill of quantities (B.O.Q), Set of terms and conditions of contract and other details can be seen / downloaded from the departmental website https://jharkhandtenders.gov.in as per below schedule:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of Issue of Tender Notice: | 12.09.2025 |
| 2 | Period of downloading of bidding documents: | From 13.09.2025 to 27.09.2025 1600 Hrs. |
| 3 | Date, Time and place of pre-bid meeting: | 24.09.2025 (through online mode as per contact given) |
| 4 | Bid Submission Start Date: | 13.09.2025 from 1800 Hrs. |
| 5 | Bid Submission End Date: | 27.09.2025 from 1600 Hrs. |
| 6 | Date & time of opening of Technical Bids (Online): | 06.10.2025 or any other date after 12:30 PM in the Office of DDC CUM CEO DISTRICT BOARD CHATRA. |
| 7 | Date & time of opening of Financial Bids (Online): | To be notified after technical bid evaluation is completed. |

**Note :** No hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/Evaluation. However ZP Chatra/Department may ask original documents for verification before award of contract.

1. Tender Fee and EMD will be received through online mode only. Bidders can use Internet Banking facility for faster processing of tender fee and EMD. Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS Challan generated for the tender from www.jharkhandtenders.gove.in portal
2. Refund will only be issued to the originated bank account use for the payment of Tender Fee and EMD. So, Bidders are advised NOT to close Bank Account used for online payment/ (NEFT/RTGS) of tender fee and EMD.
3. L-1 Bidder online EMD submitted amount will be refunded in the same bank account through which online tender fee and EMD fee payment has been done after AOC process.

DDC CUM CEO
DISTRICT BOARD CHATRA.

PR.NO.361599 District(25-26):D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
उद्यान निदेशालय, झारखण्ड कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) के राज्यादेश संख्याः– 42 दिनांक 13.08.2025 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि **लोहरदगा** जिला में निम्नांकित रूप से उद्यान विकास की योजना का कार्यान्वयन किया जाना है, जिस के लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदान पर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह(FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जो इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जन–प्रतिनिधि से अनुशंसित करा कर दिनांक **27.09.2025** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय,प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

**उद्यान विकास की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं०/इकाई/हे०/एकड़ में)**

| क्र.सं. | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | युवाओं को 25 दिवसीय माली प्रशिक्षण | 12 सं० |
| 2 | मिर्चा की खेती | 34 हे० |
| 3 | ओल की खेती | 29 हे० |
| 4 | अदरख की खेती | 24 हे० |
| 5 | कीट रहित सब्जी उत्पादन इकाई | 15 इकाई |
| 6 | खुले वातावरण में फूलों की खेती – गेंदा (हे0) | 24 हे0 |
| 7 | टिशू कल्चर केला की खेती | 20 हे० |
| 8 | गृहवाटिका की स्थापना (प्रति इकाई 25 डिसमिल ) | 24 इकाई |
| 9 | सब्जी खेती का तकनीकी प्रत्यक्षण | 196 हे० |
| 10 | मशरूम कीट वितरण | 2940 सं0 |
| 11 | मषरूम पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण | 98 सं० |
| 12 | संरक्षित फूलों की खेती | 0.7 हे0 |
| 13 | टिशू कल्चर स्ट्रॉबेरी की उन्नत खेती | 10 हे० |
| 14 | गुणवत्ता युक्त सब्जी फूल, फल, पौध बिचड़ा उत्पादन इकाई | 17 इकाई |
| 15 | पॉली हाउस प्रति इकाई 1000 वर्ग मी0 का निर्माण | 1 इकाई |

**नोट :–** 1. आवेदन पूर्ण रुप से भरा होना आवश्यक है। आवेदन के साथ लाभुक सहित कार्य स्थल (भूमि) का फोटोग्राफ जिओ टैगिंग संलग्न होना अनिवार्य है। अन्यथा आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
2. उपरोक्त कार्य अवयवों का चयन वैसे लाभुक/कृषक या उसके परिवार का चयन किया जाएगा, जो पिछले 03 वर्षों में उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजना का लाभ नहीं लिया हो।
3. लाभुक का आधार संख्या एवं मोबाईल संख्या (जो चालू स्थिति में हो) एवं पासपॉट साइज फोटोग्रॉफ अनिवार्य रुप से होना चाहिए। आधार कार्ड तथा जमीन संबंधित कागजात/शपथ पत्र/जनप्रतिनिधि से अभिप्रमाणित वंशावली का छायाप्रति आवेदन में संलग्न होना अनिवार्य है।
4. आवेदन पंचायती राज संस्थानों के स्थानीय प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
5. योजना में सब्जी एवं फूलों की खेती का कार्यान्वयन Cluster Approach में किया जाएगा, साथ ही कृषि विभाग के योजनाओं संरक्षित खेती, शेडनेट हाउस, प्लास्टिक मलचिंग आदि का लाभ यथा संभव दिया जाएगा।
6. योजना में लाभुक चयन में ST/SC, लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समुह, महिला स्वयं सहायता समुह को प्राथमिकता दी जाएगी। जे0एस0एल0पी0एस0 से प्राप्त महिला स्वयं सहायता समुह, कृषक समुह की सूची से योजना आच्छादन किया जाएगा। जे0एस0एल0पी0एस0 के द्वारा लक्ष्य के अनुरुप आवेदन प्राप्त नहीं होने पर अन्य माध्यम से गठित समुह/कलस्टर के तहत् आवेदन प्राप्त किया जाएगा। लाभुक के चयन में FPO को प्राथमिकता दी जाएगी।
7. योजनान्तर्गत फूल–फल सब्जी, शेडनेट हाउस, संरक्षित खेती हेतु कृषि विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं यथा टपक सिंचाई योजना, Soil Helth Card, जैविक खेती, कृषि यांत्रिकीकरण, केन्द्र प्रायोजित Per Drop More Crop आदि का यथा संभव अभिसरण किया जाएगा।
8. उक्त योजना से संबंधित जानकारी एवं आवेदन जिला उद्यान कार्यालय, लोहरदगा/झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS)/प्रखण्ड में कार्यरत BTM/ATM तथा उद्यान मित्रों से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।
9. पूर्ण आवेदन (कागजात सहित) कार्यालय में 27.09.2025 के अपराहन 4:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा।

ह0/
जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 361667 Lohardaga(25-26)#D

## समाहरणालय, लातेहार
(स्थापना शाखा)

**आवश्यक सूचना**

जिला स्वास्थ्य समिति, लातेहार अन्तर्गत संविदा/ अनुबंध के आधार पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या –01/2025(DHS) दिनांक 07.09.2025 को District CM School of Excellence, Latehar में आयोजित परीक्षा का उत्तरकुंजी (Answer Key) जिला के अधिकृत वेबसाईट–latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया था। दिनांक 10.09.2025 तक प्रकाशित उत्तर कुजी (Answer Key) पर आपत्ति की मांग की गई थी।

प्राप्तदावा आपत्ति के पश्चात् संशोधित उत्तर कुंजी(Answer Key) अंतिम रूप से जिला के अधिकृत वेबसाईट– latehar.nic.in में प्रकाशित किया गया है। जिसे अवलोकन किया जा सकता है।

उपायुक्त,
लातेहार

PR 361582 (District)25-26*D

## झारखण्ड सरकार
## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि विभाग)
कार्यालय :- जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा
पता– संयुक्त कृषि भवन, पिपरा कलां, गढ़वा 822114

**किसान भाईयों के लिए आवश्यक सूचना**

किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि राज्य में Digital Crop Survey (डिजिटल फसल सर्वेक्षण) कराया जा रहा है, जिसके लिए सर्वेक्षणकर्ता आपके प्लॉट पर जा कर Online Longitude Latitude के अनुसार आपके प्लॉट का सर्वे/सर्वेक्षण करेंगे। अनुरोध है कि आप सभी लोग सर्वेयर के कार्यों में सहयोग कर इस कार्य को सफल बनायेंगे।

सभी जनप्रतिनिधियों से निवेदन है कि अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार कराकर किसानों को जागरूक करने एवं इस कार्य को सफल बनाने में महती कृपा करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 361617 Agriculture(25-26).D

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड, रांची
कार्यालय – जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा

**गढ़वा जिला के किसान भाईयों/बहनों के लिए आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला के सभी किसान भाईयों/बहनों को सूचित करना है कि श्री अन्न (मिलेट फसल) योजना को बढ़ावा देने हेतु राज्य में झारखण्ड मिलेट मिशन योजना कार्यन्वित किया जा रहा है। योजना के तहत् जिले में मिलेट फसलों की खेती करने वाले सभी किसानों को प्रति एकड़ 3000 रू0 (एक किसान को अधिकतम 5 एकड़ तक) की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इच्छुक किसान अपने नजदीकी **प्रज्ञा केन्द्र** पर जा कर अपना पंजीकरण करवा सकते है।

**किसानों के लिए पात्रता मानदंड :–**
- वैसे किसान जो अपने खेत में मिलेट की खेती कर रहे हो।
- जो किसान पटटे की भूमि पर मिलेट की खेती कर रहे हो।
- किसान झारखण्ड राज्य के स्थायी निवासी हो।
- किसान के पास वैद्य आधार नम्बर हो।
- किसान के पास वैद्य मोबाईल नम्बर हों
- किसान के पास वैद्य बैंक पासबुक हो।
- न्यून्तम 10 डिसमिल से 5 एकड़ भूमि में मिलेट की खेती करने वाले किसान।

**किसानों पंजीकरण हेतु आवश्यक दस्तावेज :–**
1. भूमि दस्तावेज।
2. मुखिया द्वारा सत्यापित वंशावली।
3. आधार कार्ड।
4. बैंक का पासबुक।
5. बटाईदार के मामले में भूमि मालिक का अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ अपने नजदीकी प्रज्ञा केन्द्र पर जाकर 30 सितम्बर 2025 से पहले योजना के पोर्टल https://jhmm.jharkhand.gov.in पर आवेदन कर सकते है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 361620 Agriculture(25-26)#D

## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited

(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj / e-mail : gmtzdal@gmail.com

**1st Time Extension cum Corrigendum Notice of e-NIT No. 338/PR/JUSNL/2025-26**

This is to informed here that **Revised price part** of bid has been uploaded on website. So all interested bidder has requested to quote item wise rate in **Revised price part** only. Also date of **e-NIT No. 338/PR/JUSNL/ 2025-26** is being revised as detailed below and rest of the conditions published will remain same :-

| | |
|---|---|
| End date and time of upload of BID | 22.09.2025 up to 03:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 23.09.2025 at 03:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9973936358 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 360182

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 361669 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (25-26)_D

### भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़कर 251.5 गीगावट हुई

# स्वदेशी सोलर वैल्यू चैन बढ़ाने पर फोकस कर रही सरकार : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारत की रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता बढ़कर 251.5 गीगावाट हो गई है, जो 2030 तक देश के रिन्यूएबल एनर्जी टारगेट 500 गीगावाट से आधे से अधिक है। यह जानकारी केंद्रीय न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्री प्रल्हाद जोशी की ओर से गुरुवार को दी गई। जोशी ने कहा कि भारत 2028 तक स्वदेशी सौर सेल विनिर्माण के लक्ष्य के साथ एक पूर्ण स्वदेशी सौर वैल्यू चैन के निर्माण की दिशा में दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है। न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई 'स्टेट रिव्यू मीटिंग ऑन रिन्यूएबल एनर्जी'में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश अब मॉड्यूल से आगे बढ़कर वेफर्स और इनगॉट्स के लिए घरेलू क्षमता विकसित कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि संपूर्ण सोरल मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम देश के भीतर स्थापित हो।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस कदम से न केवल आयात पर निर्भरता कम होगी बल्कि रोजगार सृजन, निवेश को बढ़ावा मिलेगा और क्लीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग में वैश्विक नेता के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने रिन्यूएबल एनर्जी इनिशिएटिव को आगे बढ़ाने में राज्यों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ये योगदान इस क्षेत्र में वैश्विक अग्रणी के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत कर रहे हैं।

जोशी ने इन उपलब्धियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण बताया, जिसने भारत के स्वच्छ ऊर्जा विकास और रिन्यूएबल एनर्जी (आरई) क्षेत्र में घरेलू विनिर्माण को बदल दिया है और विकसित भारत की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लगभग 20 लाख परिवार पहले ही प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने राज्यों और डिस्कॉम से सख्त गुणवत्ता अनुपालन सुनिश्चित करने, बिना देरी किए समझौतों को अंतिम रूप देने और उपभोक्ताओं को सर्वोत्तम संभव टैरिफ क्रेडिट प्रदान करने का आग्रह किया।

पीएम-कुसुम योजना के बारे में, उन्होंने कहा कि शुरुआती संकोच के बाद, अब मुख्यमंत्रियों की ओर से अतिरिक्त आवंटन की मांग के साथ, इस योजना ने राज्यों में जोरदार गति पकड़ ली है। उन्होंने घोषणा की कि पीएम-कुसुम का दूसरा चरण मार्च 2026 में वर्तमान चरण के समाप्त होने के बाद शुरू किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने निर्धारित समय से पांच वर्ष पहले ही गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से 50 प्रतिशत स्थापित बिजली उत्पादन का लक्ष्य भी हासिल कर लिया है।

## ऑटोमोबाइल में जीएसटी सुधार 'मेक इन इंडिया' पहल के साथ ग्रोथ और इनोवेशन को देंगे बढ़ावा

**नई दिल्ली।** भारत का ऑटो उद्योग मैन्युफैक्चरिंग, बिक्री, फाइनेंसिंग और रखरखाव में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों का सृजन करता है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए जीएसटी रेट्स को रेशनलाइज बनाने से ग्रोथ और इनोवेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, एमएसएमई की भागीदारी बढ़ेगी और सरकार के आत्मनिर्भर भारत के विजन को बल मिलेगा। ये नीतिगत सुधार न केवल घरेलू मांग और रोजगार सृजन को बढ़ावा देंगे, बल्कि एक आधुनिक, समावेशी और वैश्विक स्तर पर प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम की भी शुरुआत करेंगे। दो-पहिया वाहनों (350-सीसी तक की बाइक) और छोटी कारों पर जीएसटी रेट को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे मध्यम वर्ग को लाभ पहुंचने की उम्मीद है। इसी तरह, 1800-सीसी से कम ट्रैक्टरों पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे कृषि क्षेत्र में मशीनीकरण को बढ़ावा मिलेगा। सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहन देने के लिए बसों पर जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी गई है। परिवहन सेवाओं पर व्यापक प्रभाव से बचने के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) को भी बढ़ाया गया है और आवश्यकता अनुसार लागू किया गया है। जीएसटी रेट कम होने से मांग बढ़ेगी, जिससे ऑटोमोबाइल विनिर्माताओं और टायर, बैटरियां, कांच, स्टील, प्लास्टिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी सहायक उद्योगों को लाभ पहुंचने की उम्मीद की जा रही है। वाहनों की बढ़ती बिक्री से गुणक प्रभाव पैदा होगा, जो पूरी सप्लाई चेन में एमएसएमई को मजबूती प्रदान करेगा। बढ़ती मांग से डीलरशिप, परिवहन सेवाओं, लॉजिस्टिक्स और कंपोनेंट एमएसएमई में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। जीएसटी रेट कम होने से चालक, मैकेनिक और छोटे सर्विस गैराज जैसी अनौपचारिक क्षेत्र की नौकरियों भी बढ़ेंगी।

## जूपी ने रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध के बाद 170 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग कंपनी जूपी ने गुरुवार को 170 कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया है, यह कंपनी की कुल वर्कफोर्स का 30 प्रतिशत है। कंपनी की ओर से यह फैसला ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग पर प्रतिबंध के बाद लिया गया है। इससे पहले गेम्स24x7, बाजी गेम्स और मोबाइल प्रीमियर लीग की ओर से कर्मचारियों की छंटनी का ऐलान किया जा चुका है। जूपी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलशेर सिंह मल्ही ने कहा, "यह हमारे लिए एक कठिन फैसला था, लेकिन नए नियामक ढांचे के अनुकूल होना जरूरी था। हमारे जो सहकर्मी हमें छोड़ रहे हैं, वे जूपी की यात्रा का एक अभिन्न हिस्सा रहे हैं और हम उनके योगदान के लिए हमेशा आभारी रहेंगे।"गुरुग्राम स्थित गेमिंग प्लेटफॉर्म ने कहा कि नोटिस अवधि के बदले भुगतान के अलावा, वह अपने 170 कर्मचारियों को अतिरिक्त वित्तीय सहायता भी दे रहा है। कंपनी द्वारा दिए जाने वाले स्वास्थ्य और बीमा लाभ प्रभावित कर्मचारियों के कंपनी छोड़ने के बाद भी पूरे कार्यकाल तक जारी रहेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा, "इसके अलावा, हमने अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1 करोड़ रुपए का चिकित्सा सहायता कोष स्थापित किया है, ताकि कोई भी व्यक्ति अपने अगले अवसर की तलाश करते समय असुरक्षित महसूस न करे।"कंपनी ने बताया कि जब नई नौकरियां खुलेंगी, तो वह अपने बर्खास्त कर्मचारियों को फिर से नियुक्त करने को प्राथमिकता देगी। सरकार ने अगस्त में एक कानून पारित किया था जिसके तहत उन ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था जिनमें उपयोगकर्ताओं को पैसे जीतने की उम्मीद में जमा राशि जमा करनी होती है। इस नया कानून से देश का 3.8 अरब डॉलर का गेमिंग उद्योग प्रभावित हुआ है। इससे लगभग 2 लाख नौकरियां, 25,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और 20,000 करोड़ रुपए का कर राजस्व समाप्त हो जाएगा। इस अधिनियम में रियल-मनी गेमिंग की पेशकश करने या इसमें शामिल पाए जाने वालों के लिए 3 साल की कैद और 1 करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, विधेयक में ऐसे खेलों के विज्ञापन, प्रचार या प्रायोजन के लिए दो साल की जेल या 50 लाख रुपए के जुर्माने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा, इसमें ई-स्पोर्ट्स, शैक्षिक प्लेटफॉर्म और सोशल गेम्स के लिए एक नियामक की सिफारिश की गई है।

## खाद्य वस्तुओं की कीमतों में गिरावट के कारण महंगाई अगस्त में 2 प्रतिशत रहने का अनुमान

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित महंगाई दर या खुदरा महंगाई दर अगस्त में 2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई बैंक ऑफ बड़ौदा की रिपोर्ट में दी गई। सरकारी बैंक की ओर से कहा गया कि महंगाई के निचले स्तरों पर रहने की वजह आवश्यक वस्तु सूचकांक (ईसीआई) में कमजोरी बने रहना है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के अनुसार, ईसीआई लगातार चार महीनों से अपस्फीति क्षेत्र में है। इसमें अगस्त में सालाना आधार पर -1 प्रतिशत की और सितंबर के पहले 9 दिनों में -0.9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

रिपोर्ट में बताया गया कि सब्जियों और दालों की अच्छी पैदावार के कारण खाद्य वस्तुओं की कीमतें नियंत्रण में रहेंगी। सितंबर में टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में गिरावट देखी जा रही है। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर भी खाद्य और ऊर्जा की कीमतें नियंत्रण में बनी हुई हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, सरकार द्वारा अधिकांश एफएमसीजी और टिकाऊ वस्तुओं सहित अन्य पर जीएसटी दरों को कम करने का वर्तमान कदम महंगाई के मोर्चे पर राहत की बात है। हमारा अनुमान है कि सीपीआई पर इसका समग्र प्रभाव 55-75 आधार अंक रहेगा।

सूचकांक में शामिल 20 में से 10 वस्तुओं में अपस्फीति देखी गई, जिसमें सबसे तेज गति प्याज और आलू में देखी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्याज की खुदरा कीमतों में सालाना आधार पर सबसे अधिक -37.5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। यह जनवरी 2021 के बाद सबसे तेज गिरावट थी। आलू के लिए भी, वर्तमान मूल्य 44 महीनों के निचले स्तर पर है। दालों में, अधिकांश उप-घटकों में लगातार अपस्फीति देखी जा रही है।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–672 दिनांक–09.09.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-22/ 2025-26 जिसका PR No-360814 (Water Resource) 25-26 *D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | सिरसिरिया नाला से पक्का वियर, आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली निर्माण कार्य प्रखंड–सरयू, जिला– लातेहार। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 19.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.10.2025 (5.00बजे अपराह्न) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 361597 Agriculture(25-26).D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–673 दिनांक–09.09.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-23/2025-26 जिसका PR No-360816 Water Resource (25-26) D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | डुबा नाला पर पक्का वियर निर्माण कार्य प्रखंड–गारू, जिला– लातेहार। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 19.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.10.2025 (5.00बजे अपराह्न) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 361598 (Water Resource) 25-26 (D)


## टाटा एडवांस्ड सिस्टम ने नौसेना के लिए बनाया भारत का पहला नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार



● टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ सहयोग सिर्फ रडार की आपूर्ति तक ही सीमित नहीं है

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने गुरुवार को घोषणा की कि वह स्पेन की कंपनी इंद्रा से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के तहत एडवांस्ड नेवल 3डी एयर सर्विलांस रडार का निर्माण करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है। टीएएसएल ने कहा कि उसने इटली की कंपनी के साथ साझेदारी करके भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर पहले लांजा-एन रडार को सफलतापूर्वक तैनात कर दिया गया है।

लांजा-एन, इंद्रा के लंबी दूरी के 3डी रडार का नेवल वर्जन है, जिसे वायु रक्षा और मिसाइल रोधी अभियानों के लिए दुनिया में सबसे एडवांस माना जाता है। पहला राडार स्थापित करने के बाद ऐसे और अधिक राडार भारतीय नौसेना के फ्रिगेट, डिस्ट्रॉयर और विमान वाहक पोतों पर लगाए जाएंगे। इस रडार की स्थापना को भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता अभियान में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इस सिस्टम को स्थानीय स्तर पर असेंबल और एकीकृत किया गया है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स ने उत्पादन और फ्यूचर डिलीवरी में तेजी लाने के लिए कर्नाटक में एक समर्पित रडार असेंबली, एकीकरण और परीक्षण सुविधा स्थापित की है। इस रडार को शामिल करने से पहले व्यापक समुद्री परीक्षणों से गुजरा गया है, जहां इसकी क्षमता का परीक्षण करने के लिए विभिन्न नौसैनिक और हवाई प्लेटफार्मों का इस्तेमाल किया गया। अब इसे भारतीय नौसेना के युद्धपोत पर मौजूद सभी सिस्टम्स के साथ पूरी तरह से एकीकृत कर दिया गया है। इस उपलब्धि के बारे में बात करते हुए, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के सीईओ और एमडी, सुकरण सिंह ने कहा कि इंद्रा के साथ साझेदारी भारत में रडार निर्माण को मजबूत करने की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने आगे कहा कि स्थानीय विशेषज्ञता, एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, एडवांस डिफेंस सिस्टम्स के लिए एक इकोसिस्टम बनाने में मदद कर रहे हैं।

इंद्रा की नेवल बिजनेस यूनिट की प्रमुख, एना बुएंडिया ने कहा कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ सहयोग सिर्फ रडार की आपूर्ति तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा, "हमने मिलकर बेंगलुरु में एक रडार फैक्टरी स्थापित की है, जो हमें प्रणालियों का अधिक कुशलता से उत्पादन करने और ग्राहकों को नजदीकी सेवा प्रदान करने के लिए स्थानीय समर्थन प्रदान करती है।" लांजा-एन रडार मित्र और शत्रु दोनों प्रकार के हवाई और सतही लक्ष्यों पर नजर रख सकता है, जिनमें ड्रोन, सुपरसोनिक लड़ाकू विमान, विकिरण-रोधी मिसाइलें और नौसैनिक प्लेटफॉर्म शामिल हैं।


**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–675 दिनांक–09.09.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID/ Latehar/ F2-10/2025-26 जिसका PR No-359903 Water Resource (25-26) #D है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | केदली नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य प्रखंड–गारू, जिला– लातेहार। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 19.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.10.2025 (5.00बजे अपराह्न) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.361601 Water Resource(25-26):D



**कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।**

**शुद्धि पत्र सूचना**

पत्रांक–674 दिनांक–09.09.2025

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0- WRD/MID / Latehar/ F2-24/2025-26 जिसका PR No-360818 Water Resource 25-26 (D) है, को निम्न प्रकार से संसोधित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | योजना का नाम | टाना नाला से पक्का वियर, आउटलेट और पक्का सिंचाई नाली निर्माण कार्य प्रखंड–गारू, जिला– लातेहार। |
| 2 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाषित करने की तिथि | 19.09.2025 |
| 3 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 4 | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.10.2025 (3.00बजे अपराह्न तक) |
| 5 | ई0 निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.10.2025 (5.00बजे अपराह्न) |

निविदा की अन्य शर्त्ते यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार।

PR 361600 Water Resource(25-26)D



**प्रपत्र VII**

**समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**उपायुक्त का कार्यालय, चतरा (भू–अर्जन शाखा)**

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)**

ज्ञापांकः–2141/भू0अ0 दिनांकः– 08.09.2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, चतरा को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना–Widening & Strengthening to 2 lane of Duwari to Role Road (MDR-99) निर्माण** हेतु ग्राम–**दुम्बी**, थाना नं0–**55**, थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में कुल रकबा **1.2766 एकड़ यानि– 0.51663 हेक्टेयर** भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से **1.2766 एकड़ यानि– 0.51663 हेक्टेयर** है और जो ग्राम–**दुम्बी**, थाना नं0–**55**, थाना–**पत्थलगड्डा**, अंचल–**पत्थलगड्डा**, जिला–**चतरा** में है, जिसका विवरण निम्नलिखित हैः–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 61 | 57 | 929 | रैयती | टांड II | 0.0070 | रूदो सिंह पिता– मुसाफिर सिंह | पक्का सड़क | नीज | विजय सिंह | – |
| 62 | 57 | 929 | रैयती | टांड II | 0.0040 | विजय सिंह पिता– त्रिवहुवाँ सिंह | पक्का सड़क | वकील सिंह | सतधान सिंह | जीतन सिंह |
| 63 | - | 930 | – | – | 0.0040 | शत्रुधन सिंह पिता– त्रिभुवन सिंह | पक्का सड़क | वकील सिंह | मनोज तिवारी | विजय सिंह |
| 64 | - | 931 | – | – | 0.0063 | मनोज तिवारी वो अनिल तिवारी पिता– कौलेश्वर तिवारी | पक्का सड़क | नीज | विशेश्वर प्रजापति | शत्रुधन सिंह |
| 65 | - | 932 | – | – | 0.0063 | मनोज तिवारी वो अनिल तिवारी पिता– कौलेश्वर तिवारी | पक्का सड़क | नीज | विशेश्वर प्रजापति | शत्रुधन सिंह |
| 66 | - | 932 | – | – | 0.0020 | विशेश्वर प्रजापति पिता– सलल प्रजापति | पक्का सड़क | जंगल | बासुदेव राम | धनू साव |
| 67 | - | 926 | – | – | 0.0030 | कल्लु प्रजापति पिता– टहल प्रजापति | पक्का सड़क | डोमन प्रजापति | प्रविल प्रजापति | विशेश्वर प्रजापति |
| 68 | - | 927 | – | – | 0.0030 | कल्लु प्रजापति पिता– टहल प्रजापति | पक्का सड़क | डोमन प्रजापति | प्रविल प्रजापति | विशेश्वर प्रजापति |
| 69 | - | 934 | – | – | 0.0020 | प्रबिल प्रजापति पिता– बडो प्रजापति | पक्का सड़क | नीज | कच्चा रास्ता | कल्लू प्रजापति |
| 70 | - | 935 | – | – | 0.0020 | प्रबिल प्रजापति पिता– बडो प्रजापति | पक्का सड़क | नीज | कच्चा रास्ता | कल्लू प्रजापति |
| 71 | - | 601 | – | टांड II | 0.0060 | जगदीश दांगी पिता– बढ़न महतो | विशाल तिवारी | पक्का सड़क | पुराण राणा | मोहन प्रजापति |
| 72 | - | 601 | – | टांड II | 0.0060 | पुराण राणा पिता– दुखन राणा | नागो राणा | पक्का सड़क | कुटूस मियां | जगदीश दांगी |
| 73 | - | 601 | – | टांड II | 0.0060 | कुटूस मियां पिता– ...... | नीज | पक्का सड़क | रामेश्वर महतो | पुराण राणा |
| 74 | - | 601 | – | टांड II | 0.0080 | रामेश्वर महतो पिता– ........ | नीज | पक्का सड़क | कैलू तिवारी | कुटूस मियां |
| 75 | 37 | 937 | बकास्त | धान खेत III | 0.0055 | संजय प्रजापति पिता– बढ़ो प्रजापति | सतरोहन राम | तेजो प्रजापति | नीज | पक्का सड़क |
| 76 | 53 | 943 | बकास्त | धान खेत III | 0.0048 | सतरोहन राम पिता– चरण राम | कामाख्या सिंह | संजय प्रजापति | नीज | पक्का सड़क |
| 77 | 53 | 943 | बकास्त | धान खेत III | 0.0297 | कामाख्या सिंह पिता– कुलदीप सिंह | दयानंद सिंह | सतरोहन राम | दयानंद सिंह | पक्का सड़क |
| 78 | 53 | 943 | बकास्त | धान खेत III | 0.0150 | दयानंद सिंह पिता– अनिरूद्ध सिंह | पक्का सड़क | कामाख्या सिंह | लक्ष्मी राम तिवारी | पक्का सड़क |
| 79 | - | 601 | – | – | 0.0190 | महिपाल तिवारी पिता– सरयु तिवारी | राजेन्द्र सिंह | तेजो प्रजापति | पक्का सड़क | नीज |
| 80 | 59 | 527 | बकास्त | धान खेत III | 0.0950 | दिनेश सिंह पिता– राजेन्द्र सिंह | नीज | पक्का सड़क | संजय सिंह | महिपाल तिवारी |
| 81 | 59 | 527 | बकास्त | धान खेत III | 0.0950 | संजय सिंह पिता– विरेन्द्र सिंह | नीज | पक्का सड़क | दिनेश सिंह | महिपाल तिवारी |
| 82 | 01 | 491 | बकास्त | टांड III | 0.0020 | कौलेश्वर राणा पिता– सोमर राणा | नीज | पक्का सड़क | बंधन प्रजापति | कौलेश्वर राणा |
| 83 | 53 | 490 | बकास्त | टांड III | 0.0132 | विशेश्वर प्रजापति पिता– राम लाल प्रजापति | नीज | पक्का सड़क | चंन्द्रदेव रजक | छोटु यादव |
| 84 | - | 489 | – | – | 0.0220 | बंधन प्रजापति पिता– ...... | तिरथ प्रजापति | पक्का सड़क | मुन्ना प्रजापति | विशेश्वर प्रजापति |
| 85 | - | 487 | – | – | 0.0021 | मुन्ना प्रजापति पिता– लालो प्रजापति | पोखन प्रजापति | पक्का सड़क | बासुदेव प्रजापति | बंदहन प्रजापति |
| 86 | - | 487 | – | – | 0.0052 | बासुदेव प्रजापति पिता– लालो प्रजापति | पोखन प्रजापति | पक्का सड़क | पी0सी0सी0 रास्ता | बरवाडीह सीमाना |
| 87 | - | 487 | – | – | 0.0080 | निरंजन प्रजापति पिता– लाला प्रजापति | पोखन प्रजापति | पक्का सड़क | पी0सी0सी0 रास्ता | बरवाडीह सीमाना |
| 88 | 75 | 944 | बकास्त | – | 0.0150 | लक्ष्मी नारायण तिवारी वो बासुदेव तिवारी पिता– गोवर्धन तिवारी | पक्का सड़क | नीज | रबैजनाथ दांगी | कामाख्या सिंह |
| 89 | 94 | 945 | बकास्त | धान खेत III | 0.0156 | बैजनाथ दांगी पिता– गोविन्द महतो | पक्का सड़क | नीज | चरण बैठा | छोटु यादव |
| 90 | 94 | 945 | बकास्त | धान खेत III | 0.0080 | मुन्ना प्रजापति पिता– लालो प्रजापति | पक्का सड़क | दिनेश सिंह | दिनेश सिंह | बैजनाथ दांगी |
| 91 | 94 | 945 | बकास्त | धान खेत III | 0.0124 | दिनेश सिंह पिता– राजेन्द्र सिंह वो संजय सिंह पिता– विरेन्द्र सिंह | पक्का सड़क | बासुदेव प्रजापति | मोहन भुईयां | पक्का सड़क |
| | | | | कुल | 1.2766 | | | | | |

**संरचना का विवरणी**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 92 | - | 613 611 609 608 604 613 | रैयती | मंदिर | - | – | पोखर | पक्का सड़क | कैलु तिवारी | कच्चा रास्ता |
| 93 | 59 | 527 | रैयती | चाहर दिवारी | - | संजय सिंह पिता– बिरेन्द्र सिंह | नीज | पक्का सड़क | दिनेश सिंह | महिपाल तिवारी |
| 94 | 53 | 490 | रैयती | मकान | - | विशेश्वर प्रजापति पिता– समलाल प्रजापति | नीज | पक्का सड़क | चन्द्रदेव रजक | छोटु यादव |
| 95 | 37 | 937 | बकास्त | बाउण्ड्री | - | संजय प्रजापति पिता– बढ़ो प्रजापति | सतरोहन राम | तेजो प्रजापति | नीज | पक्की सड़क |
| 96 | 53 | 943 | बकास्त | बाउण्ड्री | - | सतरोहन राम पिता– चरण | कामख्या सिंह | संजय प्रजापति | नीज | पक्की सड़क |
| 97 | 59 | 527 | बकास्त | बाउण्ड्री | - | संजय सिंह पिता– राजेन्द्र सिंह | नीज | पक्की सड़क | दिनेश सिंह | महिपाल तिवारी |
| 98 | 53 | 490 | बकास्त | कच्चा मकान | - | विशेश्वर प्रजापति पिता– समलाल प्रजापति | नीज | पक्की सड़क | चंन्ददेव रजक | छोटु यादव |

**कूप/बोरिंग का विवरणी**

| क्र0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | संरचना | संरचना का स्वरूप | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा संरचना उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | - | 934 935 | रैयती | कुंआ | - | प्रबिल प्रजापति पिता– बड़ो प्रजापति | पक्का सड़क | नीज | कच्चा रास्ता | कल्लू प्रजापति |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत् हैः–

ग्राम XXX. थाना XXX थाना सं XXX अंचल XXX जिला XXX क्षेत्रफल XXX एकड़ XXX यानि XXX हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, चतरा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– X

निर्धारित अवधि 60 (साठ) दिनों तक प्राप्त दावा आपत्ति का निश्पादन किया जा चुका है।

PR 361547 (Land Reforms)25-26*D

उपायुक्त, चतरा

## लोहरदगा समाहरणालय परिसर में पेंशन अदालत 13 को

लोहरदगा। प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), झारखण्ड, राँची के निर्देश के आलोक में उपायुक्त, लोहरदगा के आदेशानुसार दिनांक 13.09.2025 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला मुख्यालय लोहरदगा, समाहरणालय परिसर में पेंशन अदालत का आयोजन किया जाना है। इस पेंशन अदालत का उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों से संबंधित पेंशन, लंबित दावों, अनियमितताओं एवं प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करना है, ताकि पात्र लाभार्थियों को ससमय पर उनका उचित अधिकार प्राप्त हो सके। उक्त संदर्भ में सभी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, जिला लोहरदगा को उपायुक्त डॉ ताराचंद द्वारा यह निदेश दिया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों के सभी लंबित पेंशन मामलों का संकलन कर उक्त पेंशन अदालत में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। सभी पदाधिकारियों को उनके स्तर पर किसी प्रकार की शिकायतों का यथास्थान पर ही समाधान करने का निदेश दिया गया है। साथ ही, पेंशन अदालत में उपस्थित होकर सेवानिवृत कर्मचारियों एवं पेंशनधारकों की समस्याओं को गंभीरता से सुने जाने और आवश्यक कार्रवाई हेतु व्यावहारिक समाधान अविलंब उपस्थापित करने का भी निदेश दिया गया है।

### उपायुक्त डॉ ताराचंद ने की कल्याण विभाग के योजनाओं की समीक्षा

# लंबित योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने कल्याण विभाग के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इसमें गत वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में ली गई योजनाओं, योजनाओं से संबंधित ग्राम सभा, योजनाओं में व्यय की स्थिति, भुगतान आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई और आवश्यक निदेश दिये गये।

बैठक में छात्रवृति योजना में छात्र-छात्राओं का आइएनओ स्तर से सत्यापन पश्चात डीएनओ स्तर से भी सत्यापन का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया ताकि ससमय बिना त्रुटि के योग्य लाभुकों को छात्रवृति की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजी जा सके। साथ ही, जिन बच्चों को अभी भी छात्रवृति नहीं मिलती है वैसे बच्चों को चिन्हित किया जाए।



सरना/मसना घेराबंदी में छूटे हुए ग्रामसभा की प्रक्रिया संबंधित मुखिया से समन्वय स्थापित कर संपन्न कराये जाने का निर्देश दिया गया। साइकिल वितरण योजना अंतर्गत साइकिल वितरण सौ प्रतिशत करा लिये जाने का निर्देश दिया गया।

बैठक में छात्रावास मरम्मति, वन अधिकार अधिनियम, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, आर्टिकल 275(1) अंतर्गत ली गई योजना, आवासीय विद्यालयों का भौतिक निरीक्षण, पीएम जनमन अंतर्गत आवास निर्माण की स्थिति, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी, धुमकुड़िया हाउस निर्माण योजना, अत्याचार निवारण अधिनियम, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्वास्थ्य सहायता योजना, कल्याण अस्पताल का जीर्णोद्वार, चिकित्सक व कर्मचारी आवास, एससीए अंतर्गत विद्यालयों में अतिरिक्त कमरा निर्माण, प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी सरस्वती कच्छप, विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के अभियंता व कल्याण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के जुरिया में घर का ताला तोड़कर चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान जुरिया बड़का टोली निवासी स्वर्गीय खलील अंसारी का 22 वर्षीय पुत्र रमजान अंसारी के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई और पूछताछ के बाद आरोपी को लोहरदगा जेल भेज दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रमजान अंसारी ने 14 अगस्त 2025 को जुरिया के एक घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना के बाद उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नज़र बनी हुई थी। गुरुवार को गुप्त सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की और उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अदालत ने पत्नी के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**लोहरदगा।** सुदूरवर्ती पठारी एरिया पेशरार थाना क्षेत्र में 15 मार्च 2021 को पत्नी की हत्या के दोषी सच्चू महतो को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरजा आश्री की अदालत ने सुनवाई के पश्चात गुरुवार को आजीवन कारावास और 10 हजार जुर्माना की सजा सुनाया है। मिली जानकारी के अनुसार



विगत 15 मार्च 2021 को सच्चू महतो ने घरेलू विवाद के दौरान अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दिया था। हत्या के बाद उसने मृतका का शव घर के भीतर ही बंद कर मौके से फरार हो गया था। जब महिला के परिजनों ने काफी देर घर मे कोई हलचल न देखी तो उन्हें किसी अनहोनी का संदेह हुआ। घर खोलने पर परिजनों ने बेटी की लाश मिला।इसके बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया था। परिजनों ने इस मामले में पेशरार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने अनुसंधान कर आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब चार वर्षों तक चले इस मामले में अदालत ने 10 गवाहों के बयान दर्ज किए। गवाहों के बयानों और पुलिस के ठोस सबूतों के आधार पर अदालत ने आरोपी सच्चू महतो को पत्नी की हत्या का दोषी करार दिया। मामले में आरोपी को सजा दिलाने में लोक अभियोजक भरत राम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने गवाहों और सबूतों को अदालत के समक्ष मजबूती से रखा और आरोपी को सजा दिलाई।

# लोहरदगा-गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन ने अमतीपानी व गुरदारी मांइसों का किया दौरा

- **हम लोग भी गाड़ी सिस्टम से चलवाएंगे और जहां जरूरत होगी हम लोग कंपनी को भी सहयोग करेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा गुमला ट्रक ओनर एसोसिएशन ने हिंडाल्को के अमतीपानी एवं गुरूदरी माइंसों का दौरा किया, इस दौरान गुरदारी में जीएम प्रवीण भालेकर ,माइंस मैनेजर विद्यासागर सिंह, अजीत कुमार के साथ बैठक करते हुए एसोसिएशन ने कहा की गुरदारी में ट्रक ड्राइवर 3 से 5 दिन आकर खड़े रहते ताकि उनका नंबर आए, यह परंपरा बिल्कुल गलत है ,आप उतनी ही गाड़ी को बुलाए जितनी गाड़ी को प्रतिदिन आप माल दे सकते हैं ताकि किसी भी आंनर या ड्राइवर को परेशानी ना हो, इस पर कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि हम ऐसा एक सिस्टम बनाएंगे जिसमें प्रतिदिन ट्रक आए और अपना लोडिंग लेकर चले जाए ,वहीं एसोसिएशन ने यह भी कहा गुरदरी में ट्रिप बढ़ाएं क्योंकि बहुत कम ट्रिप मिल रहा है, इस पर भी कंपनी ने आश्वासन दिया कि कंपनी ट्रिप बढ़ाने की व्यवस्था में लगी हुई है कुछ लीगल दिक्कते हैं जिनको पूरी करने के बाद ट्रिप सुधरने की उम्मीद है।

इसके साथ ही अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई चाहे वह कागजात का मामला हो, टोकन का मामला हो या माल सिस्टम से गिराने का मामला हो, वही एसोसिएशन ने कंपनी को आश्वस्त किया कि हम लोग भी गाड़ी सिस्टम से चलवाएंगे और जहां जरूरत होगी हम लोग कंपनी को भी सहयोग करेंगे, इसके पश्चात एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ट्रक चालकों से भी मुलाकात की उनकी समस्याओं को जाना और कहा कि पूर्व में जो चलते आया है अब ऐसा नहीं चलेगा।

सबको सामान्य और बराबर ट्रिप मिलेंगे और किसी भी तरह से कोई ड्राइवर या आंनर सिस्टम के खिलाफ जाकर काम करेगा तो वैसे ट्रकों को चिन्हित कर कार्रवाई भी करेंगे, इसके पश्चात एसोसिएशन की टीम अमतीपानी माइंस पहुंची और वहां पर माइंस मैनेजर वाई के लिहारे के साथ बैठक की और कहा कि अभी बरसात के समय में अमतीपानी में प्रतिदिन गाड़ियां रुक जा रही है एवं बारिश ज्यादा होने के कारण गाड़ियां खदान में फंस रही हैं जिसके कारण गाड़ियों को मशीन के द्वारा धक्का लगाकर निकलवाना पड़ता है जिससे गाड़ियों का नुकसान हो रहा है, इसलिए आप बरसात तक एबीसी ग्रुप में गाड़ी चलाने की कृपा करें, वहीं जीएम भालेकर जी को भी एसोसिएशन ने चिरोडीह माइंस के लिए भी कहा कि वहां भी काफी परेशानी हो रही है फिलहाल आप एबीसी ग्रुप में गाड़ियां चलाएं जिससे चालको एवं आँनर को परेशानी ना हो ,इस पर उन्होंने कहा की 2 से 3 दिन का वक्त दीजिए हम लोग आपस में विचार करके आगे निर्णय लेकर आपको सूचित करेंगे .आज एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष कवलजीत सिंह ,सचिव रोहित अग्रवाल, मुद्रिका यादव ,कोषाध्यक्ष अभय सिंह ,ओम सिंह, हरिचरण साहू, मो. इरशाद डब्लू ,मनीष सिंह, मुख्तार अंसारी, मो मुन्ना खान,प्रदीप कुमार साहू आदि शामिल थे।

### पंचम राज्य वित्त आयोग की टीम लोहरदगा पहुंची

# पंचायतों में हो रहे कार्यों की जानकारी ली

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** पंचम राज्य वित्त आयोग की टीम लोहरदगा पहुंची। टीम का दो दिवसीय लोहरदगा भ्रमण कार्यालय का पहला दिन रहा। जिसमें आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेवानिवृत्त आईएएस एपी सिंह, सदस्य के रूप में प्रोफेसर हरेश्वर दयाल शामिल रहे। टीम ने परिसदन लोहरदगा में सभी संबंधित पदाधिकारियों से जिला विभिन्न पंचायतों में हो रहे कार्यों की जानकारी ली। इसके बाद टीम द्वारा उगरा पंचायत का भ्रमण किया जिसमें मुखिया बसंती देवी ने पंचायत की विस्तृत जानकारी दी और वस्तुस्थिति से अवगत कराया। जिला परिषद अध्यक्ष ने पंचायत की उपलब्धियों की जानकारी दी। वहीं जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा



पंचायतों को प्राप्त आवंटन व योजनाओं से अवगत कराया। भ्रमण में इचरी ग्राम प्रधान योगेंद्र उरांव ने बताया कि कैसे ग्राम इचरी में मुर्गी पालन, बतख पालन एवं अन्य योजनाओं का लाभ ग्रामीण ले रहे हैं। इचरी के महिला मंडल की महामुनि देवी ने बताया कि समूह से जुड़कर किस तरह आत्मनिर्भर बनीं, कैसे गरीबी से उभरीं। इसी तरह ग्रामसभा के आयोजन में किस तरह की कठिनाइयाँ आईं और ग्राम सभा के बाद चीजें किस तरह आसान हो गईं, यह बताया। सखी मंडल की सदस्यों ने ग्राम पंचायत विकास योजना की प्रक्रिया के बारे में बताया। पंचम राज्य वित्त आयोग ने पंचायत के सभी समस्याओं का जायजा लिया। उनके निवारण के लिए उनको बताया कि धीरे धीरे सभी समस्याओं का समाधान होगा । सखी महिला मंडल ने गांव में जैविक खेती और पशुपालन के बारे में जानकारी दी। आयोग ने महिलाओं से बात कर आय-व्यय एवं कार्य क्षेत्र की जानकारी ली। आयोग की टीम ने मुरपा में सोलर प्लांट और आम बागवानी योजना का निरीक्षण किया गया। प्रखंड परिसर सेन्हा में सिलाई सेंटर का भी निरीक्षण आयोग द्वारा किया गया और उत्पादक समूह से उत्पादन और आय की जानकारी ली। प्रखंड स्तरीय पुस्तकालय का निरीक्षण किया।

## उर्दू हाई स्कूल चरहू के प्राचार्य पर कार्रवाई की मांग

- **स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष अहमद रजा ने डीसी को सौंपा ज्ञापन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**किस्को/लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अरेया के चरहू में संचालित राजकीय कृत उत्क्रमित उर्दू उच्च विद्यालय में विगत 7 सितंबर की देर रात विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के क्लासरूम में प्रधानाध्यापक भिखराम भगत के सह पर शराब मुर्गा पार्टी करते गांव वालों ने आधे दर्जन से अधिक विद्यार्थी को पकड़ा था और दूसरे दिन विद्यालय परिसर में मुखिया यशोदा उरांव, प्रबंध समिति के अध्यक्ष अहमद रजा व सैकड़ों गांव वालों ने इसकी हकीकत जाना। जिसमें स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों द्वारा ही हेडमास्टर भिखराम भगत के द्वारा चाभी दिए जाने की बात स्वीकार किया गया था। इस मामले पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अहमद रजा ने उपायुक्त डॉ ताराचंद के समक्ष लिखित आवेदन देकर शिक्षक दिवस मनाने के नाम




पर चंदा इकट्ठा कर रात में विद्यार्थियों द्वारा स्कूल के क्लासरूम में शराब मुर्गा पार्टी करते पकड़े जाने मामले पर हेडमास्टर भिखराम भगत और सहायक शिक्षक अभिषेक कुमार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग रखी है। डीसी डॉ ताराचंद के समक्ष अहमद रजा ने आवेदन देकर अवगत कराया गया है कि इससे पूर्व साल 2022 और 2024 में भी इन शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई हेतु मांग रखी गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने की बात आवेदन पत्र में उल्लेख किया है।

अहमद रजा ने आवेदन में उल्लेख किया है कि विद्यालय में कार्यक्रमों के नाम पर जबरन चंदा लिया जाता है और विद्यालय में शराब मुर्गा पार्टी चलाया जाता है।

## पेशरार में सरकार के खिलाफ भाजपा ने किया एकदिवसीय प्रदर्शन

**लोहरदगा।** पेशरार प्रखंड में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन झारखण्ड सरकार के खिलाफ किया गया जिसमे भाजपा प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह शामिल हुई। मौके में सुनीता सिंह ने कहा की जिस जिस ने खनिज सम्पदा के अवैध व्यापारियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ मुखर होकर बोला है उसकी राजनितिक हत्या होना इस झारखण्ड में अबुआ की बबुआ सरकार में तय है। जिस प्रकार से स्व. सूर्या हांसदा ने आदिवासियों के हित में कार्य कर समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया लेकिन साजिश के तहत उनकी फर्जी एनकाउंटर कर दिया गया। इस सरकार में आदिवासियों की जमीन हडपने का कार्य बहुत तेजी से योजना बध तरीके से किया जा रहा हैं। अभी वर्तमान में नगड़ी की खेती हर जमीन में रिम्स 2 बनाने के चक्कर में भोली भली आदिवासी समाज को ठगना चाहती है। यदि उनकी नियत साफ होती तो झारखण्ड अन्य क्षेत्रों में भी इसका निर्माण किया जा सकता है। बहुत से जिलों में जमीन देने के लिए भी लोग तैयार है। मौके पर जिला मंत्री मिथुन तमेडा ने झारखण्ड सरकार और प्रखंड कार्यालय पर निशाना साधते हुए कहा की पेशरार प्रखंड के ठीक नजदीक ओनेगाढ़ा पुल का निर्माण न होने दुर्भाग्य की बात है। इस पुल के निर्माण से रोरद और पेशरार की दुरी कम हो जाएगी। जिससे आम जनता को प्रखंड मुख्यालय तक अपनी मूलभूत अवश्यकताओ की पूर्ति के पहुँचाने में असुविधा का सामना न करना पड़े।

# लोहरदगा निबंधन कार्यालय में 40 दिनों से रजिस्ट्री कार्य ठप

- **जिला अधिवक्ता संघ ने जताई नाराज़गी, आंदोलन की दी चेतावनी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला निबंधन कार्यालय में पिछले 40 दिनों से रजिस्ट्री कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। इसको लेकर गुरुवार को जिला अधिवक्ता संघ ने इस स्थिति पर नाराज़गी जताते हुए कहा कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे जिला प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को बाध्य होंगे। अधिवक्ताओं ने साफ किया है कि निबंधन कार्यालय में फैली अनियमितताओं और भ्रष्टाचार को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, रजिस्ट्री कार्य ठप रहने से आम लोगों को जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री कराने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि एलपीसी (लगान पर्चा) के नाम पर पाँच हजार रुपये तक की माँग खुलेआम की जा रही है। वहीं दूसरी ओर स्टाम्प की किल्लत ने हालात और गंभीर बना दिए हैं। इस कारण न केवल आम जनता का काम प्रभावित हो रहा है बल्कि सरकार को भी राजस्व की भारी हानि उठानी पड़ रही है। जिन लोगों को जमीन खरीदने-बेचने या कर्ज के लिए दस्तावेज की तत्काल जरूरत है, वे बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी जिला प्रशासन से रजिस्ट्री कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग की है ताकि आमलोगों को राहत मिले और राजस्व की हानि रोकी जा सके।

## राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष ने लिया विकास योजनाओं का जायजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत भवन में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह तथा सदस्य हरिश्वर दयाल द्वारा प्रखंड के पदाधिकारियों और ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित कर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए समीक्षा किया गया.वही सहमती देवी जानकारी देते हुए कहा कि प्रखंड से महिला मंडल की दीदियों द्वारा गांव में महिला मंडल का गठन किया गया.और प्रत्येक सप्ताह पांच-पांच रुपये का बचत करा कर सभी लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कदम उठाया गया.महिला मंडल समूह की दीदियों द्वारा उगरा पंचायत में विभिन्न तरह का सामाजिक कार्य के तहत जल,जंगल बचाने का काम किया गया.वही पूजा देवी द्वारा बताया गया. की पूर्व में ग्राम सभा अलग तरह से होता था.जिसे विकास कार्य सम्बन्धी जानकारी नही मिलती थी.परन्तु ग्राम सभा का नियमावली बदलने पर जर्जर द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी होती है.साथ ही प्रदान संस्था द्वारा महिलाओं को हक़ अधिकार की आवाज उठाने के लिये प्रेरित किया गया.सरकार द्वारा संचालित विभिन्न तरह के विकास योजनाओं से आज गांव के चौदह अत्यंत गरीब परिवार के लोग बकरी,मुर्गी,बतख पालन कर तथा आम बागवानी से जुड़ कर अच्छे आमदनी कर रहें हैं।

## बिजली चोरी मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

भंडरा । बिजली चोरी के मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, विभाग के अधिकारियों ने उर्जा क्षति के रूप में विद्युत अधिनियम के तहत लगभग 69 हजार रूपये का आर्थिक दंड लगाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक विभाग के अधिकारियों ने यह छापामारी प्रखंड के भीठा व कचमची गांव में की है। इस दरम्यान भीठा गांव मे जनक साहू पिता अकलू साहू,आनंद साहू पिता जलेश्वर साहू व सरोज साहू पिता छदन साहू और कचमची निवासी सुखदेव उरांव पिता सोमरा उरांव को अवैध रूप से टोंका फंसाकर दुकान में बिजली की चोरी करते पकड़ा। इस मामले की खबर जैसे ही लोगों को लगी आसपास के लोग सजग हो लिये। पदाधिकारियों ने यह छापामारी दोपहर दो बजे से लेकर तकरीबन शाम पांच बजे तक जारी रखी। सहायक विद्युत अभियंता मोहमद जीशान ने बताया कि भीठा मे तीन व कचमची मे एक लोग पर विधुत चोरी का मामला दर्ज किया गया। पर इस मामले में चार लोगो पर करीब 69 हजार रूपये का उर्जा क्षति के रूप में आर्थिक दंड लगाया गया है। वहीं इसकी प्राथमिकी देर रात बुधवार को स्थानीय थाने में दर्ज करा दी गई है।

## आदि कर्मयोगी बन समन्वय बनाकर विकास करें : प्रमुख्य




**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में आदि कर्मयोगी अभियान के माध्यम से जनजातियो को सशक्त और परिवर्तन के लिये व्यक्ति और संस्थानों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित किया गया। आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन प्रमुख फुलझरी देवी और मुखियाओं द्वारा किया गया। वही प्रमुख फुलझरी देवी ने कहा कि आदि कर्मयोगी बन सभी लोग समन्वय बना कर जनजातियों के विकास में सहयोग करें जिसे जनजाति समाज का उत्थान होगा। वही प्रशिक्षक डॉ. दीनानाथ ने सरकार द्वारा जनजाति समाज का विकास और उत्थान के लिये संचालित विभिन्न कार्य और योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी गई.साथ ही जनजाति समाज का विकास और उत्थान योजना बना कर किस तरह करना है। उसके बारे में भी बताया गया.तथा विभिन योजनाओं के बारे में बताया गया। वही सभी मुखियाओं और प्रखंड कर्मियों को जनजातियों का विकास और उत्थान के लिये समन्वय बना कर कार्य करने के लिये निर्देश दिया गया.मौके पर मुखिया कमला देवी,राजश्री उरांव,शोभा देवी,दिलीप उरांव,पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मी उरांव,प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत समेत अन्य जनप्रतिनिधि और प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

### सम्मेलन की सफलता को लेकर भंडरा व कुडू में प्रखंड स्तरीय बैठक

# मोमिन कॉन्फ्रेंस का सम्मेलन होगा इतिहासिक : हाजी अब्दुल जब्बार

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/कुडू/लोहरदगा।** मोमिन कॉन्फ्रेंस का आगामी 14 सितंबर को नया नगर भवन में आयोजित सम्मेलन की तैयारी एवं सफलता को लेकर भंडरा एवं कुडू प्रखंड में प्रखंड स्तरीय बैठक की गई। बैठक मे प्रदेश सचिव सह संयोजक हाजी अब्दुल जब्बार साहब,प्रदेश उपाध्यक्ष सवाहरत हुसैन, जिलाध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी,कार्यकारी अध्यक्ष जहूर अंसारी,यूथ जिला अध्यक्ष ऐनुल अंसारी ,वरीय उपाध्यक्ष इम्तियाज अंसारी,युनुस अंसारी, उपाध्यक्ष हातिम अंसारी, उपाध्यक्ष रौनक एकबाल,उपाध्यक्ष कमरूल इस्लाम,महासचिव रुस्तम




अंसारी,नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी,जिला सचिव सईद अंसारी शामिल हुए शामिल हुए। बैठक में हाजी अब्दुल जब्बार साहब ने कहा कि 14 सितंबर को लोहरदगा नया नगर भवन मे होने वाले मोमिनों का महा सम्मेलन एक नया अध्याय लिखेगा। कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस सम्मेलन इतिहासिक और भव्य होगा। उन्होंने कहा कि प्रोग्राम में मोमिन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनाब फिरोज अंसारी साहब, सूबे के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी साहब, पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अंसारी प्रदेश अध्यक्ष आबिद अली,अमानत अली समेत कई दिगर हस्तियां शरीक होंगे। जिनके समक्ष मोमिनों के हित को लेकर 15 सूत्री मांग पत्र सौंपा जाएगा। कार्यक्रम भव्य और ऐतिहासिक हो इसे लेकर सभी जिम्मेवारियों को बखूबी निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि लोहरदगा में महासम्मेलन अपने हक अधिकार की प्राप्ति हेतु सफल सिद्ध हो इसे सुनिश्चित करेंगे। कहा कि यह प्रोग्राम ऐतिहासिक और सदियों तक यादगार साबित होगा। कहा कि लोहरदगा जिला में मोमिनों को सौ फीसदी हक अधिकार मिले इसे लेकर महासम्मेलन के माध्यम से अपनी ताकत और कौमी एकता का परिचय दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से सलमान अंसारी,नासिर अंसारी,अब्दुल मनान अंसारी, शेराजुल अंसारी,हलीम अंसारी मोहम्मद जान अंसारी, तौफीक आल,समद अंसारी, अशफाक अंसारी, अबू शमा अंसारी, हसबुद्दीन अंसारी, ,वारिश अंसारी, जफर इमाम, हफ़ीजुल अंसारी, साजिद अंसारी, मोबारक अंसारी, मंजूर अंसारी, मुमताज अंसारी, बाबर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, रजाक अंसारी, रशीद अंसारी, नसीम अंसारी, फिरोज अंसारी, मंसूर अंसारी, हबीब अंसारी,हैदर अंसारी आरिफ अंसारी, व दोनों प्रखंडों के अंजुमन के सदर व सेकेट्री व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट व फुटवेयर का वितरण

**भंडरा ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा के फाइलेरिया क्लीनिक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संजय कुमार के निर्देशानुसार फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट और फुटवेयर का वितरण किया गया। जिसमें एमटीएस इंचार्ज राम कुमार महतो के द्वारा बताया गया कि सभी फाइलेरिया रोगियों को एमएमडीपी किट वितरण किया जा रहा है और वैसे फाइलेरिया रोगी जिसका पैर फूला हुआ है और साधारण चप्पल पहनने लायक नहीं है उनके लिए मलेरिया विभाग द्वारा स्पेशल फुटवेयर निःशुल्क दिया जा रहा है लोगों को फाइलेरिया क्लीनिक के बारे भी जानकारी दिया गया जिसमें प्रत्येक मंगलवार को फाइलेरिया रोगी को इस बीमारी से बचाव, सुझाव और परामर्श दिया जाता है।

## यूनिवर्सल आइटी प्रशिक्षण संस्थान में धूम-धाम से मना शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवाददाता



**पालकोट (गुमला)।** स्किल इंडिया एवं जन शिक्षण संस्थान विकास भारती गुमला के तत्वावधान में संचालित यूनिवर्सल आईटी कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र, पालकोट में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जन शिक्षण संस्थान, विकास भारती गुमला से पहुँचीं कुशम्नती मैडम ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही निःशुल्क कौशल विकास योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और अपने जान-पहचान के लोगों को भी इसके बारे में जागरूक करें। उन्होंने सभी प्रशिक्षणरत छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। केंद्र के संचालक सह प्रशिक्षक अर्जुन ग्वाला ने अपने विचार साझा करते हुए कहा की इस संसार में व्यक्ति के कई गुरु हो सकते हैं, लेकिन जीवन के अनुभवों से मिली सीख सबसे बड़ी होती है। इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति स्वयं का सबसे बड़ा शिक्षक होता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक कृष्ण कंसारी, शिवांगी कुमारी, विशाल बैठा सहित दर्जनों की संख्या में छात्र-छात्राएँ मौजूद थे।

## प्रेम- प्रसंग में हुई युवती की संदिग्ध मौत

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के छिछवानी पंचायत में एक 19 वर्षीय युवती जयमंती कुमारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। युवती का शव मिलने के बाद परिजनों ने उसके प्रेमी और उसके परिवार पर हत्या का आरोप लगाया है।प्रेम प्रसंग और लिव-इन रिलेशनशिप स्थानीय लोगों के अनुसार, जयमंती का पिछले दो सालों से बेन्डोरा पंचायत के बसाइर टोली निवासी विजय रौतिया के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताया जाता है कि युवती कुछ समय से विजय के घर पर लिव-इन रिलेशनशिप में भी रह रही थी।शादी से इनकार के बाद बिगड़ा मामला कर्मा पूजा के बाद जयमंती वापस अपने प्रेमी विजय के घर लौटी थी। इसी दौरान, विजय ने उससे शादी करने से इनकार कर दिया, जिसके बाद दोनों के बीच जमकर विवाद हुआ। परिजनों का आरोप है कि इसी विवाद के दौरान जयमंती ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे देर रात एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां उसने दम तोड़ दिया। परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप जयमंती के भाई प्रहलाद मुंडा ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन के कान से खून बह रहा था और उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे।

# कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बनेंगी गुमला की महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के सहयोग से बसिया प्रखंड के ग्राम लोंग में 25 दिवसीय जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें 20 महिला उद्यमियों को बैग, हैंडबैग, बोरी सहित अन्य जूट उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन जन जागरण एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण उपरांत महिलाएं न केवल अपने उद्यम की शुरुआत कर सकेंगी, बल्कि बोर्ड की ओर से उत्पादों के विपणन की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।
कार्यक्रम के तहत ग्राम लोंग में एक कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी) भवन का निर्माण भी किया जाएगा, जहां महिलाएं सामूहिक रूप से उत्पादन कार्य कर सकेंगी। इससे उनकी आय और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।
आज आयोजित उद्घाटन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक गुमला तथा प्रखंड उद्यमी समन्वयक कामडारा/बसिया मौजूद रहे। प्रशिक्षण में शामिल महिलाओं को आवश्यक टूलकिट भी प्रदान की गई, ताकि वे सीखे गए कौशल को व्यवहार में ला सकें। जिले की महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में प्रोत्साहित करने की यह पहल आत्मनिर्भर गुमला की ओर एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

## जनशिकायत निवारण दिवस पर 22 शिकायतों का निष्पादन



**चैनपुर।** गुरुवार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी यादव बैठा और अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता ने जनशिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न मामलों से संबंधित कुल 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 22 का त्वरित निष्पादन किया गया।जनशिकायत निवारण दिवस में विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। इनमें पेंशन से संबंधित 5, पंजी-2 में सुधार से संबंधित 6, राशन कार्ड से संबंधित 12, और मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 1 शिकायत शामिल थी।अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है। बीडीओ यादव बैठा और सीओ दिनेश गुप्ता ने यह सुनिश्चित किया कि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस पहल से स्थानीय लोगों में काफी संतोष देखने को मिला।

## गुमला में वज्रपात की चपेट में आए तीन लोग, बुजुर्ग व बच्चे की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** जिले के चुहरू गांव में सो अपराह्न लगभग 4 बजे हुई भीषण वज्रपात की घटना में एक बुजुर्ग और एक मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि एक 5 वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार, चुहरू गांव निवासी 55 वर्षीय सूना उरांव अपनी नतनी अक्षीता कुमारी (5 वर्ष) को शांति निकेतन स्कूल से लेने गए थे। उनके साथ गांव का छात्र संगम उरांव (7 वर्ष) भी था। तीनों लौटते समय बरांग जाने वाले पुल के पास पहुंचे ही थे कि अचानक आसमान से बिजली गिरी और तीनों उसकी चपेट में आ गए।
वज्रपात में सूना उरांव और संगम उरांव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि नन्ही अक्षीता गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय राहगीरों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को दी। ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सूना उरांव और संगम उरांव को मृत घोषित कर दिया। घायल अक्षीता का इलाज जारी है।
इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे चुहरू गांव में शोक और मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि सूना उरांव बेहद मिलनसार व्यक्ति थे और बच्चों से लगाव रखते थे।

## घाघरा : हवलदार बरगी उरांव को नम आंखों से दी गयी विदाई

**घाघरा।** घाघरा चाईबासा जिले के गुवा में पदस्थापित जैप-9 के हवलदार बरगी उरांव कुहीपाट जामटोली निवासी की राइफल साफ करने के क्रम में गोली के चलने से मौत हो गई। वह अपने बैरेक में इंसास राइफल साफ कर रहे थे।इसी दौरान अचानक ट्रिगर दब जाने से गोली चल गई, जो उनके सिर पर लग गई। गंभीर अवस्था में उन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुवा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर परिजन गुवा पहुंचे और शव को लेकर गांव आए। जहां कुहीपाट जामटोली में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों और ग्रामीणों की आंखों में अश्रुपूरित विदाई देखी गई। मृतक की पत्नी चामीन उराइन ने बताया कि 3 सितंबर को बरगी उरांव कर्मा पूजा पर गांव आए थे और 7 सितंबर को वापस ड्यूटी पर लौट गए थे। बीते सोमवार की रात 10 बजे तक फोन पर बातचीत हुई थी। मंगलवार की रात करीब 8 बजे हादसे की सूचना मिली कि वे घायल हो गए हैं, लेकिन मौके पर पहुंचने के बाद पता चला कि उनकी मौत हो चुकी है।

## उपराष्ट्रपति की जीत पर गुमला में बांटे गए मिठाई

**गुमला।** देश के नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की शानदार जीत पर पूरे गुमला जिले में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बाँटकर इस ऐतिहासिक क्षण का जश्न मनाया। जिला बीजेपी ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष अशोक कुमार साहू (मुन्ना) ने इस मौके पर जनता के बीच चॉकलेट और मिठाई बाँटकर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा – "यह पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। उपराष्ट्रपति की विजय से भारत की लोकतांत्रिक ताकत और अधिक मजबूत होगी।" इस अवसर पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी और देश की लोकतांत्रिक परंपरा की मजबूती पर गर्व जताया।

# सिसई रेफरल अस्पताल में 65 टीबी मरीजों को मिला निःक्षय पोषण किट

नवीन मेल संवाददाता



**सिसई (गुमला)।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत रेफरल अस्पताल, सिसई परिसर में बुधवार को 65 टीबी रोगियों के बीच निःक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। यह किट हिंडाल्को कंपनी के सौजन्य से उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ललिता कुमारी मिंज की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. ललिता कुमारी मिंज ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही यह योजना टीबी मरीजों के लिए संजीवनी का काम कर रही है। पोषण युक्त आहार से मरीजों की रिकवरी तेज होती है और वे जल्द स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी सकते हैं। उन्होंने सभी लाभुकों से नियमित दवा खाने और स्वास्थ्य कर्मियों के निर्देशों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में अकाउंट मैनेजर दीपेश कुमार तिवारी, प्रोग्राम मैनेजर नवीन अमित केरकेटा, संघनक अगाथा लकड़ा, बीडीएम जायकातं उरांव, टीबी सुपरवाइजर शिवनारायण सिंह, स्वास्थ्यकर्मी नीरज कुमार सिंह, करामदेयल उरांव, पंकज उरांव समेत कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।
अधिकारियों ने बताया कि निःक्षय पोषण किट वितरण का उद्देश्य टीबी मरीजों को उचित आहार उपलब्ध कराकर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना है। हिंडाल्को जैसी संस्थाओं के सहयोग से यह पहल और भी सशक्त हो रही है। सरकार की मंशा है कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाओं से टीबी मरीजों को न केवल आर्थिक बल्कि मानसिक सहयोग भी मिलता है।

## मानव तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ : चार नाबालिग बच्चियों को डुमरी पुलिस ने कराया मुक्त

नवीन मेल संवाददाता




**डुमरी, (गुमला)।** डुमरी पुलिस ने एक बड़े मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए गुरुवार को दिल्ली ले जाई जा रही चार नाबालिग लड़कियों को बचाया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक महिला तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। इस रैकेट का पर्दाफाश उस समय हुआ जब डुमरी पुलिस को चैनपुर थाना क्षेत्र से गुजर रही एक यात्री बस में नाबालिगों को ले जाने की सूचना मिली।पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डुमरी थाना प्रभारी अनुज कुमार ने तुरंत चैनपुर पुलिस को अलर्ट किया, जिसके बाद बस को रोका गया। बस से चार लड़कियों को रेस्क्यू किया गया, जिनकी पहचान असरिता कुमारी (19), सरस्वती कुमारी (21), सरोज कोरवा (17) और देसु नगेसिया (18) के रूप में हुई। इन सभी को दिल्ली ले जा रही महिला सुनीता तिर्की को भी गिरफ्तार किया गया, जो मूल रूप से जारी प्रखंड के कोदा धोबारी की रहने वाली है और परिजनों ने कहाः "हम अपनी मर्जी से भेज रहे हैं" पुलिस ने सभी बच्चों और गिरफ्तार महिला को डुमरी थाने ले जाकर पूछताछ की। बच्चों के माता-पिता को भी थाने बुलाया गया। पूछताछ में माता-पिता ने चौंकाने वाला बयान देते हुए कहा कि वे अपनी मर्जी से बच्चों को दिल्ली भेज रहे थे। पुलिस ने सभी के उम्र का सत्यापन किया, जिसमें एक लड़की, सरोज कोरवा, नाबालिग पाई गई। उसके परिजनों ने कहा कि वह अपनी बड़ी बहन सरस्वती कुमारी के साथ जा रही थी।

## धूमधाम से मनाया 18वां स्थापना दिवस सह माता-पिता सम्मान समारोह



नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)।** शैलपुत्री फाउंडेशन ललित उरांव मेमोरियल स्कूल, भरनो ने बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ अपना 18वां स्थापना दिवस सह माता-पिता सम्मान समारोह मनाया। इस अवसर पर प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही सहित कई अतिथियों ने विद्यालय की उपलब्धियों की सराहना की।
प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव ने कहा— "आज के समय में शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है और शैलपुत्री फाउंडेशन भरनो में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। यहां का परिणाम लगातार बेहतर हो रहा है, यह शिक्षा का अलख जगा रहा है। फाउंडेशन को मेरी ओर से हर संभव सहयोग और शुभकामनाएं।"
भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही ने कहा— "विद्यालय न सिर्फ शिक्षा प्रदान कर रहा है बल्कि भारतीय संस्कृति और संस्कारों से बच्चों को जोड़ने का कार्य कर रहा है। इसके लिए निदेशक विनय केशरी विशेष बधाई के पात्र हैं।"
समारोह के दौरान बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नन्हें-मुन्नों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष रंग भर दिए।
कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, भाजपा अध्यक्ष हरिशंकर शाही और विद्यालय निदेशक विनय केशरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

## पालकोट में भाजपा का विरोध प्रदर्शन

**पालकोट (गुमला)।** भारतीय जनता पार्टी पालकोट प्रखंड इकाई की ओर से गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर कार्यकर्ताओं ने वर्तमान राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरकार ने आदिवासियों की समस्याओं को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया है। विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश नारायण सिंह ने कहा कि जिस भरोसे के साथ आदिवासी समाज ने इस सरकार को समर्थन दिया था, वह भरोसा अब टूट चुका है। बेरोजगारी चरम पर है, भ्रष्टाचार बेकाबू है और विकास कार्य सिर्फ घोषणाओं तक सीमित हैं। उन्होंने कहा, "राज्य की सरकार पूरी तरह जनविरोधी है। आदिवासी समाज को ठगने और उनके अधिकारों को कुचलने का काम हो रहा है। भाजपा गाँव-गाँव और घर-घर जनजागरण अभियान चलाएगी और सड़क से सदन तक आदिवासियों, किसानों और गरीबों की आवाज बुलंद करेगी।" नेताओं ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगर आदिवासियों की सुरक्षा, रोजगार, शिक्षा और विकास के मुद्दों पर ठोस पहल नहीं की गई।

## बिशुनपुर में भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**बिशुनपुर (गुमला)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर गुरुवार को बिशुनपुर प्रखंड मुख्यालय में मंडल अध्यक्ष जगत ठाकुर की अध्यक्षता में एकदिवसीय आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया।
भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि हेमंत सरकार की नीतियां विफल हैं, राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा की कथित एनकाउंटर में मौत की सीबीआई जांच की मांग उठाई। साथ ही नगड़ी में रिम्स-2 निर्माण के नाम पर आदिवासी रैयतों की जमीन अधिग्रहण का विरोध किया।
भाजपा कार्यकर्ताओं ने बीडीओ के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की—
सूर्या हांसदा की हत्या की सीबीआई जांच कराई जाए। आदिवासी रैयतों की जमीन की लूट पर रोक लगाई जाए। भ्रष्टाचार और अपराध की घटनाओं पर राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं।
भाजपा का कहना है कि मौजूदा सरकार आदिवासियों की हत्या और उनकी जमीन की लूट पर मौन साधे बैठी है, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल प्रमुख कार्यकर्ता : इस मौके पर रविंद्र उरांव, छोटन उरांव, महामंत्री सुरेंद्र कुमार मांझी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह, बिल्टू लोहरा, दिलेश्वर उरांव, अनिल बड़ाईक, परमेश्वर सिंह, सुखना असुर, विनोत्तर खरवार, अरविंद उरांव, गोपाल बड़ाईक समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# गुमला के सभी विद्यालयों में 25 सितंबर तक चलेगा स्वास्थ्य जांच अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य की भी अहम भूमिका होती है। इसी उद्देश्य से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार जिले के सभी उच्च एवं आवासीय विद्यालयों में छात्रों का शत-प्रतिशत स्वास्थ्य जांच अभियान शुरू किया गया है।
अभियान के तहत जिले के 102 उच्च विद्यालयों एवं 25 आवासीय विद्यालयों में तिथिवार स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जो 25 सितंबर तक चलेंगे। इन शिविरों में प्रत्येक विद्यालय के सभी छात्रों की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाएगी।
अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय को स्थानीय सीएचसी/पीएचसी स्वास्थ्य केंद्रों की मेडिकल टीम से टैग किया गया है। विशेषज्ञ डॉक्टर विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया, हीमोग्लोबिन स्तर एवं अन्य गंभीर बीमारियों की जांच कर रहे हैं।
अभियान के अंतर्गत आज ही जिले के 11 उच्च विद्यालयों के 3500 से अधिक विद्यार्थियों और 2 आवासीय विद्यालयों के लगभग 500 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिन बच्चों में गंभीर बीमारियां पाई गईं, उन्हें रेफरल अस्पताल भेजकर आगे का उपचार सुनिश्चित किया गया।
उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने कहा की स्वस्थ बच्चे ही सुरक्षित समाज की नींव हैं। गुमला का भविष्य तभी उज्ज्वल होगा जब यहां के बच्चे पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। बोर्ड परीक्षा निकट है और स्वस्थ रहकर ही बच्चे अपनी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे।

# गुमला में कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान पूरा
# कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प–बूथ पर एक-एक वोट की करेंगे रक्षा

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के संगठन सृजन अभियान के तहत गुमला जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव को लेकर आयोजित प्रखंडवार बैठकों का दौर गुरुवार को रायडीह और पालकोट में सम्पन्न हुआ। 5 सितंबर से चले इन कार्यक्रमों में जिलेभर के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए और संगठन की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। सभा को संबोधित करते हुए एआईसीसी पर्यवेक्षक एवं राजस्थान के पूर्व मंत्री सह सांसद डॉ. रघु शर्मा ने भाजपा और आरएसएस पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा की भाजपा चुनाव जनता का विश्वास जीतकर नहीं, बल्कि वोट चोरी कर जीतना चाहती है। कांग्रेस का हर कार्यकर्ता बूथ पर सतर्क रहेगा और वोट चोरी की हर कोशिश को नाकाम करेगा। डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष अब सिफारिश पर नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं के भरोसे से तय होगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई अध्यक्ष कार्यकर्ताओं का भरोसा तोड़ेगा तो उसे पद से मुक्त किया जाएगा।
डॉ. शर्मा ने कहा कि बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) कांग्रेस की सबसे बड़ी ढाल हैं। मजबूत बीएलए होने पर भाजपा की वोट चोरी की हर साजिश नाकाम होगी। हर कार्यकर्ता को यह संकल्प लेना होगा कि वे बूथ पर सतर्क रहकर एक-एक वोट की रक्षा करेंगे।
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि देश कठिन दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी और महंगाई ने जनता को तोड़ दिया है और भाजपा धर्म-जाति के नाम पर लोगों को बांटकर सत्ता हथियाना चाहती है।
"गुमला को ऐसा जिलाध्यक्ष चाहिए जो संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करे और हर बूथ पर बीएलए की ताकत से कांग्रेस की रक्षा करे।" जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव, पूर्व अध्यक्ष रोशन बरवा, मनीष साहू, संतोष गुप्ता (गुड्डू), फिरोज आलम, आरिफ हुसैन अख्तर समेत कई नेताओं ने भी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और बूथ स्तर तक मजबूती से डटे रहें।

### भरनो में भाजपा का आक्रोश रैली

# सूर्या हांसदा एनकाउंटर की जांच सीबीआइ से कराने की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**भरनो (गुमला)।** भाजपा प्रदेश कमेटी के आह्वान पर गुरुवार को भरनो मंडल अध्यक्ष हरिशंकर शाही के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आक्रोश रैली निकाली। यह रैली पार्टी कार्यालय से शुरू होकर प्रखंड परिसर तक पहुँची। रैली के दौरान कार्यकर्ता लगातार नारे लगाते रहे— "सूर्या हांसदा एनकाउंटर की सीबीआई जांच करानी होगी", "नगड़ी में रिम्स-2 का निर्माण बंद करो"। प्रखंड परिसर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रखंड प्रभारी भैरों सिंह खेरवार ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा—
"सूर्या हांसदा का एनकाउंटर संदिग्ध है और इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। सरकार रिम्स-2 बनाने में करोड़ों खर्च कर रही है, जबकि प्रखंड स्तरीय अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों की भारी कमी है। लोगों को इलाज के अभाव में कठिनाइयाँ झेलनी पड़ रही हैं।" सभा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने महामहिम राज्यपाल के नाम बीडीओ अरुण कुमार सिंह को ज्ञापन सौंपा।

### भारत-मॉरीशस संबंधों में नया अध्याय, काशी में होगी उच्चस्तरीय बैठक

# वाराणसी में पहली बार किसी राष्ट्राध्यक्ष पीएम की ऐतिहासिक वार्ता

- यह काशी में किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ पहली औपचारिक द्विपक्षीय वार्ता है।
- विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे विषय शामिल।
- डिजिटल सार्वजनिक ढांचा और नवीकरणीय ऊर्जा पर भी होगा विशेष फोकस।

**एजेंसी। वाराणसी**

मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम बुधवार को तीन दिवसीय यात्रा पर वाराणसी पहुँचने पर लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। गुरुवार को रामगुलाम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच यहाँ द्विपक्षीय बैठक होगी। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार (11 सितंबर) को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का दौरा करेंगे। वाराणसी में, प्रधानमंत्री मोदी मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की मेज़बानी करेंगे, जो 9 से 16 सितंबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर हैं। द्विपक्षीय चर्चा के दौरान, दोनों नेता सहयोग के सभी पहलुओं की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ द्विपक्षीय वार्ता के लिए वाराणसी पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह करीब 11 बजे हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेंगे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और डॉ. रामगुलाम द्विपक्षीय सहयोग के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बयान में कहा गया है कि दोनों नेता स्वास्थ्य, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और समुद्री अर्थव्यवस्था जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा करेंगे। भाजपा की नगर इकाई के अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने हाल में जीएसटी दरों में कटौती की है, और पार्टी कार्यकर्ता व काशी की जनता उनका स्वागत करने के लिए तैयार हैं।'' उन्होंने बताया कि हवाई अड्डे और कार्यक्रम स्थल के बीच छह स्थान चिह्नित किए गए हैं, जहां भाजपा कार्यकर्ता और नेता प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करेंगे। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रधानमंत्री मोदी का 2014 के बाद वाराणसी का 52वां दौरा है। मोदी 2014 में पहली बार वाराणसी से लोकसभा सांसद चुने गए थे।

## गंगा किनारे कूटनीति की नई लहर, सज-धज कर तैयार काशी



मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे की मेजबानी की थी, लेकिन यह पहली बार है जब काशी में किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ औपचारिक वार्ता हो रही है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री के स्वागत में वाराणसी शहर को बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनरों से सजाया गया है। भाजपा ने वाराणसी सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में भी बैनर लगाए हैं, जिनमें दूध और डेयरी उत्पादों पर जीएसटी में कटौती के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया गया है।

वाराणसी में भाजपा नेता एवं विधान परिषद सदस्य सुभाष यदुवंश की तस्वीर वाले एक होर्डिंग पर लिखा था, "दुग्ध उत्पादों पर जीएसटी कम करने के लिए यदुवंश समुदाय की ओर से मोदी जी का धन्यवाद।" पुलिस के अनुसार, इस प्रतिष्ठित नगरी में आज की स्थिति को देखते हुए तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह शहर पहले भी जी-20 बैठकों और जापान के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत शिंजो आबे, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों जैसे गणमान्य अतिथियों की मेजबानी कर चुका है।

## मोदी-रामगुलाम वार्ता से पहले काशी में स्वागत की भव्य झलक

डॉ. रामगुलाम बुधवार को वाराणसी पहुंचे, जहां उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने उनका स्वागत किया। वाराणसी का यह दौरा मॉरीशस के प्रधानमंत्री की नौ से 16 सितंबर तक की भारत यात्रा का हिस्सा है।

कार्यक्रम के अनुसार, रामगुलाम बृहस्पतिवार शाम को गंगा आरती में भाग लेंगे और शुक्रवार सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करेंगे। गणमान्य अतिथि का भव्य स्वागत किया गया। आम जनता और भाजपा कार्यकर्ता हवाई अड्डे से होटल ताज तक पूरे मार्ग पर स्वागत के लिए खड़े रहे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने संवाददाताओं से कहा, "द्विपक्षीय बैठक के बाद, मॉरीशस का प्रतिनिधिमंडल गंगा आरती में भाग लेगा और काशी विश्वनाथ मंदिर जाएगा। दोनों देशों के ऐतिहासिक संबंधों पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा।" भाजपा के स्थानीय मीडिया प्रभारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि काशी में प्रधानमंत्री मोदी की किसी राष्ट्राध्यक्ष के साथ यह पहली औपचारिक द्विपक्षीय बैठक होगी। उन्होंने कहा, "ऐसे समय में जब भारत के आस-पास के देशों में राजनीतिक उथल-पुथल है, भारत अपने पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है।"

# पीएम मोदी भागवत की तारीफ में भूले गांधी का सत्याग्रह : कांग्रेस

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मोहन भागवत पर लिखे उनके लेख को लेकर निशाना साधा और कहा कि आरएसएस प्रमुख को उनके 75वें जन्मदिन पर अतिशयोक्तिपूर्ण विशेष संदेश संघ नेतृत्व का पक्ष लेने की एक हताश कोशिश है। भागवत की बौद्धिक गहराई और संवेदनशील नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि 2009 से आरएसएस प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल इसकी 100 साल की यात्रा में सबसे परिवर्तनकारी काल माना जाएगा।

इसके जवाब में कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आरएसएस नेतृत्व को खुश करने की अपनी बेताब कोशिश में आज मोहन भागवत के 75वें जन्मदिन पर एक अतिशयोक्तिपूर्ण विशेष संदेश लिखा है। प्रधानमंत्री ने याद किया कि 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में अपना अमर भाषण दिया था। प्रधानमंत्री ने यह भी याद दिलाया कि 11 सितंबर 2001 को अमेरिका में अल-कायदा के आतंकी हमले हुए थे। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि लेकिन हैरानी की बात नहीं है कि प्रधानमंत्री ने यह ज़िक्र नहीं किया कि 11 सितंबर 1906 को महात्मा गांधी ने जोहान्सबर्ग में पहली बार सत्याग्रह का आह्वान किया था। उसी समय दुनिया ने पहली बार इस क्रांतिकारी विचार को सुना था। बेशक, प्रधानमंत्री से सत्याग्रह की उत्पत्ति को याद रखने की उम्मीद करना बहुत ज्यादा हो जाता है, क्योंकि सत्य शब्द ही उनके लिए अपरिचित है। प्रधानमंत्री, जो स्वयं को नॉन-बायलॉजिकल बताते हैं, अपने प्रवचनों को ऐसे प्रस्तुत करते हैं मानो वे स्वयं हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोहन भागवत की ''बौद्धिक गहराई और सहृदय नेतृत्व'' की प्रशंसा करते हुए कहा है कि 2009 से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख के रूप में उनका कार्यकाल इस संगठन की 100 साल की यात्रा में सर्वाधिक परिवर्तन का कालखंड माना जाएगा। भागवत के 75वें जन्मदिन पर बृहस्पतिवार को कई अखबारों में प्रकाशित लेख में मोदी ने कहा कि संघ प्रमुख 'वसुधैव कुटुंबकम' का जीवंत उदाहरण हैं और उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को संगठित करने, समता-समरसता और बंधुत्व की भावना को सशक्त करने में समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि यह सुखद संयोग है कि इस साल विजया दशमी पर आरएसएस 100 वर्ष का हो जाएगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी की जयंती, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी उसी दिन आ रही है।

# राहुल की विदेश यात्राओं में सुरक्षा नियमों की अनदेखी, सीआरपीएफ ने जताई गंभीर चिंता

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की विदेश यात्राओं के दौरान बार-बार सुरक्षा प्रोटोकॉल तोड़े जाने पर गंभीर चिंता जताई है। हम आपको बता दें कि ज़ेड+ श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त राहुल गांधी को एडवांस सिक्योरिटी लायज़न (ASL) टीम के साथ हर यात्रा और कार्यक्रम की पूर्व सूचना देनी होती है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कई मौकों पर लोकसभा में विपक्ष के नेता ने इस नियम का पालन नहीं किया।

सीआरपीएफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्र में कहा है कि यह लापरवाही राहुल गांधी को गंभीर जोखिम में डाल सकती है। साथ ही एक अलग पत्र राहुल गांधी को भी भेजा गया है, जिसमें उनसे भविष्य में सुरक्षा दिशानिर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया है। हम आपको बता दें कि पत्र में इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया जैसी यात्राओं का उल्लेख किया गया है। "येलो बुक" प्रोटोकॉल के अनुसार, उच्च सुरक्षा प्राप्त वीवीआईपी को विदेश यात्रा की पूर्व सूचना सुरक्षा तंत्र को देनी अनिवार्य है। ताकि वहां आवश्यक इंतज़ाम हो सकें। लेकिन आरोप है कि राहुल गांधी ने कई बार इस प्रक्रिया का पालन नहीं किया। देखा जाये तो यह मामला केवल व्यक्तिगत सुरक्षा का नहीं, बल्कि राजनीतिक संदर्भ भी रखता है। राहुल गांधी लगातार विदेश यात्राओं पर रहते हैं— कभी व्यक्तिगत, तो कभी राजनीतिक कारणों से। विपक्षी नेता होने के नाते उनके बयानों और विदेश दौरों पर केंद्रित चर्चाएँ अक्सर राष्ट्रीय राजनीति में सुर्खियां बनती हैं। ऐसे में अगर वह सुरक्षा प्रोटोकॉल की अनदेखी करते हैं, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राजनीति को सुरक्षा से ऊपर रखा जा रहा है? देखा जाये तो भारत में वीवीआईपी सुरक्षा कोई साधारण प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि वर्षों के अनुभव और खतरों के आकलन पर आधारित संरचना है। ज़ेड+ श्रेणी की सुरक्षा का अर्थ केवल व्यक्तिगत सुरक्षा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिष्ठान का दायित्व भी है। किसी भी तरह की चूक सुरक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को कमजोर करती है। वैसे यहां एक द्वंद्व सामने आता है— लोकतांत्रिक राजनीति में नेताओं को जनता से सीधा जुड़ना होता है, लेकिन बढ़ते वैश्विक आतंकवाद और राजनीतिक अस्थिरता के दौर में सुरक्षा की अनदेखी आत्मघाती साबित हो सकती है। राहुल गांधी जैसे वरिष्ठ नेता की लापरवाही न केवल उनके लिए, बल्कि सुरक्षा एजेंसियों और राजनीतिक व्यवस्था के लिए भी एक चुनौती है। बहरहाल, सुरक्षा कोई व्यक्तिगत विकल्प नहीं, बल्कि संस्थागत जिम्मेदारी है। राहुल गांधी को यह समझना होगा कि उनकी अनदेखी से वे केवल खुद को नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था को खतरे में डाल सकते हैं।

## वैष्णो देवी मंदिर तीर्थयात्रा लगातार 16वें दिन स्थगित

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर।** रियासी जिले में माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा लगातार 16वें दिन स्थगित रही, जबकि जम्मू क्षेत्र में मौसम की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। कटरा बेल्ट की त्रिकुटा पहाड़ियों में अधकुवारी में 26 अगस्त को बादल फटने से हुए भूस्खलन में 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए।यात्रा उसी दिन अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई थी। उम्मीद है कि तीर्थयात्रा के फिर से शुरू होने की घोषणा शनिवार या रविवार को की जाएगी, क्योंकि गुफा मंदिर के रास्ते पर अधिकांश मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है।

अधिकारियों ने कहा कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्रा स्थगित की गई है। उन्होंने कहा कि यात्रा को फिर से शुरू करने का निर्णय उचित समय पर लिया जाएगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कारोबार से रिलेटेड कुछ परिवर्तन कर सकतें हैं, जो आपको लॉन्ग टर्म में बेनिफिट देंगें। आज आप परिवार के साथ धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, कुछ समय बिताएंगे जिससे आपके मन को शांति मिलेगी।

**वृष :** आज का दिन आपके लिये ठीक-ठाक रहेगा। आज आप ऑफिस में नए प्रोजेक्ट को लेकर स्टाफ के साथ डिस्कशन कर सकतें हैं , आपको बेहतरीन सुझाव मिलेंगें। आज आप कोर्ट - कचहरी के मामलों में अपने दोस्त से मदद ले सकते हैं, जिससे सब जल्द ही सुलझ जायेगा।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आप पेंडिंग कार्यों को पूरा करने के साथ - साथ नए टारगेट भी बना लेंगें। आज आप दूसरों से उम्मीद करने के बजाय अपनी मेहनत और क्षमता पर विश्वास रखेंगें तो काम सुचारू रूप से बनते जाएंगे। आज आप जीवन साथी के साथ मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका आत्मविश्वास बरकार रहेगा, जिसकी वजह से आपके अधिकतर काम निपट जायेंगें। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा और आप अपने सपनों को पूरा करने में सफल रहेंगें। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए ख़ुशी से भरा रहेगा। आज आप पिता के साथ कारोबार में हांथ बटायेंगे, जिससे उन्हें ख़ुशी मिलेगी। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगें, आपका सामाजिक दायरा और आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आज आप व्यर्थ की बातों से दूर होकर, अपने काम के ऊपर पूरी तरह ध्यान देंगें।

**कन्या :** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने बिजनेस को बढ़ाने को लेकर किसी एक्सपर्ट की राय लेना आपके लिए बेहतर रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में व्यस्त रहेंगें, आपकी सामाजिक छवि अच्छी बनेगी। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे, जिनका लाभ उठाकर आप जीवन में आगे बढ़ सकतें हैं।

**तुला :** आज का दिन आपके लिए लाभदायक बना रहेगा। आज आप बिजनेस में अच्छा धन लाभ कमायेंगें और आपके व्यावसायिक रिश्ते मजबूत बनेगें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा और आपको संतान पक्ष से खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज आपके द्वारा लिए गए निर्णय सकारात्मक और फायदेमंद रहेंगे।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहने वाला है। आज आपको नौकरी में प्रमोशन मिलने की संभावना है, आपके काम से बॉस बहुत खुश होंगें। आज आप बच्चों की समस्याओं का समाधान निकालने के लिए कुछ समय उनके साथ जरूर बिताये। आज कोई भी पेपर वर्क करते समय पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज इस राशी के टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्तियों के लिए लाभ का दिन है, आपको बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आज प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं में ... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज आपके सगे - सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए ठीक - ठाक बना रहेगा। आज आप अपनी दिनचर्या में कुछ बदलाव कर सकतें हैं, जिससे आपका काम इफेक्टिव और आउटपुट देने वाला होगा। आज आप कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह भी अवश्य लें।

**कुंभ :** आज का दिन कार्यक्षेत्र में तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आज कुछ समय प्रैक्टिकल और प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ व्यतीत करने से आपके स्वभाव में भी पॉजिटिव परिवर्तन आएगा। आज आप अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन और सलाह पर उचित अमल करें।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहेगा। आज आपको नौकरी के लिए किसी मल्टीनेशनल कम्पनी से ऑफर आएगा, जिससे आपकी तरक्की की राह आसान हो जाएगी। आज आप कुछ समय एकांत अथवा आध्यात्मिक स्थल पर जरूर व्यतीत करें, इससे आपका मन शांत होगा।

## पिता-पुत्र रामदॉस बनाम अंबुमणि की लड़ाई से राजनीति में आया नया मोड़

**एजेंसी। तमिलनाडु**



तमिलनाडु की राजनीति में एक और अंतर-पारिवारिक और दलगत संकट ने उथल-पुथल मचा दी है। हम आपको बता दें कि पाटाली मक्कल कचि (PMK) के संस्थापक एस. रामादोस ने अपने ही पुत्र और पार्टी अध्यक्ष अन्बुमनी रामादोस को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। रामादोस का आरोप है कि उनका पुत्र राजनीति में "अनफिट" है और पार्टी को नुकसान पहुँचाने की कोशिश कर रहा है।देखा जाये तो यह घटना केवल राजनीतिक झगड़े तक सीमित नहीं है, बल्कि पिता-पुत्र के व्यक्तिगत संबंधों में भी तनाव को उजागर करती है। हम आपको याद दिला दें कि अगस्त में रामादोस ने आरोप लगाया था कि अन्बुमनी ने उनके फार्महाउस में बगिंग डिवाइस लगायी थी। अन्बुमनी ने इस आरोप पर चुप्पी साध रखी है और अपनी पदयात्रा जारी रखी है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पिता-पुत्र के रिश्ते में गहरी खटास है।रामादोस ने अप्रैल में खुद को पार्टी का अध्यक्ष बना लिया था और अन्बुमनी को कार्यकारी अध्यक्ष घोषित कर दिया था। इससे पिता-पुत्र के बीच संघर्ष की राह खुली और पिछले दो महीनों से यह संघर्ष सार्वजनिक रूप से दिखाई दे रहा है। रामादोस का आरोप है कि अन्बुमनी के नेतृत्व में पार्टी धीरे-धीरे भाजपा की ओर झुकी और धर्मपुरी में लगातार दो लोकसभा चुनाव हारने के बाद उन्होंने पार्टी की गठबंधन नीति पर पुनर्विचार किया। उनका मानना है कि PMK को वन्नियार समाज के उत्थान के मूल एजेंडे को कमजोर नहीं करना चाहिए और ज़रूरत पड़ने पर केवल द्रविड़ दलों के साथ गठबंधन करना चाहिए। हम आपको बता दें कि PMK की वर्तमान स्थिति यह है कि वन्नियार मतदाता में उसका प्रभाव घटता जा रहा है, फिर भी यह लगभग 5 प्रतिशत वोट बैंक पर कायम है।

## एयर इंडिया ने फ्लाइट से 200 यात्रियों को नीचे उतारा, हंगामा

**नई दिल्ली।** सिंगापुर जाने वाले एयर इंडिया के एक विमान में सवार 200 से ज़्यादा यात्रियों को बुधवार शाम दिल्ली हवाई अड्डे पर मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि उन्हें विमान से उतार दिया गया। यात्रियों को विमान के अंदर लगभग दो घंटे तक बैठाए रखा गया, उसके बाद उन्हें उतार दिया गया। बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर विमान से संचालित होने वाली उड़ान संख्या AI2380 को रात लगभग 11 बजे दिल्ली हवाई अड्डे से रवाना होना था, लेकिन इसमें देरी हो गई। यात्रियों को विमान से क्यों उतारा गया? विमान में मौजूद एक पत्रकार के अनुसार, विमान का एयर कंडीशनिंग सिस्टम और बिजली आपूर्ति खराब थी।

## भाजपा को दिया हर वोट केरल की पवित्रता खत्म कर देगा: विजयन

**एजेंसी। केरल**



केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने राज्य के लोगों से भाजपा का समर्थन करने के निहितार्थों को समझने की अपील की है और कहा है कि "भाजपा को दिया गया एक-एक वोट" राज्य की पवित्रता को नष्ट कर देगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य के प्रतिष्ठित ओणम त्योहार से जुड़ी सांस्कृतिक परंपराओं को बदलने की कोशिश कर रही है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए, मुख्यमंत्री विजयन ने उन्हें दिखाई गई एक तस्वीर पर चिंता व्यक्त की, जिसमें महाविष्णु, वामन और महाबली को इस तरह से दर्शाया गया है जिससे ओणम की पारंपरिक कथा में बदलाव का आभास होता है, जहाँ महाबली के आगमन का जश्न मनाया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों एर्नाकुलम में एक कार्यक्रम हुआ था जिसमें गृह मंत्री अमित शाह ने शिरकत की थी। पिछले हफ़्ते ओणम का जश्न बहुत धूमधाम से मनाया गया था। वे ओणम को ही बदल देंगे। ओणम के दिन, एक महत्वपूर्ण व्यक्ति मुझसे मिलने आया था। मैं नाम नहीं लूँगा। उसने मुझे अपने फ़ोन पर एक संदेश दिखाया। उसने एक तस्वीर दिखाई जिसमें महाविष्णु थे।

## डोडा में संदिग्ध धमाके से हड़कंप पुलिस-एफएसएल जांच में जुटी

**एजेंसी। जम्मू-कश्मीर**

जम्मू-कश्मीर के डोडा ज़िले में गुरुवार को एक संदिग्ध विस्फोट हुआ, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट जमाई मस्जिद के पास डुमरी मोहल्ला में हुआ। जम्मू-कश्मीर पुलिस मौके पर पहुँच गई है और जाँच जारी है। पुलिस ने विस्फोट के सिलसिले में दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मेहराज मलिक, जो जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पार्टी के एकमात्र विधायक हैं, की गिरफ्तारी के बाद डोडा ज़िले में तनाव बढ़ गया है। मलिक को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कड़े जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया था।डोडा ज़िला विकास परिषद के चुनाव में जीत हासिल कर चुके मलिक के ख़िलाफ़ एक सरकारी अधिकारी के ख़िलाफ़ कथित तौर पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। डोडा के उपायुक्त हरविंदर सिंह ने सोमवार को कहा कि नके भड़काऊ भाषणों और 'फेसबुक लाइव' का लगातार दुरुपयोग गलत सूचना फैलाने और जनता को भड़काकर सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए किया जा रहा है।

## भगवान भरोसे चल रहा बिहार, कानून-व्यवस्था हुई बर्बाद : पप्पू यादव

**नई दिल्ली।** पूर्णिया से लोकसभा सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बिहार की राजधानी पटना में हुई राजद नेता की हत्या को लेकर नीतीश सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा कि बिहार में चुनावी माहौल है, लेकिन राज्य भगवान भरोसे चल रहा है। सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने आईएएनएस से बातचीत में बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर सरकार से सवाल किया। उन्होंने कहा, "सीवान में लाली यादव की हत्या कर दी गई। एक विकलांग व्यक्ति मुन्ना (जिनके दोनों पैर काम नहीं करते थे और उनकी पत्नी भी विकलांग थीं) की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### सीबीआई की बड़ी कार्रवाई

## ईपीएफओ के आयुक्त 1.5 लाख की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के क्षेत्रीय अधिकारी को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान जगदीश तांबे के रूप में हुई, जो पश्चिमी दिल्ली में ईपीएफओ के क्षेत्रीय आयुक्त के पद पर थे। सीबीआई ने जानकारी दी कि क्षेत्रीय आयुक्त जगदीश तांबे को शिकायतकर्ता से 1.50 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सीबीआई ने 9 सितंबर को आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त ने एक व्यक्ति के खिलाफ आरडीए कार्यवाही को अनुकूल तरीके से निपटाने के लिए 3 लाख रुपए की अवैध रिश्वत की मांगी थी। बातचीत के बाद आरोपी अधिकारी ने शिकायतकर्ता से डेढ़ लाख रुपए की रिश्वत लेने पर सहमति व्यक्त की। इसी बीच, व्यक्ति ने सीबीआई को मामले की जानकारी दी। सीबीआई ने बुधवार को जाल बिछाया और आरोपी क्षेत्रीय आयुक्त को शिकायतकर्ता से 1.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। फिलहाल, सीबीआई इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। इस प्रेस विज्ञप्ति में यह भी कहा गया है कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के प्रति उसकी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### ई20 पेट्रोल | ई20 पर भ्रम फैला रही 'पेट्रोल लॉबी'! गडकरी बोले-

# 'पैसे देकर इथेनॉल मिश्रित ईंधन के विरुद्ध कराया गया दुष्प्रचार

- इथेनॉल की कम कैलोरी वैल्यू के कारण माइलेज में 2-5% तक गिरावट संभव

**एजेंसी। नई दिल्ली**




केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को पेट्रोलियम क्षेत्र पर सरकार के इथेनॉल-मिश्रित ईंधन के लिए प्रयास के खिलाफ लॉबिंग करने का आरोप लगाया और कहा कि निहित स्वार्थी तत्व इस बदलाव को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। गडकरी ने ई20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती चिंताओं पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर जगह लॉबी हैं, हित हैं... पेट्रोल लॉबी बहुत अमीर है। उनकी यह टिप्पणी नई दिल्ली में सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 65वें वार्षिक सम्मेलन में आई।

